# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• 22 अप्रैल 2025 मंगलवार • बोकारो संस्करण • वर्ष : 08 • अंक : 328 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित


**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

1760 : भारत के अंतिम मुगल सम्राट अकबर द्वितीय का जन्म।
1792 : अमेरिकी राष्ट्रपति जॉर्ज वाशिंगटन ने यूरोप के युद्ध में अमेरिकी तटस्थता की घोषणा की।
1931 : मिस्र और इराक ने शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए।
1954 : तत्कालीन सोवियत रूस यूनेस्को में शामिल हुआ।
1970 : दुनिया में पहली बार पृथ्वी दिवस मनाया गया।
1992 : मैक्सिको में हुए सीवर गैस विस्फोट में लगभग 200 लोगों की मौत।

# नक्सलियों से मुठभेड़ में एक करोड़ के इनामी समेत आठ ढेर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोकारो।** झारखंड के बोकारो जिला में सोमवार सुबह केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के कोबरा कमांडो और पुलिस के साथ मुठभेड़ में एक करोड़ के इनामी समेत आठ नक्सली मारे गए। अधिकारियों ने बताया कि जिले के लालपनिया इलाके के लुगु हिल्स में सुबह करीब 5.30 बजे मुठभेड़ शुरू हुई। 209 कमांडो बटालियन फॉर रेजोल्यूट एक्शन (कोबरा) के जवानों ने अभियान चलाया।



### ढेर किए गए नक्सलियों में एक पर एक करोड़ का था इनाम

मुठभेड़ में आठ नक्सली मारे गए। ढेर किए गए नक्सलियों में एक पर एक करोड़ का इनाम था। सुरक्षा बलों को मौके से एक एके सीरीज राइफल, तीन इंसास राइफल, एक सेल्फ लोडिंग राइफल (एसएलआर), आठ देशी बंदूकें और एक पिस्तौल मिली है। उन्होंने बताया कि सुरक्षाकर्मियों में से किसी के घायल होने की खबर नहीं है। कोबरा सीआरपीएफ की विशेष जंगल युद्ध इकाई है।

### मारे गए नक्सलियों की हुई पहचान

मारे गए लोगों में उग्रवादी केंद्रीय समिति सदस्य प्रयाग मांझी उर्फ विवेक, विशेष क्षेत्र समिति सदस्य अरविंद यादव उर्फ अविनाश, जोनल समिति सदस्य साहेबराम मांझी उर्फ राहुल मांझी, महेश मांझी उर्फ मोटा, तालु, रंजू मांझी, गंगाराम और महेश शामिल हैं। विवेक पर एक करोड़ रुपये का इनाम था, अरविंद यादव पर 25 लाख रुपये और साहेबराम मांझी पर 10 लाख रुपये का इनाम था। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने हिंसा के विभिन्न मामलों में उन पर मामला दर्ज किया था। केंद्रीय समिति माओवादी संगठन की शीर्ष निर्णय लेने वाली संस्था है।

## शहीद जवानों का बदला : डीजीपी अनुराग गुप्ता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोकारो/ रांची।** झारखंड पुलिस के लिए बड़ी चुनौती बने एक करोड़ रुपये के इनामी नक्सली विवेक को उसके दो मुख्य साथियों के साथ मुठभेड़ में मार गिराया गया। बोकारो में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में कुल आठ नक्सली मारे गए हैं। पुलिस की इस सफलता से झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता बेहद खुश हैं। डीजीपी ने कहा कि इनाम की राशि मुठभेड़ में शामिल जवानों के बीच बांटी जाएगी। डीजीपी अनुराग गुप्ता ने बताया कि लुगू जंगल में भाकपा (माओवादी) विवेक उर्फ प्रयाग मांझी (केंद्रीय कमेटी सदस्य), सहदेव सोरेन (केंद्रीय कमेटी



सदस्य) समेत 20 से 25 हथियारबंद माओवादियों के मौजूद होने की सूचना मिली थी। जिसके आधार पर 209 कोबरा, बोकारो

**■ इनाम की राशि मुठभेड़ में शामिल जवानों के बीच बांटी जाएगी**

पुलिस, झारखंड जगुआर और सीआरपीएफ द्वारा बोकारो जिले के लुगू पहाड़ी क्षेत्र में एक विशेष संयुक्त ऑपरेशन ''डाकाबेड़ा'' चलाया गया। डीजीपी ने बताया कि मुठभेड़ के दौरान अब तक 08 मृत शरीर, भारी मात्रा में हथियार और दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद की गई है। मुठभेड़ के बाद सुरक्षाबलों ने 04 इंसास, 01 एसएलआर और एक रिवॉल्वर बरामद की है। डीजीपी ने कहा कि रविवार को ही नक्सलियों के मूवमेंट की सूचना मिल गई थी, जिसके बाद सुरक्षाबलों ने एक बेहतरीन प्लान तैयार किया और इस प्लानिंग के तहत नक्सलियों को चारों तरफ से घेर लिया। सुबह करीब साढ़े पांच बजे पहली बार नक्सलियों से मुठभेड़ हुई जिसमें कोबरा के जवानों ने मोर्चा संभाला और एक करोड़ के इनामी समेत आठ को मार गिराया। गौरतलब है कि पिछले 1 महीने के दौरान झारखंड में नक्सलियों ने दो जवानों को शहीद कर दिया था, जिसके बाद से नक्सलियों के खिलाफ जोरदार अभियान चलाया जा रहा था। 8 नक्सलियों के मारे जाने के बाद डीजीपी ने इसे शहीद जवानों का बदला बताया है।

# इंजिनियरिंग में भी गोल का शानदार प्रदर्शन



ATIYA ORUJ



ROLLY KAUSHIK



AKRITI KUMARI



MINAKSHI KUMARI




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**धनबाद।** कोयलांचल में मेडिकल एवं इंजीनियरिंग की तैयारी कराने वाला भरोसमंद व विश्वसनीय संस्थान गोल के छात्रों ने इंजीनियरिंग में भी शानदार प्रदर्शन कर यह साबित कर दिखाया कि कोयलांचल में प्रतिभाओं की कमी नहीं है, बल्कि उनके ऊर्जा और क्षमता को सही दिशा निर्देश दिया जाए तो यहां के छात्र टॉपर हो रहे हैं। विदित हो कि इस बार गोल धनबाद से 12 छात्रों ने जेईई मेन के लिए भाग लिया था जिसमें 6 छात्रों को 90 परसेंटाइल से ज्यादा मार्क्स आया। छात्रों में उच्च प्रतिशत सफलता से उत्साहित गोल धनबाद के केंद्र निदेशक संजय आनंद ने बताया कि यह सफलता छात्रों, अभिभावकों एवं माता-पिता के साथ पूरे गोल टीम की है। विगत कई वर्षो से यहां के छात्र साबित करते रहे हैं कि गोल की केवल मेडिकल में ही नहीं वरण इंजीनियरिंग में भी मजबूत पकड़ है। सफल छात्रों में अपीयरिंग में नितीश कुमार 97.25 परसेंटाइल, रैंक 1231(एस.सी. कैटेगिरी), कुमार गौरव 94.95 परसेंटाइल, रैंक 2641(एस.सी. कैटेगिरी), आकृति कुमारी 95.40 एवं मिनाक्षी कुमारी - 92.29 परसेंटाइल, रौली कौशिक 90.66 परसेंटाइल, आतिया ओरूज - 89.79 परसेंटाइल। सफल छात्रों में नीतीश एवं गौरव के पिता सुशील कुमार धनबाद में आर.पी.एफ. में हेड कांस्टेबल एवं माता कविता कुशल गृहणी है। गोल इंस्टिट्यूट के फाउण्डर एवं मैनेजिंग डायरेक्टर विपीन सिंह ने सभी जेईई मेंस में सफल छात्रों को सफलता की बधाई दी एवं जेईई एडवांस में भी सफल होने के रहस्यों के साथ ही शुभकामनाएं दी।

## जेवर कारोबारी की गोली मारकर हत्या

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम(नबिटा ब्यूरो)।** रोहतास जिले के दिनारा अंतर्गत गंज भड़सरा गांव में एक ज्वेलर कारोबारी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। बताया जा रहा है कि इस वारदात में बाइक सवार बदमाशों ने कारोबारी का गहनों से भरा बैग भी छीन लिया। मृतक की पहचान प्रिंस कुमार सेठ के रूप में हुई है। मृतक के परिजनों के अनुसार वह अपनी दुकान बंद कर घर लौट रहे थे। इसी दौरान बाइक सवार बदमाशों ने उनका पीछा किया और गोली मारने के बाद गहनों का बैग छीनकर फरार हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने घायल प्रिंस को नजदीकी निजी अस्पताल में भर्ती कराय, जहां इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। रोहतास के एसपी ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि मृतक की पत्नी ने पारिवारिक विवाद की बात बताई है।

## बारातियों पर अंधाधुंध फायरिंग, तीन की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** भोजपुर जिले के अगिआंव बाजार थाना क्षेत्र के लहरपा गांव में एक शादी समारोह में पूर्व से चले आ रहे विवाद के कारण अपराधियों ने ताबड़तोड़ गोलीबारी की। इसमें तीन लोगों की मौत हो गई जबकि पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच जुट गई। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि रविवार देर रात दूल्हे की गाड़ी से साइड लेने को लेकर पहले से चल रहे विवाद ने इस समारोह में तूल पकड़ लिया। इसी दौरान गांव के कुछ अपराधियों ने फायरिंग शुरू कर दी। मरने वालों में लहरपा गांव के 23 वर्षीय लवकुश कुमार और 22 वर्षीय पुत्र राहुल कुमार शामिल हैं। वहीं घायलों में पंकज कुमार (30), अप्पू कुमार (18) और अक्षय कुशवाहा (20) समेत पांच लोग शामिल हैं। इन सभी का इलाज आरा सदर अस्पताल में चल रहा है। इलाज के दौरान अप्पू कुमार की भी मौत हो गई है। भोजपुर आईटी सेल के डीएसपी सैफ मुर्तजा ने कहा कि पूर्व के विवाद में गोलीबारी हुई। इसमें दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस सभी साक्ष्यों को एकत्रित कर रही है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस का कहना है कि यह घटना पूर्व के विवाद को लेकर हुआ है। दो साल पहले मुखिया पुत्र बबलू सिंह को गोली मारकर जख्मी किया गया था, जिसके बाद आज इस घटना को बदले के रूप में अंजाम दिए जाने की शंका है। पुलिस का कहना है कि आज जिन दो लोगों की हत्या हुई है वह पूर्व में गोली मारकर जख्मी करने के मामले में जेल जा चुके हैं। भोजपुर एसपी राज और अन्य पुलिस बल मौके पर पहुंचकर मामले की छानबीन कर रहे हैं।

# बिहार को मिलेगी अमृत भारत एक्सप्रेस और नमो भारत रैपिड रेल की सौगात

## वंदे भारत, नमो भारत और अमृत भारत का संगम बनेगा बिहार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वंदे भारत, अमृत भारत और नमो भारत रैपिड रेल को आधुनिक भारतीय रेल की त्रिवेणी कहा है। इस त्रिवेणी की दो नई रेलगाड़ियां का परिचालन बिहार से होने वाला है। बिहार में पहले से ही कई वंदे भारत एक्सप्रेस का परिचालन किया जा रहा है, जबकि एक अमृत भारत एक्सप्रेस का परिचालन पहले से दरभंगा और आनंद विहार टर्मिनल के बीच वाया अयोध्या किया जा रहा है। हाल ही में, रेलवे ने बिहार के लिए कई नई परियोजनाएं स्वीकृत की है। पर्याप्त फंड आवंटन से पुरानी परियोजनाओं के निर्माण काम में भी तेजी





आई है जिसकी बदौलत परियोजनाएं द्रुत गति से पूरी हो रही हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बिहार की ऐसी ही तीन परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित भी करने वाले हैं। नई गाड़ियों के परिचालन और नवनिर्मित परियोजनाओं के प्रारंभ होने से बिहार का रेल परिदृश्य पहले से और भी बेहतर हो जाएगा। परियोजनाओं में सुपौल-पिपरा, खगड़िया-अलौली और हसनपुर-विथान नई लाइन शामिल हैं। इन नई लाइनों पर दो पैसेंजर गाड़ियों का परिचालन भी प्रारंभ किया जाएगा। लेकिन बिहार वासियों के बीच सबसे अधिक उत्साह नमो भारत रैपिड रेल और सहरसा से लोकमान्य तिलक के बीच प्रारंभ की जा रही है अमृत भारत एक्सप्रेस के परिचालन को लेकर है। नमो भारत रैपिड रेल वंदे भारत एक्सप्रेस के साथ ही भारत की नई पहचान बनी है। कम दूरी के शहरों के बीच विश्वस्तरीय रेल सेवा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से तैयार किए गए नमो भारत रैपिड रेल ने इंटरसिटी ट्रैवल के क्षेत्र में एक नया मुकाम गढ़ा है। पहले नमो भारत रैपिड रेल का परिचालन गुजरात के अहमदाबाद और भुज के बीच किया गया और अब दूसरी नमो भारत रैपिड रेल का परिचालन जयनगर और पटना के बीच किए जाने की घोषणा की गई है।

### अमृत भारत ट्रेन की कुछ प्रमुख विशेषताएं

● Aerodynamically रूप से डिज़ाइन किए गए WAP-5 लोकोमोटिव ● पुश-पुल ऑपरेशन के लिए अंतिम दीवारों पर एमयू कंट्रोल कपलर ● जर्क फ्री सेमी परमानेंट कपलर ● सीलबंद वेस्टिब्यूल गैंगवे ● एंटी वाइब्रेशन उपायों के साथ एक्सट्रूज़न के साथ एसीपी पैनलिंग ● बेहतर और सौंदर्यपूर्ण रूप से मनभावन प्रकाश व्यवस्था ● गार्ड रूम में मॉनिटर के साथ लगेज रूम में CCTV ● दिव्यांगजन के लिए रैंप।

**उन्नत कोच बेहतर आंतरिक साज सज्जा के साथ**

● फोल्डेबल स्नैक टेबल ● उपयुक्त होल्डर के साथ मोबाइल चार्जर ● फोल्डेबल बॉटल होल्डर ● सौंदर्यपूर्ण रूप से मनभावन और एर्गोनॉमिक रूप से डिज़ाइन की गई सीट और बर्थ ● बेहतर लगेज रैक ● रेडियम रोशनी फ़्लोरिंग स्ट्रिप ● सुरक्षित यात्रा के लिए CCTV निगरानी ● Standalone पैसेंजर अनाउंसमेंट एंड पब्लिक इंफॉर्मेशन सिस्टम ● गार्ड द्वारा संचालित PA सिस्टम।

**प्रमुख विशेषताएँ :** पूरी तरह सील्ड फ्लेक्सिबल गैंगवे, मॉड्यूलर इंटीरियर, वैक्यूम निकासी के साथ शौचालय, केन्द्रीय नियंत्रित स्वचालित स्लाइडिंग दरवाजे, चालक केबिन में एसी, ऊर्जा कुशलता के लिए पुनर्योजक ब्रेकिंग प्रणाली, अंडरस्लंग प्रोपल्शन, सुरक्षा और यात्री निगरानी के लिए सीसीटीवी, मोबाइल चार्जिंग सॉकेट, सतत एलईडी प्रकाश व्यवस्था आदि।

# सीएम हेमंत सोरेन ने बार्सिलोना में देखा म्यूजियम माइंस
# एफसी बार्सिलोना की उपाध्यक्ष ने सौंपी उनके नाम की टीशर्ट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में बार्सिलोना (स्पेन) गये प्रतिनिधिमंडल ने कैटेलोनिया के संस्कृति विभाग द्वारा संचालित बार्सिलोना के गावा संग्रहालय का दौरा किया। वहीं, फुटबॉल क्लब बर्सिलोना संग्रहालय भी गये। वहां बैठक भी की। बैठक में झारखंड में भी विश्वस्तरीय खेल संरचना विकसित करने में एफसी बर्सिलोना ने सहयोग की बात कही है। सीएम ने खदानों के अंदर जाकर देखा। उन्होंने इसकी तारीफ करते हुए कहा कि सिंहभूम में वे इसी तरह का म्यूजियम माइंस बनाएंगे। एफसी बार्सिलोना की उपाध्यक्ष एलेना फोर्ट ने हेमंत सोरेन के नाम की टीशर्ट उन्हें सौंपी। प्रतिनिधिमंडल ने प्राचीन खनन तकनीकों और नवपाषाण युग के अवशेषों का संग्रहालय देखा। इस दौरे से शिक्षा और विज्ञान के लिए पुरानी खदानों




के पुनरुद्देश्यीकरण के बारे में जानकारी ली। कैटेलोनिया सरकार के संस्कृति विभाग द्वारा गावा संग्रहालय संचालित है। सीएम ने खदानों के अंदर भी जाकर देखा। उन्होंने इसकी तारीफ करते हुए कहा कि झारखंड राज्य के परिप्रेक्ष्य विशेष रूप से कोल्हान क्षेत्र में इसके महत्व ज्यादा है। वहां इसी प्रकार की खदानों को वैज्ञानिक प्रदर्शन स्थलों के साथ-साथ ज्ञान पर्यटन स्थल में भी उन्नत किया जा सकता है। सीएम हेमंत सोरेन के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल 21 अप्रैल को फुटबॉल क्लब(एफसी) बार्सिलोना संग्रहालय भी गया। बर्सिलोना के कांसुलेट जेनरल ऑफ इंडिया ने यह भ्रमण कराया। प्रतिनिधिमंडल ने एफसी बार्सिलोना का अध्ययन किया। साथ ही कैटेलोनिया में प्रमुख संस्थानों में एक प्रतिष्ठित स्पॉटिफाइ कैंप नोउ स्टेडियम के चल रहे पुनर्विकास का भी अवलोकन किया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और झारखंड के प्रतिनिधिमंडल ने एफसी बार्सिलोना की उपाध्यक्ष एलेना फोर्ट से मुलाकात की। उनसे झारखंड से खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देने, युवा प्रशिक्षण को बढ़ावा देने और खेल बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए संभावित साझेदारी पर चर्चा की। एलेना फोर्ट ने हेमंत सोरेन के नाम की टीशर्ट भी उन्हें सौंपी। सोशल मीडिया 'एक्स' पर पोस्ट करके सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि एफसी बार्सिलोना की उपाध्यक्ष एलेना फोर्ट से मिलना और सार्थक चर्चा में शामिल होना सुखद रहा। झारखंड खेलों के माध्यम से अपने युवाओं को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। हम प्रतिभाओं को पोषित करने, प्रशिक्षण बढ़ाने और विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचा विकसित करने के लिए इस साझेदारी में अपार संभावनाएं देखते हैं। एफसी बार्सिलोना के साथ सहयोग के नये रास्ते तलाशने के अवसर के लिए आभारी हूं।


FOR REGISTRATION : ISO, TRADE MARK, PATENT
DESIGN AND COPYRIGHT, ATTORNEY
GLOBAL VISION
(A Complete Solution in Professional Services)
: Regd. Office/ Head Office :
Manaitand, Near Water Tank
Dhanbad, Jharkhand- 826001
Command Office : Jagat Trade Centre, Patna
Contact No.- 9835333441, 8210823092
E-Mail : globalvision96@yahoo.in

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे नमो भारत रैपिड ट्रेन का उद्घाटन

**समस्तीपुर के रास्ते जयनगर से पटना के बीच चलेगी, रेलवे प्रशासन ने जारी किया टाइम टेबल**



**समस्तीपुर, एजेंसी।** बिहार की पहली नमो भारत रैपिड ट्रेन समस्तीपुर के रास्ते जयनगर से पटना तक चलेगी। इस ट्रेन का उद्घाटन 24 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मधुबनी से करेंगे। कार्यक्रम को लेकर रेलवे प्रशासन ने पूरी तैयारी कर ली है। टाइम टेबल भी जारी कर दिया गया है। डीआरएम विनय श्रीवास्तव ने बताया कि ट्रेन 24 अप्रैल को जयनगर से सुबह 11:40 बजे खुलेगी। दोपहर 12:25 बजे मधुबनी पहुंचेगी। 12:55 बजे सकरी, 13:40 पर दरभंगा और 15:00 बजे समस्तीपुर पहुंचेगी। समस्तीपुर से ट्रेन बरौनी 16:15 बजे, मोकामा 17:15 और पटना शाम के 18:30 बजे पहुंचेगी। सप्ताह में 6 दिन ट्रेन चलेगी। जयनगर से पटना तक 4 घंटा 50 मिनट में अपना सफर पूरा करेगी।

## सहरसा लोकमान्य तिलक के लिए भी शुरू होगी अमृत भारत ट्रेन

डीआरएम ने बताया कि मेट्रो की तरह इस ट्रेन की बोगी होगी। आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा। इसके अलावा 24 अप्रैल से समस्तीपुर रेलवे मंडल के सहरसा लोकमान्य तिलक के बीच भी अमृत भारत ट्रेन का परिचालन शुरू होगा। यह ट्रेन सहरसा से सुबह 11:40 में खुलेगी और समस्तीपुर 15:00 बजे पहुंचेगी। समस्तीपुर से खुलकर मुजफ्फरपुर पटना दानापुर होते हुए अगले दिन यानी 25 अप्रैल को रात के 23:30 बजे लोकमान्य तिलक पहुंचेगी।

यह कंपलीट नॉन एसी ट्रेन होगी। इस ट्रेन में 11 सामान्य कोच, आठ स्लीपर कोच, एक पेंट्री कार के अलावा 2 दिव्यांग कोच होंगे। जिसमें लगेज वान व गार्ड वान शामिल होंगे। समस्तीपुर रेलवे मंडल के सहरसा-अलौली के बीच हुई रेलवे लाइन काफी पहले बनकर तैयार है। लंबे समय से लोग ट्रेन सेवा शुरू करने की मांग कर रहे थे। अलौली और सहरसा के बीच सवारी ट्रेन सेवा शुरू की जा रही है। यह ट्रेन अलौली से सुबह 11:40 बजे खुलेगी और सहरसा दोपहर 14:10 बजे पहुंचेगी।

## बिथान-समस्तीपुर के बीच भी शुरू होगी ट्रेन का परिचालन

डीआरएम के मुताबिक समस्तीपुर रेलवे मंडल के बिथान समस्तीपुर के बीच भी ट्रेन सेवा शुरू की जाएगी।? बिथान से यह ट्रेन सुबह 11:40 बजे खुलेगी। हसनपुर, रुसेरा घाट, नरहन अंगार घाट भगवानपुर देसुआ होते हुए दोपहर 13:50 बजे समस्तीपुर पहुंचेगी। बता दें कि करीब 1 वर्ष पूर्व हसनपुर से बिथान रेलवे लाइन बनकर तैयार हुआ था। सीआरएस ने ट्रेन चलाने को लेकर अनुमति भी प्रदान की थी, लेकिन अब तक ट्रेन सेवा शुरू नहीं हो पाई थी।



# पूर्णिया के पॉलिटेक्निक कॉलेज में सोख्ता में गिरा मासूम, मौत

**पूर्णिया, एजेंसी।** पूर्णिया के हाट थाना क्षेत्र में पानी के सोख्ता में गिरने से एक बच्चे की मौत हो गई। घंटों मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाला गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए जीएमसीएच भेज दिया गया है। खेलने के दौरान हादसा हुआ है। घटना राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज कैंपस की है।

मृतक की पहचान सिपाही टोला माता स्थान निवासी सूरज मेहतर के पुत्र संतोष कुमार( 5 ) के तौर पर हुई है। परिजनों ने बताया कि लापरवाही से बच्चे की मौत हुई है। सूरज कॉलेज परिसर में सफाई का काम करते हैं। रविवार दोपहर करीब 2 बजे बेटे संतोष कुमार और बेटी संतोषी कुमारी के साथ सफाई करने के लिए कॉलेज पहुंचा था। कैंटीन के पास ही पानी का बड़ा सोख्ता है। जिसका ढक्कन खुला हुआ था। खेल-खेल में बच्चा पानी से भरे सोख्ते में डूब गया। बहन संतोषी ने गार्ड को घटना की जानकारी दी थी, लेकिन उसने इसे गंभीरता से नहीं लिया। उसके बाद अपने पिता के पास पहुंची। काफी मशक्कत के बाद उसे बाहर निकाला गया। आनन-फानन में अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

## गार्ड ने लापरवाही बरती है

मृतक की मां दुखनी देनी ने बताया कि अगर सोख्ते का ढक्कन खुला नहीं होता तो आज बेटा जिंद होता। ये बड़ी लापरवाही है। गार्ड ने भी बच्चे की डूबने की बात को गंभीरता से नहीं लिया।

## आवेदन के आधार पर कार्रवाई की जाएगी

वहीं, के. हाट थानाध्यक्ष उदय कुमार ने बताया कि पॉलिटेक्निक कॉलेज परिसर में बच्चे की डूबने की सूचना मिली थी। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। अभी तक परिजनों की ओर से कोई आवेदन नहीं दिया गया है। आवेदन मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# भाई ने दूसरे भाई को चाकू से गोद की हत्या:बेतिया में पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

**परिजन बोले-दिमाग का चल रहा इलाज**



**बेतिया, एजेंसी।** बेतिया में एक युवक ने अपने ही सगे भाई को चाकू गोद कर हत्या कर दिया है। घटना नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत नौरंगाबाद की है। जहां रविवार की रात युवक ने घटना को अंजाम दिया है। हालांकि सूचना पर पहुंची पुलिस आरोपी युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। मृतक की पहचान नौरंगाबाद निवासी हरिशंकर प्रसाद के बेटे साहिल कुमार( 18 ) के रूप में हुई है। वहीं आरोपी की पहचान प्रदीप कुमार के रूप में हुई है। मृतक के परिजनों ने बताया कि आरोपी युवक मानसिक रूप से विक्षिप्त है और उसकी इलाज चल रहा है।

## जांच में जुटी एफएसएल की टीम

सदर एसडीपीओ- वन विवेक दीप ने बताया कि सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है। आरोपी युवक को हिरासत में लिया गया है। परिजनों के आवेदन पर एफआईआर दर्ज कर अग्रसर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि घटनास्थल पर एफएसएल की टीम भी पहुंच कर जांच की है।

## चाकू से हमला कर की हत्या

नगर थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि मृतक साहिल के भाई प्रदीप कुमार ने ही घटना को अंजाम दिया है। पुलिस को मृतक के परिजनों ने बताया कि प्रदीप कुमार का मानसिक संतुलन ठीक नहीं था, उसका इलाज चल रहा है। रविवार को अचानक प्रदीप ने किसी बात को लेकर अपने भाई साहिल पर चाकू से वॉर कर दिया। जिससे साहिल की मौके पर ही मौत हो गई, हालांकि सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी भाई को गिरफ्तार कर लिया है, फॉरेंसिक की टीम के द्वारा साक्ष्य संकलन कर हत्या में प्रयुक्त चाकू को भी जब्त कर लिया गया है, इसके साथ ही मामले की जांच शुरू कर दी गई है।



# रक्सौल में अगलगी से 10 घर जलकर राख:पीड़ित की बेटी की सगाई वाले दिन ही हादसा

**रक्सौल, एजेंसी।** मोतिहारी के रक्सौल थाना क्षेत्र के सिसवा गांव में रविवार की देर मच्छरों से बचाव के लिए पशुओं के पास किए गए धुएं से एक घर में आग लग गई। आग ने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया और करीब 7 घरों को अपनी चपेट में ले लिया। वहीं आग को फैलता देख ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास किया। घटना की सूचना मिलने के बाद तीन दमकल गाड़ियों की मदद से सुबह 3 बजे आग पर काबू पाया गया। इस हादसे में सिकंदर राय, धुरेन्द्र राय, वीरेंद्र राय, शिवजी राय, राजा राय, सुरेंद्र राय, मोफिल राय और गुड्डू राय के घर जलकर राख हो गए। चार भैंस और तीन बकरियों की भी जलकर मौत हो गई। घटना का सबसे दुखद पहलू यह रहा कि सिकंदर राय की बेटी की उसी दिन सगाई थी। सगाई के लिए रखे कपड़े, गहने और नगद रुपये सहित सारा सामान जलकर नष्ट हो गया।

## क्षति का आकलन कर दिया जाएगा मुआवजा

अंचलाधिकारी ने बताया कि घटनास्थल पर एक कर्मचारी को भेजा गया है। नुकसान का आकलन कर सहायता प्रक्रिया शुरू की जाएगी। गांव में मातम का माहौल है और पीड़ित परिवार प्रशासनिक मदद की उम्मीद कर रहे हैं।

# राजगीर में नया हॉकी स्टेडियम इस महीने हो जाएगा तैयार

**अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताएं होंगी, सिंथेटिक टर्फ-डिजिटल स्कोरबोर्ड की भी सुविधा**

**नालंदा, एजेंसी।** राजगीर का स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बिहार के खेल मानचित्र पर तेजी से अपनी पहचान बना रहा है। राजगीर खेल विश्वविद्यालय परिसर में एक और मॉडर्न हॉकी स्टेडियम का निर्माण पूरा होने के कगार पर है, जिससे न केवल प्रशिक्षण सुविधाओं में वृद्धि होगी बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के आयोजन का मार्ग भी प्रशस्त होंगे।

बिहार खेल अकादमी के सहायक निदेशक मिथिलेश कुमार ने बताया कि नवनिर्मित हॉकी स्टेडियम अप्रैल माह के अंत तक पूर्णतः तैयार हो जाएगा। इसमें अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार सिंथेटिक टर्फ लगाया गया है, जो खिलाड़ियों को विश्वस्तरीय अनुभव प्रदान करेगा।

स्टेडियम में आधुनिक फ्लडलाइट्स और डिजिटल स्कोरबोर्ड की सुविधा भी उपलब्ध है, जिससे रात्रिकालीन प्रशिक्षण और मैचों का लाइव प्रसारण संभव हो सकेगा।

उल्लेखनीय है कि राजगीर में पहले से ही एक ओलंपिक आकार का हॉकी स्टेडियम मौजूद है, जहां पिछले वर्ष विमेंस एशियन हॉकी चैंपियंस टूर्नामेंट का सफल आयोजन किया गया था। इसी वर्ष अगस्त में यहां हॉकी विश्व कप के आयोजन का प्रस्ताव भी है।




## बहुआयामी खेल परिसर

राजगीर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स अब विभिन्न खेलों का एक समग्र केंद्र बनता जा रहा है। यहां हॉकी के अलावा क्रिकेट, फुटबॉल, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, टेनिस, एथलेटिक्स, तलवारबाजी, भारोत्तोलन, रग्बी, कुश्ती, तीरंदाजी, ताइक्कांडो, जूडो, कबड्डी, टेबल टेनिस और तैराकी जैसी अनेक खेल विधाओं के लिए प्रशिक्षण केंद्र और आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं।

कुमार ने बताया हमारा उद्देश्य युवाओं को हर प्रकार के खेल में अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर प्रदान करना है। राजगीर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स ने पिछले कुछ वर्षों में तेजी से विकास किया है और अब हम बिहार को खेलों के क्षेत्र में अग्रणी राज्यों की सूची में शामिल करने की दिशा में अग्रसर हैं।

# राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने वक्फ कानून का किया समर्थन

**पटना, एजेंसी।** वक्फ कानून इस वक्त देश भर में चर्चा का विषय बना हुआ है। यह मामला अब सुप्रीम कोर्ट की दहलीज तक पहुंच चुका है। इस बीच बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने वक्फ कानून का समर्थन किया है। पटना में एक कार्यक्रम में मौजूद आरिफ मोहम्मद खान ने सवाल उठाते हुए कहा कि वक्फ अगर कमजोर और गरीब की मदद के लिए नहीं है तो फिर किस लिए है।

बिहार के गवर्नर आरिफ मोहम्मद खान ने कहा, 'कोई मुझे बताएगा क्या कि वक्फ की जमीन पर पटना में कोई अस्पताल, कोई यतीमखाना, कोई चैरिटी संगठन है जिसे वक्फ वाले चला रहे हों। हां, आपको वक्फ की जमीन पर बड़े-बड़े मॉल मिलेंगे। आपको वक्फ की जमीन पर बड़े-बड़े रिहायशी फ्लैट मिलेंगे, बाजार मिलेंगे और कमर्शियल बिल्डिंग मिलेंगे। वक्फ का मकसद तो था गरीब और कमजोर का मदद करना। अगर इस वक्फ की प्रॉपर्टी का सही इस्तेमाल हो जाता तो क्या आपको इसकी जरुरत रहती कि बच्चों के दाखिले के लिए दरवाजे खटखटाने पड़ते।'



## असदुद्दीन ओवैसी पर क्या बोले राज्यपाल

बता दें कि एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी लगातार वक्फ कानून का विरोध कर रहे हैं। राज्यपाल ने असदुद्दीन ओवैसी पर भी अपनी बात रखी है। आरिफ मोहम्मद खान से जब पत्रकारों ने पूछा कि ओवैसी कह रहे हैं कि इसके जरिए हमारे घर और मस्जिद छीने जा रहे हैं? इसपर राज्यपाल ने पत्रकारों से कहा, 'बात असल में यह है कि आपको हर वक्त तलाश है उस आदमी की जो कुत्ते को काटे, मैं उसको इग्नोर करता हूं। मैं इस बात का जवाब नहीं देना चाहता।'

राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान पटना के बापू सभागार में मिल्लत बचाओ, मुल्क बचाओ कॉन्फ्रेंस में पहुंचे थे। राज्यपाल ने कहा कि मांगने वाले हमेशा कमजोर हाते है, इसलिए हमेशा देने वाला बनना चाहिए। जिनके पास देने के लिए था उन्होंने नहीं दिया। इसी वजह से वक्फ संशोधन कानून लाना पड़ा है। आरिफ मोहम्मद खान ने कहा कि अगर वक्फ गरीब लोगों की मदद करता तो इसकी जरुरत नहीं थी लेकिन वक्फ ने एक स्कूल तक नहीं खोला।

# फिलहाल बारिश की संभावना नहीं

# गया में 40 डिग्री के करीब पहुंचा अधिकतम तापमान: गर्मी और गर्म हवा से बढ़ी परेशानी



**गया, एजेंसी।** गया में मौसम का मिजाज बदल गया है। 10 दिन की राहत के बाद एक बार गर्मी का असर बढ़ने लगा है। रविवार को जिले में अधिकतम पारा 40 डिग्री सेल्सियस के करीब रिकॉर्ड किया गया है। भीषण गर्मी और गर्म हवा से लोगों का हाल बेहाल है। बीते दिन बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी और पुरवैया हवा की वजह से थोड़ी राहत मिली थी। अब पछुआ हवा ने फिर से लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। पिछले 24 घंटे के दौरान जिले का अधिकतम तापमान 39.9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। जो बीते 15 दिनों में सबसे ज्यादा रहा। जबकि न्यूनतम पारा 24 डिग्री रहा।

## 10 दिन बाद फिर बढ़ी गर्मी

सुबह की नमी 69 फीसदी और शाम तक घटकर 38 फीसदी रह गई है। यानी हवा शुष्क हो गई है। जिससे गर्मी का प्रभाव तेजी से बढ़ा है। इससे पहले 6 अप्रैल को 40 डिग्री रिकॉर्ड किया था। 10 अप्रैल को आंधी-बारिश के बाद गर्मी का प्रकोप कम हुआ था। मौसम वैज्ञानिक एसके पटेल के मुताबिक अभी बारिश की कोई संभावना नहीं है। सुबह-शाम थोड़ी राहत जरूर मिलेगी, लेकिन दोपहर के समय तेज धूप लोगों को परेशान करेगी। प्री-मानसून गतिविधियां फिलहाल थम गई है। फिलहाल राहत की उम्मीद नहीं है। अगले दो दिन बाद पारा और चढ़ सकता है। गर्मी से बचाव जरूरी है। घर से बाहर निकलने समय सावधानी बरतें।

## 24 और 25 अप्रैल को लू चल सकता

मौसम विज्ञान केंद्र ने बताया है कि %24 और 25 अप्रैल को राज्य के कई जिलों में लू की स्थिति बन सकती है। इसका असर गया में भी देखने को मिलेगा। 'हॉट डे' जैसी स्थिति देखने को मिल सकती है।

## लू से सतर्क रहने की अपील

तेज धूप के कारण गर्मी अधिक महसूस की जाएगी। मौसम विज्ञान केंद्र ने लोगों को लू से बचने के लिए दोपहर के समय बाहर निकलने से परहेज करने और पर्याप्त मात्रा में पानी पीने की सलाह दी है। आने वाले दिनों में मौसम की यह तपिश जनजीवन को प्रभावित कर सकती है।

# बिहार में सीएम पद खाली नहीं: मंत्री संतोष सिंह

**कैमूर, एजेंसी।** बिहार के श्रम संसाधन मंत्री संतोष सिंह ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की बिहार यात्रा को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि बिहार में खड़गे की यात्रा का कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। मंत्री ने कहा कि बिहार में मुख्यमंत्री पद खाली नहीं है। 2025 में होने वाले विधानसभा चुनाव तक कई नेता आएंगे और जाएंगे। उन्होंने कांग्रेस पर संविधान विरोधी होने का आरोप लगाया। संतोष सिंह ने कहा कि



कांग्रेस ने इमरजेंसी लगाकर संविधान में कई बार संशोधन किए। जब भी संविधान में बदलाव हुआ, वह कांग्रेस के समय में ही हुआ। उन्होंने 2025 के विधानसभा चुनाव को लेकर दावा किया कि एनडीए प्रचंड बहुमत से जीत हासिल करेगी। आगे कहा कि खड़गे साहब सहित कई लोग बिहार में आएंगे और जाएंगे इससे हृष्ठ को कोई फर्क नहीं पड़ेगा। बिहार में एनडीए की सरकार 2025 में सरकार बन रही है। वहीं उन्होंने दावा किया कि एनडीए इस बार 225 का आंकड़ा पार करेगी।

# रेल संपत्ति चुराते चार लोगों को आरपीएफ ने पकड़ा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सीवान।** रेलवे सुरक्षा बल के प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार सिन्हा के नेतृत्व में टास्क टीम ने रविवार की देर शाम सीवान मालगोदाम यार्ड से रेल संपत्ति को चुराकर ठेला से ले जा रहे चार व्यक्तियों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया। आरपीएफ ने मौके से ठेला सहित तीन पीस रेलवे के लोहे के एंगेल व एक पीस चैनल को बरामद किया। गिरफ्तार अपराधियों में उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जनपद के तरैया सुजान थाने राम भरोसा सिंह का पुत्र बबलू कुमार, सीवान सराय थाने के सिसवन ढाला निवासी हाजी मोहम्मद का पुत्र शमसुद्दीन अंसारी,नगर थाने के स्टेशन रोड़ सिसवान ढाला हरिजन बस्ती



निवासी स्वर्गीय भूखल राम का पुत्र सूरज कुमार राम,स्टेशन रोड़ सिसवान ढाला हरिजन बस्ती निवासी स्वर्गीय भूखल राम का पुत्र टिंकू राम एवं कबाड़ी दुकानदार गोपालगंज जिले के बैकुंठपुर थाने के दिघवा दुबौली दसरथ प्रसाद का पुत्र अखिलेश कुमार सोनी शामिल है। आरपीएफ निरीक्षक राजेश कुमार सिन्हा ने बताया कि रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट सीवान एवं टास्क टीम वाराणसी मण्डल द्वारा आपराधिक निगरानी के दौरान रेलवे स्टेशन सीवान मालगोदाम यार्ड से तीन पीस रेलवे के लोहे के एंगेल व एक पीस चैनल को ठेला पर चोरी कर ले जा रहे चार लोगों को पकड़ा गया। चारों अपराधियों की निशानदेही पर कबाड़

**आरपीएफ ने चोरी का समान खरीदने वाले कबाड़ी दुकानदार को भी किया गिरफ्तार**

दुकानदार अखिलेश कुमार सोनी को चोरी माल रेल संपत्ति प्राप्त किए गए नकद 19,500 रुपए के साथ गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि रेल क्षेत्र में पड़े लोहे को चुराकर चारों व्यक्तियों द्वारा कबाड़ी की दुकान पर बेचा जाता था। बरामद लोहे की कीमत लगभग के 15 हजार रुपए है। छापेमारी में उप निरीक्षक जयेन्द्र कुमार मिश्रा, सउनि शैलेन्द्र कुमार पाण्डेय, परमेन्द्र राय, धर्म प्रकश मिश्रा, देवेंद्र गुप्ता, विनोद कुमार वर्मा, विजय कुमार यादव एवं नागेंद्र यादव शामिल थे।

## थाना में तैनात एएसआई ने की खुदकुशी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** जहानाबाद जिले के प्रखण्ड के बराबर पर्यटन थाना में तैनात एएसआई परमेश्वर पासवान ने फांसी लगा कर खुदकुशी कर ली है। सोमवार की शाम प्रखण्ड के बराबर पर्यटन थाना से दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। जहां थाना में तैनात एएसआई परमेश्वर पासवान अपने कमरे में पंखे में फांसी लगाकर खुदकुशी करने का मामला सामने आया है वहीं परमेश्वर पासवान द्वारा फांसी क्यों लगाया गया इसका अब तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं किया गया है। हालांकि घटना की सूचना मिलते ही जिले से वरीय पदाधिकारी घटना स्थल पर पहुंचकर पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रहे हैं।

# इवेल्युएशन सेंटर में लगी आग, 10वीं बोर्ड की 800 से ज्यादा कॉपियां जल कर राख

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दुमका।** झारखंड के दुमका में बोर्ड एग्जाम इवेल्युएशन सेंटर में 18 अप्रैल की देर रात आग लग गई। इस आग में झारखंड बोर्ड 10वीं की परीक्षा की 800 से ज्यादा आंसर शीट जल गईं। इनमें से 200 से 250 कॉपियां पूरी तरह जल कर राख हो गईं, जबकि बाकियों का कुछ-कुछ हिस्सा जल गया। ये घटना श्री रामकृष्ण आश्रम इंटर कॉलेज में हुई। जानकारी के अनुसार, आग में जलीं ज्यादातर कॉपियां चेक की जा चुकी थीं। जो कॉपियां अभी चेक की जानी बाकी हैं, वे दूसरे कमरे में सुरक्षित हैं। यानी इस दुर्घटना का मूल्यांकन और



रिजल्ट पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा। डिस्ट्रिक्ट एजुकेशन ऑफिसर भूतनाथ राजवर ने बताया कि दुमका में कुल 4 इवेल्युएशन सेंटर हैं। रात लगभग 2 बजे श्री रामकृष्ण आश्रम इंटर कॉलेज में आग लगी। ऑन-ड्यूटी गार्ड ने सेंटर डायरेक्टर और एक्टिंग प्रिंसिपल प्रियंका कुमारी को इसकी जानकारी दी। प्रिंसिपल ने ही पुलिस को खबर की।

दमकल विभाग ने मौके पर पहुंचकर आग को बढ़ने से रोक दिया। इससे ज्यादा कॉपियां जलने से बच गईं। इस संबंध में एक शिकायत दर्ज कर दी गई है, जिसके बाद आग लगने के कारण की जांच की जा रही है। झारखंड बोर्ड 10वीं-12वीं की बोर्ड परीक्षाएं इस साल 6 फरवरी से 26 फरवरी तक आयोजित की गई हैं। 10वीं की परीक्षा में 4.2 लाख और 12वीं की परीक्षा में 4.3 लाख स्टूडेंट्स शामिल हुए हैं। परीक्षा के रिजल्ट अप्रैल के आखिर तक जारी किए जा सकते हैं। स्टूडेंट्स ऑफिशियल वेबसाइट पर अपना रिजल्ट चेक कर सकेंगे।

# झारखंड में चौकीदार के 328 पदों पर भर्ती 10वीं पास युवाओं के लिए शानदार अवसर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दुमका।** झारखंड के युवाओं के लिए सरकारी नौकरी की राह एक बार फिर खुल गई है। झारखंड गृह विभाग, सह जिला दंडाधिकारी, दुमका की ओर से चौकीदार पद के लिए कुल 328 रिक्तियों पर भर्ती का ऐलान किया गया है। इनमें 246 पद सीधी भर्ती के तहत जबकि 82 पद बैकलॉग के अंतर्गत भरे जाएंगे। इस भर्ती से संबंधित आधिकारिक नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है। उम्मीदवार का किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10वीं पास होना अनिवार्य है। इसके साथ ही उसे साइकिल चलाना आना चाहिए और वह संबंधित बीट क्षेत्र का स्थायी निवासी होना चाहिए।

आयु सीमा सामान्य वर्ग के लिए अधिकतम 35 वर्ष, पिछड़ा/अत्यंत पिछड़ा वर्ग: अधिकतम 37 वर्ष, महिला उम्मीदवार (सभी वर्ग): अधिकतम 38 वर्ष, दिव्यांगजन (सभी वर्ग): अधिकतम 47 वर्ष, न्यूनतम आयु सभी के लिए 18 वर्ष निर्धारित की गई है।

शारीरिक योग्यता में पुरुषों के लिए हाइट: सामान्य/ओबीसी -160 सेमी, एससी/एसटी -155 सेमी। महिलाओं के लिए हाइट न्यूनतम 148 सेमी होनी चाहिए। पुरुषों को 1 किमी की दौड़ 5 मिनट या उससे कम में पूरी करनी होगी, महिलाओं के लिए समय 8 मिनट निर्धारित किया गया है। इस दौड़ के आधार पर अंक दिए जाएंगे।

नियुक्त उम्मीदवारों को पे मैट्रिक्स लेवल-1 के अनुसार 5,200 - 20,200 का मासिक वेतन मिलेगा, जिसमें ग्रेड पे 1,800 शामिल है। इसके अतिरिक्त, नियमानुसार अन्य भत्तों का भी लाभ दिया जाएगा।

उम्मीदवारों का चयन लिखित परीक्षा, शारीरिक परीक्षा, मेरिट लिस्ट, और मेडिकल टेस्ट के आधार पर किया जाएगा। इच्छुक उम्मीदवार dumka.nic.in वेबसाइट पर जाकर नोटिफिकेशन पढ़ सकते हैं। सरकारी नौकरी की इस पहल को युवाओं के लिए एक सशक्त अवसर माना जा रहा है, जो उनके भविष्य को स्थिर और सुरक्षित बना सकती है।

# पुत्र ने मां और पिता की जमकर की पिटाई, पिता की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सीवान।** आंदर थाना क्षेत्र के भवराजपुर गांव मे रविवार की रात शराब के नशे में धुत बेटे ने अपने मां और पिता को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जिसमें पिता की मौत हो गई, वहीं मां गंभीर रूप से घायल हो गई है। मृतक की पहचान 65 वर्षीय हदीस अंसारी के रूप में की गई जबकि घायल 60 वर्षीय हदीसन खातून है। रिश्ते में मृतक और घायल पति पत्नी हैं। घटना के संबंध में बताया जाता है कि हदीस अंसारी के बड़े पुत्र किताबुद्दीन हमेशा शराब के नशे में रहता है और रविवार की संध्या भी वह शराब पीने के लिए आपने पिता से रुपए की मांग कर रहा था जिसके बाद उन्होंने रुपए नहीं दी फिर वह चला गया। देर रात्रि शराब के नशे में धुत होकर आया इसके बाद बाइक के संबंध में अपने पिता से पूछताछ करने लगा। हदीस अंसार ने कहा कि बाइक छोटा पुत्र लेकर गया है। जिस पर वह आग बबूला हो गया और अपने पिता को मारने पीटने लगा है। मारपीट व हदीश की शोरगुल सुन उसकी मां हदीशन खातून बीच बचाव करने गई। जहां उसे भी उसने मारपीट कर घायल कर दिया। मारपीट की स्थिति भयावह देख किसी ने इसकी सूचना डायल 112 को दी। जहां डायल 112 की टीम भवराजपुर



गांव पहुंची। इसके बाद गंभीर रूप से घायल हदीस अंसारी और उनकी पत्नी हदीशन को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आंदर में इलाज के लिए भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने हदीश अंसारी को मृत घोषित कर दिया जबकि घायल हदीशन खातून की स्थिति गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने सदर अस्पताल रेफर कर दिया जहां उसका इलाज चल रहा है। इधर हदीस मियां की मौत की सूचना जैसे ही परिजनों को लगी की परिजन दहाड़ मार कर रोने लगे।

# रामगढ़ में अवैध कोयला खदान में लगी आग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रामगढ़ (झारखंड)।** रामगढ़ जिले के रजरप्पा थाना क्षेत्र के भूचुगडिह के पास बने अवैध कोयला खदान में सोमवार को भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और वहां भयावह स्थिति बन गई। बता दें कि उक्त स्थल पर अवैध रूप से खनन कर कोयला निकाला जाता है। इस बीच संचालित सभी अवैध खदान में आग लग गई है वहीं, आग और धुएं की चपेटे में आने से पेड़ पौधे को भी नुकसान हुआ है। अवैध कोयला खदान के सीम से लगातार धुएं का गुब्बार निकल रहा है। आग लगने का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं है।



रजरप्पा थाना प्रभारी नवीन कुमार की पहल पर फायरब्रिग्रेड टीम को सूचना दी गई। उन्होंने बताया कि घटनास्थल पर चार फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंचकर आग को बुझाने के प्रयास में जुट गई। अब तक 80 प्रतिशत आग पर काबू पा लिया गया है। मौके पर वनविभाग के कर्मचारी भी मौजूद हैं।

## एक नजर

### डॉ. रोहित कुमार बने भासा के महासचिव



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मांझी (सारण)।** मांझी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. रोहित कुमार को बिहार स्वास्थ्य सेवा संघ (भासा) का नया महासचिव चुना गया है। यह चयन पटना के आईएमए भवन में आयोजित संघ की सामान्य निकाय बैठक में किया गया।उनकी इस नियुक्ति से चिकित्सा जगत में सारण जिले का नाम रोशन हुआ है। डॉ. रोहित कुमार लंबे समय से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाने के लिए कार्य कर रहे हैं। उनके कुशल मार्गदर्शन में सीएचसी को तीन बार 'कायाकल्प पुरस्कार' से नवाजा जा चुका है। भासा, बिहार के सरकारी चिकित्सकों की प्रमुख संस्था है, जो चिकित्सकों के अधिकारों, समस्याओं और सेवा शर्तों को लेकर निरंतर सक्रिय रहती है। महासचिव जैसे महत्वपूर्ण पद पर डॉ. रोहित का चयन जिले के लिए गर्व की बात मानी जा रही है।

स्थानीय जनप्रतिनिधियों, चिकित्सकों, स्वास्थ्यकर्मियों, मीडिया कर्मियों व आमजनों ने उन्हें बधाई दी है। रविवार शाम से ही उन्हें बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। लोगों को उम्मीद है कि उनके नेतृत्व में संघ और अधिक मजबूत होगा और चिकित्सकों की आवाज बुलंद होगी। डॉ. रोहित ने भी विश्वास दिलाया है कि वे अपने नए दायित्व को पूर्ण निष्ठा व समर्पण भाव से निभाएंगे साथ ही स्वास्थ्य व्यवस्था को और बेहतर बनाने का प्रयास करेंगे।

### 'मशाल' प्रतियोगिता से लेकर स्मार्ट मीटर तक लिए गए अहम निर्णय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**छपरा (सारण)।** जिलाधिकारी अमन समीर की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय सभागार में साप्ताहिक समन्वय बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में राज्यस्तरीय निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा करते हुए विभिन्न विभागों से संबंधित महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। विधि-व्यवस्था के तहत डीएम ने अनुमंडल पदाधिकारियों को निरोधात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने और सीसीए के अंतर्गत प्रस्ताव शीघ्र भेजने को कहा। शस्त्र अनुज्ञप्तियों का सत्यापन कार्य तेजी से पूरा करने का निर्देश दिया गया। डोरीगंज और यातायात थाना भवन के लिए भूमि चिन्हित कर प्रस्ताव भेजने की प्रक्रिया प्रारंभ करने को कहा गया। मद्यनिषेध से संबंधित मामलों में जब्त वाहनों की नीलामी और शराब विनष्टीकरण की प्रक्रिया समयबद्ध रूप से पूरी करने का निर्देश दिया गया। परिवहन योजना के तहत लाभुकों से वाहन क्रय सुनिश्चित कराने एवं सभी बस स्टॉप का निर्माण समय से पूरा कराने को भी कहा गया। सड़क सुरक्षा के तहत हेलमेट जांच अभियान को लगातार जारी रखने एवं अवैध खनन के विरुद्ध सख्त छापेमारी के निर्देश दिए गए। बैठक में यह भी जानकारी दी गई कि 'मशाल' नामक विद्यालय स्तरीय खेल प्रतिभा खोज प्रतियोगिता 25 से 27 अप्रैल के बीच आयोजित की जाएगी। इसके बाद मई माह में सीआरसी स्तर पर प्रतियोगिताएं कराई जाएंगी।

### बंगाल हिंसा के विरोध में विहिप व बजरंग दल का प्रदर्शन, राष्ट्रपति शासन की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**छपरा (सारण)।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में हिंदू समुदाय पर कथित हमलों के विरोध में विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल की छपरा इकाई ने सोमवार को जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने इन घटनाओं को राष्ट्र की एकता और सामाजिक सौहार्द के लिए गंभीर खतरा बताया। बजरंग दल के जिला संयोजक अनुज कुमार ने आरोप लगाया कि 11 अप्रैल को बंगाल में हुए प्रदर्शन के दौरान सुनियोजित रूप से कई हिंदू घरों और दुकानों को आग के हवाले कर दिया गया। सैकड़ों लोग घायल हुए तथा तीन लोगों की हत्या कर दी गई। उन्होंने कहा कि यह हमला एक पूर्व नियोजित साजिश थी। जिसका उद्देश्य क्षेत्र को हिंदू विहीन बनाना है। विहिप व बजरंग दल ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार उपद्रवियों के साथ मिली हुई है और पीड़ितों की मदद करने के बजाय हिंसा भड़काने वालों को संरक्षण दे रही है। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की कि पश्चिम बंगाल में अविलंब राष्ट्रपति शासन लागू किया जाए, अवैध घुसपैठ पर रोक लगे, पीड़ित परिवारों को सुरक्षा और पुनर्वास की गारंटी दी जाए।

# रेल फाटक तोड़ पटरी पर चढ़ा गिट्टी लदा ट्रक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**छपरा (सारण)।** मांझी थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच-19 और छपरा-बलिया रेलखंड स्थित 65ए मझनपुरा रेलवे क्रॉसिंग पर सोमवार की अहले सुबह एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। गिट्टी लदा हाइवा ट्रक अनियंत्रित होकर रेल फाटक को तोड़ते हुए दोनों रेल लाइनों पर चढ़ने के बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया। घटना सुबह 5:35 बजे हुई। सौभाग्यवश उस समय क्रॉसिंग पर कोई व्यक्ति या वाहन मौजूद नहीं था, जिससे जनहानि नहीं हुई। इससे भी बड़ी राहत की बात यह रही कि उखड़ा हुआ फाटक रेल रेल ओवर हेड लाइन के तारों के संपर्क में नहीं आया, अन्यथा ट्रक में आग लग सकती थी। स्थानीय गेटमैन ने तत्काल घटना की सूचना मांझी, गौतम स्थान व बकुल्हा स्टेशन के स्टेशन मास्टरों सहित वरीय अधिकारियों को दी। तत्पश्चात सभी ट्रेनों को छपरा व बलिया स्टेशनों पर रोका गया।



आरपीएफ, जीआरपी, मांझी थाना पुलिस व रेलवे अधिकारी मौके पर पहुंचे और दो क्रेन व जेसीबी की सहायता से करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद ट्रक को पटरी से हटाया गया। सुबह 9 बजे के आसपास रेल परिचालन सामान्य हो सका। इस दौरान मांझी-छपरा मुख्य सड़क मार्ग पर भी आवागमन बाधित रहा। पुलिस ने वाहनों को नियंत्रित करते हुए एक-एक कर मार्ग पार कराया। ट्रक चालक ने ब्रेक फ़ेल होना बताया, जबकि प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वह झपकी में था। समाचार प्रेषण तक रेलवे फाटक की मरम्मत का कार्य जारी था।

## प्रोजेक्ट बनाने वाले बच्चों को किया पुरस्कृत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पकरीबरावां।** पकरीबरावां प्रखण्ड की डुमरावां ग्राम पंचायत के खपुरा गांव में सोमवार को शिफ संस्था ने बच्चों द्वारा तैयार किये गए प्रोजेक्ट का जायजा लिया। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रवीण कुमार ने बताया कि ऊर्जा संरक्षण पर बच्चों ने प्रोजेक्ट तैयार किया। बताया गया कि वर्ग छह से आठ के चार- चार बच्चों का पांच समूह ने प्रोजेक्ट बनाकर प्रस्तुतिकरण दी। बच्चों के प्रोजेक्ट का जायजा लिया गया। प्रोजेक्ट को जिला मुख्यालय में भेजने की बात कही गई। इस बीच प्रोजेक्ट बनाने वाले बच्चों को प्रमाणपत्र देकर एवं मेडल पहनाकर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर शिक्षक अजीत कुमार, श्रीनिवास सिंह, अमित कुमार विनीत, मो. शाहिद हुसैन अंसारी सहित अन्य उपस्थित थे।

# 15 लाख की राशि ने निर्मित नाला मात्र दो माह में हीं टूटा, सरकारी राशि का हुआ दुरुपयोग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिले के नरहट बाजार में बन रहे नाले महज दो माह में हीं टूटकर बिखरने लगा, जिससे स्थानीय लोगों में काफी रोष देखा जा रहा है। आपको बता दें कि मुख्यमंत्री एवं क्षेत्र विकास योजना अंतर्गत 14,99,600 रुपए की लागत से नरहट पंचायत अंतर्गत नरहट अंदर बाजार में विधायक मोड़ से नरहट बाजार तक नाला और ढक्कन का निर्माण किया गया ,जिसमें सरकारी राशि का भी गबन किया गया है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि योजना संख्या 371/2024-25 जो विधायक नीतू कुमारी द्वारा अनुसंशा किया गया था। उसमें संवेदक द्वारा घोर लापरवाही बरती गयी है। जहां एक साइड पुराने दीवार को नाला में जोड़ कर तैयार किया गया है, जिससे नाला कमजोर है। साथ हीं स्थानीय लोगों ने यह भी बताया कि नाला निर्माण में मानक रूप से छड़ और



सीमेंट तथा ईंट का उपयोग नहीं किया गया है। घटिया निर्माण के कारण कोई भी गाड़ियां इधर से गुजरती है तो क्षतिग्रस्त हो जाता है। बाजार के स्थानीय लोगों एवं विधायक नीतू देवी के देवर सुमन सिंह ने भी अपने फ़ेसबुक और सोशल मीडिया पर आम लोगों का विचार और दुखभरी दास्तां पोस्ट कर सरकार और विभाग को बताने का प्रयास किया गया है वहीं स्थानीय लोगों ने भी इस नाला निर्माण का घोर विरोध कर रहे हैं। स्थानीय लोगों ने कहा यह नाला से कोई लाभ नहीं हो पाएगा। विगत छह माह से निर्माण कार्य जारी था ,हमलोगों को आस जगी थी कि अब हमारा नाला और सड़क चकाचक होगा लेकिन इसका नतीजा विपरीत हुआ है। बरसात और घरों का पानी भी नाला में नहीं जा सकेगा। लोगों ने विभागीय जांच कर कार्रवाई की मांग किया है।

# सेवानिवृत जिला शिक्षा पदाधिकारी और उनकी पत्नी को कमरे में बंद कर चोरों ने जमकर मचाया उत्पात

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** थाना क्षेत्र के गोपालनगर मोहल्ले में बीते रविवार की रात्रि लगभग 2 बजे सेवानिवृत जिला शिक्षा पदाधिकारी अवधेश प्रसाद के घर में पांच की संख्या में रहे अज्ञात चोर खिड़की के ग्रिल को काटकर घर में प्रवेश किया वहीं घर के एक कमरे में सो रहे जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं उनकी पत्नी को बाहर से दरवाजा बंद कर दिया एवं अन्य कमरों में जमकर उत्पात मचाया। इस दौरान पांच लाख रूपये के सोने के जेवरात एवं नगदी लगभग तीस हजार रुपए की चोरी कर सभी चोर चंपत हो गए। सेवानिवृत जिला शिक्षा पदाधिकारी अवधेश प्रसाद ने बताया कि सुबह-सुबह वे प्रतिदिन सुबह पांच बजे टहलने के लिए घर से निकलते हैं।सोमवार की सुबह उनके मोबाइल पर एक साथी का कॉल आया,जिसके बाद वे पत्नी को उठाए।किंतु कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था।वहीं पड़ोसी शिक्षक संजीव को कॉल करके दरवाजा खोलने को कहा।सूचना पाकर पड़ोसी ने मुख्य दरवाजा बंद पाया और खिड़की टूटी हुई थी।पड़ोसी टूटी खिड़की से अंदर प्रवेश करके हमारे कमरे को खोला।कमरे से बाहर निकलते ही देखा कि घर के अन्य कमरों के अलमारी वगैरह टूटा हुआ था एवं सामान आदि बिखरा पड़ा था। पीड़ित ने बताया कि उनके घर से लगभग चार से पांच लाख रुपए मूल्य के सोने के झुमका, चैन आदि जेवरात गायब है।वहीं बैंक से निकाल कर रखे गए तीस हजार रुपए भी गायब है। सेवानिवृत जिला शिक्षा पदाधिकारी ने बताया कि उनके घर में कुल 6 सीसीटीवी कैमरा लगा हुआ है,जिसमें दो कैमरों को तोड़कर नष्ट कर दिया गया एवं कुछ कैमरों के दिशा को बदल दिया गया था। सीसीटीवी फुटेज में पांच अवांछित लोगों के घर में प्रवेश व निकलने का मामला सामने आया है। इस बाबत थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि चोरी की घटना को लेकर सूचना मिलने पर वे घटनास्थल पर पहुंच उसका भौतिक निरीक्षण किया।साथ ही पीड़ित द्वारा लिखित आवेदन के आलोक में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि चोरी को लेकर पुलिस छानबीन कर रही है वहीं पुलिस सीसीटीवी फुटेज एवं अन्य साक्ष्यों की गहनता से जांच कर रही है। जल्द ही चोरी में शामिल सभी अपराधकर्मी पुलिस गिरफ्त में होने की बात कही है।

# रामाधार सिंह टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में श्रद्धांजलि सभा आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**एकमा (सारण)।** रामाधार सिंह टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, आमडाढ़ी, एकमा में सोमवार को कॉलेज के संस्थापक सचिव ई. जयप्रकाश सिंह के पिता स्व. रामाधार सिंह की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम का आयोजन डॉ. राजेन्द्र प्रसाद सभागार में किया गया। सभा की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य डॉ सत्यप्रकाश दास ने की। इस अवसर पर कॉलेज के सचिव इंजीनियर जयप्रकाश सिंह, राजीव कुमार शर्मा, ठाकुर सिंह, उमाशंकर सिंह, अनूप कुमार, कंचन कुमारी, हरिशंकर सिंह, अजीत कुमार, सुजीत कुमार, अमरेश कुमार, नागेंद्र सिंह, शिक्षक कमल कुमार सिंह, संतोष सिंह, मनोज पांडेय समेत सभी शिक्षकगण, शिक्षकेतर कर्मचारी, छात्र-छात्राएं तथा क्षेत्र के गणमान्य नागरिक शामिल हुए। इस दौरान स्व. रामाधार सिंह के तैल्य चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।

सभा में वक्ताओं ने स्व. रामाधार सिंह के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे एक प्रेरणास्रोत व्यक्ति थे। जिनकी विचारधारा आज भी समाज के लिए



पथप्रदर्शक है। अंत में दो मिनट का मौन रखकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई।

# स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा को लेकर डीएम ने की बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिलाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में जिला समाहरणालय स्थित डीआरडीए सभागार में स्वास्थ्य विभाग की एक विस्तृत समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम, आयुष्मान भारत योजना, आकांक्षी जिला कार्यक्रम, जन आरोग्य योजना, डेवलपिंग पार्टनर सहित स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं व सेवाओं की गहन समीक्षा की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों (ख्रग्त्रए) को निर्देशित किया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर चिन्हित उच्च जोखिम गर्भवती महिलाओं (क्त्ट्ठ) की समयबद्ध पहचान, पंजीकरण एवं नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि इस कार्य में आशा, एएनएम और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ बेहतर समन्वय जरूरी है। **एचआरपी महिलाओं के लिए विशेष जागरूकता अभियान का निर्देश:** जिलाधिकारी ने सिविल सर्जन को निर्देश दिया कि ग्राम स्तर पर जागरूकता अभियान चलाकर एचआरपी की जानकारी लोगों तक पहुँचाई जाए। उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाओं की प्रारंभिक जांच में यदि रक्तचाप, एनीमिया, मधुमेह या पूर्व प्रसव जटिलता जैसे लक्षण पाए जाएं, तो उन्हें तत्काल एचआरपी की श्रेणी में चिन्हित कर समुचित चिकित्सकीय देखभाल दी जाए।

**संस्थागत प्रसव को प्राथमिकता, लापरवाही पर होगी कार्रवाई**

डीएम रवि प्रकाश ने आशा कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया कि वे प्रत्येक चिन्हित महिला को समय पर संस्थागत प्रसव केंद्र तक पहुँचाने की जिम्मेदारी निभाएं। उन्होंने कहा कि उच्च जोखिम गर्भवती महिलाओं की सुरक्षा प्रशासन की प्राथमिकता है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।


**दक्षिण पूर्व रेलवे, निविदा**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से और उनकी ओर से कार्य करते हुए, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/ टीआरएस/बीकेएससी, **निविदा सूचना संख्या: ईएलएसबी-25-एएमसी_एफडीएम-04/टीएन, दिनांक 18.04.2025 के लिए** ई-निविदा आमंत्रित करते हैं; **कार्य का नाम:** इलेक्ट्रिक लोको शेड, बोकारो की डायरेक्ट रीडिंग फेरोग्राम मशीन, मेक-पार्कर किटिवाके, मॉडल-एएनएएलईएक्स एफडीएम प्लस का वार्षिक रखरखाव अनुबंध; **अनुमानित मूल्य:** ₹2,49,900.00; **बोली सुरक्षा (ईएमडी):** ₹ 5,000.00; **निविदा फॉर्म का मूल्य:** शून्य; **अवधि:** 24 महीने। निविदा दस्तावेज आईआरईपीएस वेबसाइट यानी **www.ireps.gov.in** पर 13.05.2025 को 11:00 बजे तक उपलब्ध रहेंगे; निविदाकर्ता द्वारा निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि/समय: 13.05.2025 को 11:00 बजे तक; निविदा खोलने की तिथि/समय: **14.05.2025** को 11:00 बजे (निविदा बंद होने के तुरंत बाद)। सभी वास्तविक, अनुभवी और इच्छुक निविदाकर्ता इस कार्य के लिए आवेदन कर सकते हैं। **(PR-64)**

**पूर्व रेलवे**

मुख्य कारखाना प्रबंधक, पूर्व रेलवे, लिलुआ, हावड़ा, पिन-711204 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्यों के निष्पादन के लिए रेलवे के प्रतिष्ठित, अनुमोदित एवं पात्र ठेकेदारों तथा उनसे जो सरकारी विभाग/ सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम की समुचित सूची में हैं से ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है: **निविदा सूचना सं.: ईएनजीजी/डब्ल्यूटीपी-ईटीपी/24-25/एलएलएच। कार्य का नाम:** सीडब्ल्यूएम/ पूर्व रेलवे, लिलुआ के क्षेत्राधिकार के अधीन तीन वर्षों के लिए (i) वॉल्वमैन सह ऑपरेटर की आपूर्ति के साथ 1.4 एमजीडी (2 x 0.7 एमजीडी) वाटर ट्रीटमेंट प्लांट एवं (ii) 2.4 एमएलडी एफुलेंट ट्रीटमेंट प्लांट के संचालन एवं रखरखाव के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 3,63,96,561.05। **बयाना राशि:** रु. 3,32,000। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** शून्य। **समापन अवधि:** 36 महीने। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 13.05.2025 को दोपहर 12.00 बजे तक। संशोधन (यदि कोई हो) के साथ निविदा का विवरण वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अपने प्रस्ताव ऊपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा। (MISC-23/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

Page 3_16.12..2018 PAGE-04.qxd 21-04-2025 22:12 Page 1



# दो युवकों के शव मिलने से हड़कम्प

- पॉलीथिन शीट से बरामद हुई लाशें
- पुलिस मामले की तफ्तीश में जुटी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** बेगूसराय में एक साथ प्लास्टिक शीट में लिपटे दो शव मिलने से हड़कंप मच गया। घटना बरौनी थाना क्षेत्र के वास्तु विहार के समीप की है, जहां एक खेत से पॉलीथिन शीट की बरामदगी हुई है।
बताया जा रहा है कि बरौनी थाना क्षेत्र के हरपुर स्थित वास्तु विहार के समीप रोज की तरह खेत की ओर गए किसान ने उक्त दोनों शव को देखा। इसके बाद लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। यह खबर फैलते ही इलाके में सनसनी फैल गई है। वास्तु विहार से ठीक सटे एक खेत से पॉलीथिन शीट में लिपटा दो युवकों का शव बरामद होने को लेकर लोगों के बीच तरह-तरह की चचाएं हो रही है। फिलहाल रिफाइनरी थाना की पुलिस और वरीय अधिकारी मौके पर पहुंचकर पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुट गए हैं। प्रथम दृष्टया ऐसी आशंका जताई जा रही है कि दोनों युवक की पीट- पीट कर हत्या कर दी गई। बहरहाल पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शिनाख्त और मामले की तहकीकात में लगी हुई है। घटना की सूचना मिलते ही बेगूसराय के एसपी मनीष कुमार भी घटनास्थल पर पहुँच गये हैं। फिलहाल शव की पहचान नहीं हो पाई है।

## चाकू मारकर युवक की हत्या

**गया।** जिले के डुमरिया थाना क्षेत्र के सिंघपुर गांव में एक युवक की चाकू मारकर निर्मम हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान गांव के ही सतेन्द्र ठाकुर के पुत्र सोनू कुमार के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।
घटनास्थल पर पहुंचकर पुलिस टीम ने साक्ष्य जुटाने का काम शुरू कर दिया है। वहीं, गांव के लोगों से पूछताछ भी की जा रही है, हालांकि स्थानीय लोग खुलकर कुछ भी बोलने से बच रहे हैं। दबे जुबान यह बात सामने आ रही है कि मामला प्रेम-प्रसंग से जुड़ा हो सकता है। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है।
घटना की गंभीरता को देखते हुए गया के एसएसपी ने इमामगंज एसडीपीओ और डुमरिया थानाध्यक्ष को तत्काल मौके पर पहुंचने और घटनास्थल को संरक्षित करने का निर्देश दिया। एसएसपी के आदेश पर नगर एसपी गया के मार्गदर्शन में एक विशेष जांच टीम का गठन किया गया है। टीम को जल्द से जल्द मामले की गुत्थी सुलझाने और अपराधियों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए हैं।

# शौर्य दिवस पर आज होगा सैन्य विमानों का प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बाबू वीर कुंवर सिंह की जयंती को बिहार सरकार शौर्य दिवस के रूप में मनाती है। इस वर्ष 22 और 23 अप्रैल को शौर्य दिवस का आयोजन होगा। इस मौके पर वायुयानों का शौर्य प्रदर्शन पटना के जेपी गंगा पथ पर नजर आने वाला है। यह दिन पूरे बिहार खासकर पटनावासियों के लिए बेहद खास होने वाला है। प्रशासन की ओर से इससे संबंधित सभी तैयारी तकरीबन पूरी कर ली गई है।
ऐसा पहली बार होगा, जब राजधानी पटना के आसमान में वायुसेना की सूर्यकिरण इकाई में शामिल विमान कलाबाजी दिखाएंगे। इस भव्य एयर शो को देखने के लिए पटना के सभ्यता द्वार के सामने हजारों लोग जुटेंगे। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत अन्य गणमान्य लोगों के शामिल होने की पूरी संभावना है।
ऐयरोबैटिक शो के दौरान पटना ट्रैफिक पुलिस ने यातायात व्यवस्था में व्यापक बदलाव किया है। शहर में जाम न लगे और लोगों को असुविधा न हो। इसके लिए कई पार्किंग जोन बनाए गए हैं।



दानापुर और अशोक राजपथ से आने वाले दर्शकों को अपना वाहन जेपी सेतु घाट, दीघा घाट, 88 और 93 नंबर घाट पर पार्क करना होगा।
गायघाट से सभ्यता द्वार की ओर आने वालों के लिए पटना कॉलेज ग्राउंड, साइंस कॉलेज ग्राउंड और कृष्णा घाट के पास पार्किंग व्यवस्था की गई है। जेपी गोलंबर से आने वाली भीड़ के लिए गांधी मैदान में पार्किंग की व्यवस्था की गई है। इस दिन गाड़ियों को खड़ा करने के लिए सभी गेट खोल कर रखे जाएंगे। ताकि लोगों को वाहनों की पार्किंग में कोई समस्या न हो और वाहन हर दिशा से आसानी से पार्क किए जा सकें।
इसके अलावा, महेंद्र घाट, कलेक्ट्रेट घाट और कदम कुआं घाट पर भी पार्किंग की सुविधा होगी। एलसीटी घाट के अंडरपास से गुजरने वाले वाहनों के लिए जेपी गंगा पथ की एक लेन में पार्किंग की व्यवस्था की गई है।
राजधानी के अलग अलग रास्तों से आने वाले वाहनों के रूट डायवर्ट किए गए हैं। 22 और 23 अप्रैल की सुबह 6:00 से 11:00 बजे तक मुख्य यह डायवर्जन प्रभावी रहेंगे। एलसीटी घाट का एप्रोच रोड वन-वे किया गया है। ताकि एयर शो में शामिल होने वाले लोग आसानी से जेपी गंगा पथ पहुंच सकें। बापू सभागार में आयोजित एक अन्य कार्यक्रम के लिए आने वाले वाहनों को जेपी सेतु, अटल पथ और आर ब्लॉक होते हुए गांधी मैदान के गेट नंबर 10 पर पार्क कराया जाएगा। छोटे वाहनों के लिए बापू सभागार की अंडरग्राउंड पार्किंग उपलब्ध कराई गई है।

# छत गिरने से महिला की मौत

### पति गंभीर रुप से घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमुई।** थाना क्षेत्र के ढोढरी पंचायत के निमारे गांव में सोमवार की सुबह एक दिल दहला वाली घटना घटित हुई। जिसने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। यहां एक कच्चे मकान की छत अचानक भरभराकर गिर गई, जिसमें सोए अवस्था में एक दंपती मलबे में दब गए। हादसे में पत्नी रूबी देवी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पति संजय मंडल गंभीर रूप से घायल हो गया।घायल संजय मंडल को गंभीर हालत में ग्रामीण मलबे से निकालकर झाझा स्थित एक निजी नर्सिंग होम ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसे बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया।
बताया गया कि संजय मंडल अपनी पत्नी रूबी देवी के साथ मिट्टी के कच्चे मकान में रविवार की रात सोया था। सोमवार की सुबह अचानक छत की लकड़ी की कड़ी टूट कर सोए अवस्था में दंपति पर गिर गई। ईंट व लकड़ी के मलबे के नीचे दबने से रूबी देवी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि संजय मंडल घायल हो गया। इस हृदय विदारक घटना ने तीन मासूम बच्चों से मां की ममता को छीन लिया। बताया गया कि हादसे के वक्त बेटा शिवराज व सुमित और बेटी शिवरानी दूसरे कमरे में सो रहे थे, जिससे उनकी जान बच गई, लेकिन इस हादसे ने उनकी दुनिया उजाड़ दी।
मां की लाश देखकर बच्चों का रो-रो कर बुरा हाल था। गांव की महिलाएं और बुजुर्ग बच्चों को संभालने में जुटे थे। वहीं घटना के बाद स्वजनों ने रूबी देवी के शव का अंतिम संस्कार कर दिया।
सोमवार की अहले सुबह निमारे गांव में जो हुआ वह सिर्फ एक हादसा नहीं, बल्कि प्रशासनिक उदासीनता और गरीब की बेबसी की तस्वीर है। एक कच्चे घर की छत ताश के पत्तों सी ढह गई और उसकी चपेट में आकर एक मां ने अपनी जान गंवा दी। रूबी देवी की मौत ने तीन मासूमों से उसकी ममता छीन ली।

# शादी समारोह में अपराधियों ने दागी गोलियां, दो की मौत पांच गंभीर

### घटना की जांच में जुटी पुलिस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा।** भोजपुर में एक शादी समारोह में पूर्व से चले आ रहे विवाद के कारण अपराधियों ने ताबड़तोड़ गोलीबारी की। इसमें दो लोगों की मौत हो गई जबकि पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। वारदात के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों की भीड़ लग गई।
इधर, सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच जुट गई। घटना रविवार रात अगिआंव बाजार थाना क्षेत्र के लहरपा गांव में हुई। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि रविवार देर रात दूल्हे की गाड़ी से साइड लेने को लेकर पहले से चल रहे विवाद ने इस समारोह में तूल पकड़ लिया। इसी दौरान, गांव के कुछ अपराधियों ने फायरिंग शुरू कर दी। मरने वालों में लहरपा गांव के सुरेंद्र यादव का 23 वर्षीय पुत्र लवकुश कुमार और संजय सिंह का 22 वर्षीय पुत्र राहुल कुमार शामिल थे। घायलों में पंकज कुमार (30), अप्पू कुमार (18) और अक्षय कुशवाहा (20) समेत पांच लोग शामिल हैं। इन सभी का इलाज आरा सदर अस्पताल में चल रहा है।
घटना के प्रत्यक्षदर्शी पंकज कुमार ने बताया कि वह शादी समारोह में शामिल होने गए थे, जहां विवाद बढ़ गया और अपराधियों ने अंधाधुंध गोलीबारी कर दी। वहीं जख्मी युवक के परिजन प्रवीण कुमार ने बताया कि मेरा भाई गांव के एक शादी समारोह में खाना परोस रहा था। इसी दौरान पूर्व के विवाद को लेकर गांव के कुछ अपराधियों ने अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। इसमें मेरे भाई को भी गोली लग गई। भोजपुर एसपी राज और अन्य पुलिस बल मौके पर पहुंचकर मामले की छानबीन कर रहे हैं।
भोजपुर आईटी सेल के डीएसपी सैफ मुर्तजा ने कहा कि पूर्व के विवाद में गोलीबारी हुई। इसमें दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस सभी साक्ष्यों को एकत्रित कर रही है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।
पुलिस का कहना है कि यह घटना पूर्व के विवाद को लेकर हुआ है। दो साल पहले मुखिया पुत्र बबलू सिंह को गोली मारकर जख्मी किया गया था, जिसके बाद आज इस घटना को बदले के रूप में अंजाम दिए जाने की शंका है। पुलिस का कहना है कि आज जिन दो लोगो की हत्त्या हुई है वह पूर्व में गोली मारकर जख्मी करने के मामले में जेल जा चुके हैं। घटना के बाद गांव से ले कर सदर अस्पताल तक कई थाना की पुलिस पहुंच घटना की

### जदयू नेत्री को मारी गोली

**पटना।** पटना में में बाइक सवार अपराधियों ने जदयू नेत्री सोनी देवी को गोली मार दी। उनके हाथ और सीने में गोली लगी है। गंभीर हालत में उन्हें पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। घटना बुद्धा कॉलोनी थाना क्षेत्र के उत्तरी मंदिरी में हुई। बताया जा रहा है कि रविवार देर रात बाइक सवार तीन अपराधियों ने महिला को गोली मार दी। गोली लगते ही महिला बेहोश होकर गिर गईं। आननफानन में उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। घटना सूचना मिलते ही बुद्धा कॉलोनी थाना अध्यक्ष सदानंद साह के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू कर दी। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालने में भी जुटी है। पुलिस ने एक संदिग्ध को हिरासत में लिया है। उससे पूछताछ चल रही है।
स्थानीय लोगों का कहना है कि पुरानी रंजिश में इस वारदात को अंजाम दिया गया है। वहीं कुछ लोग आरोप लगा रहे हैं कि शराब माफियाओं द्वारा इस वारदात को अंजाम दिया गया है। वहीं परिजनों का कहना है कि पुलिस इस मामले को गंभीरता से ले और आरोपियों की गिरफ्तारी करे।

# एडीएम की अध्यक्षता में हुई कार्यों की समीक्षा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजीनगर।** मनरेगा सभा भवन में वरीय पदाधिकारी और प्रखंड एवं पंचायत स्तरीय सभी विभाग के पदाधिकारी एवं कर्मियों के साथ समीक्षा बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता एडीएम आपदा राजेश कुमार सिंह ने किया। बैठक में अनुसूचित जाति, जनजाति के कल्याण हेतु विशेष शिविर एवं महिला संवाद कार्यक्रम को लेकर सभी विभाग के पदाधिकारियों के साथ समीक्षा किया गया। बैठक दौरान सरकार द्वारा चलाई जा रही 22 विभाग के योजना से संबंधित जानकारी देते हुए पंचायत के वार्डो में जाकर वंचित लाभुकों की सूची तैयार करने को लेकर आवश्यक निर्देश दिए।
बैठक के दौरान एडीएम राजेश कुमार सिंह ने कहा कि सभी पंचायत के पदाधिकारी एवं कर्मी दो दिनों के अंदर प्रखंड मुख्यालय में बंचित लाभुकों की सूची प्रखंड कार्यालय में जमा करने का निर्देश दिया। मौके पर बीडीओ आलोक कुमार सिंह, सीओ वीणा भारती, बीपीआरओ राजू कुमार, थानाध्यक्ष छोटेलाल सिंह, हथौड़ी थानाध्यक्ष नरेंद्र कुमार, एम ओ नूर जहां, बीएओ राम जन्म सिंह, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी अमित कुमार सहित पंचायत सचिव, विकास मित्र आदि थे।

# रेलवे स्टेशन पर घंटों चला हाई वोल्टेज ड्रामा

**नवबिहारर टाइम्स संवाददाता**

**भागलपुर।** भागलपुर रेलवे स्टेशन पर घंटों हाई वोल्टेज ड्रामा चला। रेलवे स्टेशन पर एक प्रेमी ने अपनी प्रेमिका की सरेआम मांग भर दी। ऐसा होते ही लड़की की मां और उसका चचेरा भाई वहां पहुंच गया और जमकर हाई वोल्टेज ड्रामा शुरू हो गया। धीरे-धीरे लोगों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई। यह मामला भागलपुर रेलवे स्टेशन परिसर का है।
प्रेमिका कोमल यादव अपने प्रेमी सूरज से तब से प्रेम करती थी, जब वह इंटर में थी। छह वर्षों से दोनों में अटूट प्यार था। रविवार को जब प्रेमिका कोमल अपनी मां और चचेरे भाई के साथ शादी समारोह में साहिबगंज जा रही थी, उसी क्रम में कोमल का प्रेमी सूरज उसका पीछा करते हुए इस ट्रेन से भागलपुर पहुंच गया और भागलपुर स्टेशन पर उसे ट्रेन से उतार लिया।
इसके बाद प्रेमिका की मांग में सरेआम सिंदूर भर दिया। यह देखते ही उसकी मां और उसका चचेरा भाई आगबबूला हो गया। विवाद होने लगा। विवाद बढ़ गया। जब हाई वोल्टेज ड्रामा शुरू हुआ तब घटनास्थल पर ट्रैफिक पुलिस पहुंची।
ट्रैफिक पुलिस ने कॉल कर 112 की टीम को बुलाई। जब तक 112 की टीम आती तब तक उन दोनों प्रेमी जोड़ी को स्टेशन चौक के पास पुलिस शिविर में बंद रखा गया।
कुछ देर बाद ही 112 की टीम पहुंची और पूछताछ के लिए दोनों को कोतवाली थाना साथ ले गई। वहीं, इस मामले को लेकर लड़की ने बताया मैं तीन-चार महीने से अपने प्रेमी सूरज के संपर्क में हूं। वहीं, प्रेमी सूरज ने बताया कि मैं छह सालों से इसको जानता हूं। लड़की की रोती बिलखती मां ने कहा- यह लड़का मेरी बेटी का पीछा करते हुए मुंगेर जिला के बरियारपुर से भागलपुर पहुंच गया। जहां मेरी बेटी को ट्रेन से उतार कर सरेआम बदतमीजी करना शुरू कर दिया।
20 वर्षीय कोमल बीए पार्ट वन में बरियारपुर में पढ़ाई कर रही है। कोमल को सूरत से इंटर में ही कोचिंग में पढ़ाई करने के दौरान सूरज से प्यार हो गया।
तब से दोनों एक दूसरे के संपर्क में है। दोनों बरियारपुर के ही रहने वाले हैं।
वहीं, मामले को शांत करते हुए 112 की टीम दोनों को पूछताछ के लिए कोतवाली थाने ले गई। आरपीएफ इंस्पेक्टर और राजकीय रेल पुलिस ने बताया कि घटना उनके क्षेत्र में नहीं हुई है। कोतवाली पुलिस दोनों को थाना ले गई है।

# नवादा के लोगों को बिजली कट से मिलेगी राहत

### विद्युत उपकेंद्र की क्षमता का होगा विस्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** नागरिकों को जलती-चुभती गर्मी से राहत मिले, नवादा बिजली विभाग कवायद में जुटा है। बार-बार पावर कट नहीं हो, निर्बाध बिजली की आपूर्ति हो, इसके लिए विभाग पावर ट्रांसफार्मर की क्षमता विस्तार कर रहा है।
पहले चरण में वारिसलीगंज विद्युत शक्ति उप केंद्र में पांच एमवीए का क्षमता विस्तार(आग्मेंटेशन) करेगा। रविवार को इस पावर सबस्टेशन (पीएसएस) में क्षमता बढोतरी का काम किया गया। यहां लगे पांच एमवीए पावर ट्रांसफार्मर को 10 एमवीए में आग्मेंटेशन किया जायेगा।
आने वाले दिनों में नवादा ओल्ड पीएसएस में एक नए 10 एमवीए पावर ट्रांसफार्मर को इंस्टाल किया जायेगा। रोह प्रखंड क्षेत्र में भी पांच एमवीए पावर ट्रांसफार्मर लगाने का कार्य शीघ्र होना है। पावर ट्रांसफार्मर के लगने से लोड बढ़ने पर बार-बार बिजली जाने की समस्या समाप्त होगी और नागरिकों को निर्बाध बिजली आपूर्ति हो सकेगी।
आमतौर पर जिले के किसान वर्षा आधारित सिंचाई पर निर्भर है। लेकिन वर्षा नहीं होने पर बिजली आधारित मोटरपंपों से सिंचाई कार्य होता है।
ऐसे में धान पटवन के समय बिजली खपत बढ़ती है और पावर ट्रांसफार्मर पर लोड बढ़ने से बिजली बार-बार चली जाती है।
इन पावर ट्रांसफार्मरों के क्षमता विस्तार से इस समस्या से निजात मिलेगी।
बिजली विभाग की इस पहल से नवादा नगर परिषद क्षेत्र में पावर ट्रांसफार्मर की क्षमता 85 से 95 एमवीए, वारिसलीगंज नगर परिषद क्षेत्र में 25 से 30 एमवीए और रोह प्रखंड क्षेत्र में 18.15 एमवीए से 23.15 एमवीए हो जायेगी।

# मल्लिकार्जुन खड़गे की सभा के बाद कांग्रेस जिलाध्यक्ष निलंबित

### कार्यकर्ताओं के बीच समन्वय नहीं बना पाए मनोज पांडेय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बक्सर।** बक्सर में रविवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने जनसभा की थी। जनसभा के बाद सत्ता पक्ष ने तंज कसा था कि कांग्रेस अध्यक्ष की सभा में कुर्सियां खाली ही दिख रही थी। जनता ने चुनाव से पहले ही उन्हें जवाब दे दिया है। कांग्रेस ने इस बात को गंभीरता से ले लिया और जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मनोज कुमार पांडेय को निलंबित कर दिया है। बिहार प्रदेश कांग्रेस ने मनोज पांडेय पर राष्ट्रीय अध्यक्ष के कार्यक्रम को लेकर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है।
बिहार प्रदेश के कार्यालय सचिव उमेश प्रसाद सिंह ने अपने पत्र में लिखा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की जनसभा की तैयारियां बेहद कमजोर थीं। जिला कांग्रेस कमेटी ने अपने दायित्वों का सही से निर्वहन नहीं किया। कार्यक्रम में समन्वय का अभाव था। इससे राष्ट्रीय अध्यक्ष के दौरे की गरिमा को ठेस पहुंची। कार्यक्रम के दौरान जनसमर्थन की काफी कमी दिखी।
वहीं स्थानीय नेताओं की मानें तो मनोज कुमार पांडेय कार्यकताओं के बीच समन्वय नहीं बना पाए। उन्होंने पार्टी आलाकमान को करीब 30 हजार से अधिक भीड़ जुटाने का दावा किया था। इसके लिए कार्यक्रम में 25 हजार कुर्सियां भी लगाई गई थीं। लेकिन, जब मल्लिकार्जुन खरगे पहुंचे तब 85 प्रतिशत कुर्सियां खाली ही रह गई थी। इस पर सत्ता पक्ष के नेताओं ने तंज कसा था।
कांग्रेस अध्यक्ष ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन पर हमला बोलते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सीएम नीतीश कुमार की जोड़ी केवल कुर्सी के लिए है। यह जोड़ी बिहार के विकास के लिए नहीं है। सीएम नीतीश कुमार पर तंज कसते हुए कहा कि वह एक बार इंडिया गठबंधन की गोद में आते हैं। इसके बाद यहां कुछ दिन गुजारने के बाद लगा कि भाजपा आनेवाली है तो वह इधर से उधर चले जाते हैं। यह देश के लिए सही नहीं। वह गरीब, किसान, अछूत, पिछड़ा और अति पिछड़ा को बर्बाद करने लिए उधर जाते हैं।

# अवैध खनन में लगे 14 ट्रैक्टरों को किया गया जब्त

### 70 लाख रुपये का जुर्माना



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** जिले में अवैध खनन को रोकने के लिए जिला प्रशासन द्वारा लगातार छापामारी के साथ-साथ कठोर कार्रवाई की जा रही है। जिला पदाधिकारी गया डॉ त्यागराजन एसएम एवं वरीय पुलिस अधीक्षक आनंद कुमार के संयुक्त निर्देश के आलोक में एक बार फिर अवैध खनन को रोकने के लिए कार्रवाई की गई।
सभी अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, अंचलाधिकारी तथा खनन विभाग के पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश प्राप्त है कि अवैध खनन के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करें। अवैध खनन की सूचना यदि कहीं से मिलती है तो संबंधित स्थान पर छापामारी करने में कोताही ना बरतें।
जिला पदाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक आनंद के निर्देश के आलोक में अल सुबह 05 बजे से सुबह 07 बजे तक मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मानपुर भदेजा भदेजी में लगातार छापामारी अभियान चलाया गया है। इस छापामारी अभियान में कुल 14 ट्रैक्टर को जब्त किया गया है, सभी ट्रैकर अवैध बालू खनन में लगे थे। सभी ट्रैक्टर मालिको के विरुद्ध प्रार्थमिकी भी दर्ज की गई है। इस अभियान के तहत 70 लाख से अधिक राशि का फाइन भी खनन विभाग द्वारा लगाया गया है।
जिला पदाधिकारी डॉ त्यागराजन एसएम ने कहा कि अवैध खनन में संलिप्त वाहनों के जप्त करते हुए खनन तथा परिवहन विभाग के विभिन्न धाराओं को देखते हुए प्राथमिकी दर्ज करते हुए फाइन वसूलने में बिस्कुल भी कोताही न बरतें।
इसके साथ ही परिवहन विभाग द्वारा विभिन्न धाराओं अंतर्गत लगभग 10 लाख से ऊपर फाइन वसूलने का कार्य किया जा रहा है। आगे भी लागातर औचक छापामारी अभियान चलता रहेगा। छापामारी अभियान में अनुमंडल पदाधिकारी सदर, अपर पुलिस अधीक्षक-01, एसडीपीओ वजीरगंज, जिला खनन पदाधिकारी एव थानाध्यक्ष मुफस्सिल, फतेहपुर के थानाध्यक्ष शामिल रहें।

## तीन चिकित्सकों के भरोसे चार लाख की आबादी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** स्वास्थ्य विभाग व्यवस्था में सुधार की मुहिम चला रहा है, लेकिन इसका असर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुशहरी में नहीं दिखाई दे रहा है। प्रखंड की आबादी करीब चार लाख 12 हजार है। स्थिति यह है कि यहां पीएचसी में मात्र तीन चिकित्सक ही हैं। इन्हीं के कंधों पर इतनी बड़ी आबादी की स्वास्थ्य सेवा है। इसमें भी एक संविदा पर हैं।
स्वास्थ्य विभाग की ओर से मुशहरी में वर्ष 2019 में स्वास्थ्य केंद्र के भवन का निर्माण कराया गया था। पांच साल के अंतराल में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की सुविधाएं मिलने लगीं। इसको अब तक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का दर्जा सरकार या विभाग नहीं दे सका है।
इससे यहां चिकित्सकों की संख्या में वृद्धि नहीं हुई और न ही सुविधाएं ही मिलीं। अतिरिक्त स्वास्थ्य केंद्र के लिए चिकित्सक प्रतिनियुक्त है, लेकिन विभागीय निदेर्शानुसार उनसे पीएचसी में कार्य नहीं लेना है। उनसे आग्रह कर सहमति के आधार ही सेवा ली जा सकती है।

# मोबाइल लोकेशन के आधार पर गिरफ्तार हुई थी सीओ अंकु गुप्ता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेखपुरा।** अपने पति प्रिंस राज के भ्रष्टाचार के कारण विशेष निगरानी टीम के निशाने पर आईं शेखपुरा जिले के अरियरी अंचल की सीओ अंकु गुप्ता बुधवार को निगरानी की टीम को देखकर राजोपुरम कॉलनी के दूसरे घर में छिप गई थीं। बाद में निगरानी की टीम ने उनके मोबाइल फोन के लोकेशन के आधार पर दूसरे घर से ढूंढ निकाला और हिरासत में लेकर उनके आवास की जांच-पड़ताल शुरू किया।
शाम तक छापेमारी जारी थी। इससे पहले निगरानी की एक टीम दोपहर 12 बजे के आसपास अंकु गुप्ता के घर से निकलकर चली गई। सूत्र का दावा है निगरानी की एक टीम अपने साथ अंकु गुप्ता के आरोपित पति तथा निलंबित सीओ प्रिंस राज को अपने साथ लेकर झारखंड स्थित किसी ठिकाने पर लेकर चली गई है। हालांकि, इसकी किसी ने पुष्टि



नहीं की है।
बताया गया छापेमारी करने वाली निगरानी की टीम ने नोट गिनती करने वाली मशीन भी लाई थी। अंकु गुप्ता के पति प्रिंस राज एक दिन पहले ही यहां आए थे। वही अंकु गुप्ता भी एक सप्ताह पूर्व ही लंबे अवकाश के बाद ड्यूटी पर लौटीं थीं। इससे पूर्व वे मातृत्व अवकाश पर थीं।
बुधवार की सुबह लगभग साढ़े आठ बजे जब निगरानी की टीम राजोपुरम कालनी स्थित अंकु गुप्ता के भाड़े के आवास पर पहुंचीं, तब अंकु गुप्ता वहां से 200 मीटर दूर दूसरे घर में थी। इनके आवास पर पति प्रिंस राज, सास तथा बच्चे थे। बाद में निगरानी की टीम ने ढूंढकर अंकु गुप्ता को अपनी हिरासत में लिया।
अंकु गुप्ता एक सप्ताह पूर्व ही राजोपुरम स्थित आवास में शिफ्ट हुई थीं। इससे पहले कांग्रेस कार्यालय के पास स्थित पुराने मकान में रहती थीं। निगरानी की टीम पहले उनके पुराने आवास पर पहुंची, इस कारण उन्हें निगरानी के आने की सूचना पहले ही मिल गई और निगरानी टीम के आने के पहले उन्होंने पड़ोस के घर में छिपने का प्रयास किया।
शेखपुरा जिला के अरियरी अंचल के सीओ अंकु गुप्ता के पति प्रिंस राज के खिलाफ पहले से भ्रष्टाचार निरोधक कार्रवाई चल रही है। बताया गया पूर्व में राजस्व विभाग के मंत्री रहे भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने प्रिंस राज के खिलाफ कार्रवाई का निर्देश दिया था।
तब प्रिंस राज सुपौल जिले में सीओ थे। उनपर सरकारी भूमि का दाखिल खारिज कई लोगों के नाम से कर देने का आरोप लगा था। इसी मामले में उनको निलंबित किया गया था।

# पटना में होने वाला एयर शो होगा ऐतिहासिक : राजीव प्रताप रूडी

## 1857 की क्रांति की याद में आयोजित यह शो बिहार के लिए गर्व की बात

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार में पहली बार एयर शो का आयोजन पटना के जेपी गंगा पथ पर होगा। कार्यक्रम के लिए टीम पटना पहुंच गई है। पटना के जेपी पथ पर होने वाले एयर शो को भाजपा सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव प्रताप रूढ़ी ने ऐतिहासिक करार दिया है। उन्होंने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि पटना में ऐसा कार्यक्रम पहली बार हो रहा है। मैं देश के प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री के साथ-साथ राज्य के मुख्यमंत्री को इस आयोजन के लिए बधाई देता हूं। 1857 की क्रांति की याद में आयोजित यह शो बिहार के लिए गर्व की बात है। उन्होंने बताया कि शौर दिवस के मौके पर बिहार सरकार द्वारा इस आयोजन को मंजूरी दी गई है और आज से ही पटना के आसमान में एयरफोर्स की प्रैक्टिस शुरू हो जाएगी। रूढ़ी ने कहा कि कल (22 अप्रैल) को इसके तहत औपचारिक सलामी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम बिहार की जनता को समर्पित है और भारतीय वायुसेना द्वारा इसे खास तौर पर प्रस्तुत किया जा रहा है। कार्यक्रम की खास बात बताते हुए उन्होंने कहा कि आकाशगंगा टीम के ग्लाइडर्स आसमान से कूदेंगे और उनके साथ बाबू कुंवर सिंह की तस्वीरें भी होंगी, जो पहली बार बिहार में हो रहा है। रूढ़ी ने उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की विशेष भूमिका का भी जिक्र करते हुए कहा कि यह आयोजन बिहार के लिए मील का पत्थर साबित होगा। राज्य सरकार का आभार जताते हुए रूढ़ी ने मीडिया की भूमिका की भी सराहना करते हुए कहा कि पत्रकारों ने इस आयोजन को जिस तरह से प्रचारित किया है, वह सराहनीय है। उन्होंने यह भी साझा किया कि इस आयोजन में उनकी व्यक्तिगत भूमिका भी है। उन्होंनें कहा कि मैं एक प्रशिक्षित पायलट हूं, लड़ाकू विमान उड़ाता हूं, कमर्शियल एयरलाइंस भी उड़ाता हूं। मैं चाहता था कि बिहार को इस भव्य आयोजन के जरिए एक नई पहचान मिले।



# अपराध के खिलाफ नीतीश सरकार ने हमेशा 'जीरो टोलरेंस' की नीति अपनाई : उमेश सिंह कुशवाहा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने सोमवार को कहा कि जब सरकार अपराधियों पर कानून का शिकंजा कसती है तो राजद नेता हाय-तौबा मचाते हैं और वे इसे राजनीतिक बदले की कार्रवाई बताने लगते हैं। उन्होंने कहा कि हाल ही में रंगदारी की एक घटना इसका ताजा उदाहरण है। इसमें आरोपी लालू परिवार का खासमखास था। वहीं दूसरी ओर राजद के नेता छिटपुट आपराधिक घटनाओं की बनावटी फेहरिस्त लेकर सरकार पर अनर्गल सवाल उठाने लगते हैं। कुशवाहा ने सवाल किया कि यह कैसी दोहरी और दिखावटी राजनीति है कि जब सरकार अपराधियों पर कार्रवाई करे तो पीड़ा होती है और जब अपराध के खिलाफ नैरेटिव बनाने की बारी आती है तो झूठ और भ्रम फैलाने की बेचैनी दिखाई देती है। उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि राजद वही पार्टी है जिसके शासनकाल में बिहार ने अपहरण उद्योग, रंगदारी, हत्या और नरसंहार जैसी घटनाओं का भयावह दौर देखा था। यह पार्टी शुरू से ही अपराधियों की पोषक रही है और इसके 15 वर्षों का शासन बिहार में अपराध, अराजकता और दहशत का पर्याय बन गया था। उन्होंने कहा कि अब जब राज्य में कानून-व्यवस्था मजबूत हो रही है और अपराधियों पर सख्त कार्रवाई की जा रही है तो राजद की बौखलाहट साफ नजर आने लगी है। राजद की पूरी राजनीति अपराधियों के कंधों पर टिकी हुई है और जब वही आधार डगमगाने लगता है तो इनकी राजनीति भी लड़खड़ाने लगती है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने हमेशा अपराध के खिलाफ 'जीरो टोलरेंस' की नीति अपनाई है। यही कारण है कि आज बिहार में कानून का राज स्थापित हुआ है। भयमुक्त वातावरण कायम है और सुशासन के प्रति जनता का विश्वास लगातार मजबूत हो रहा है।



# एचडीएफसी बैंक 1,000 गांवों को स्वच्छ और नवीकरणीय ऊर्जा समाधानों तक पहुंच प्रदान करेगा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** जैसा कि दुनिया 2025 में पृथ्वी दिवस मना रही है, एचडीएफसी बैंक अपने प्रमुख सीएसआर पहल, परिवर्तन के तहत एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर घोषित कर-के सतत प्रगति के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। बैंक 2025 तक अभिनव सौर-संचालित बुनियादी ढांचे, जागरूकता और स्थानीय भागीदारी के माध्यम से भारत भर में 1,000 से अधिक गांवों को स्वच्छ और नवीकरणीय ऊर्जा समाधानों तक पहुंच प्रदान कर ग्रामीण और अर्द्ध-शहरी समुदायों को सशक्त बनाना। नवीकरणीय ऊर्जा में बैंक का काम इस साल के पृथ्वी दिवस की थीम, हमारी शक्ति, हमारा ग्रह के अनुरूप है जो स्वच्छ ऊर्जा को अपनाने के वैश्विक त्वरण का आह्वान करता है। प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन के अपने स्तंभ के तहत, एचडीएफसी बैंक परिवर्तन ने 22 राज्यों में 61,655 से अधिक सौर स्ट्रीटलाइट्स स्थापित की हैं। स्ट्रीट लाइट के अलावा, परिवर्तन सरकारी स्कूलों और अस्पतालों में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सौर पैनल लगा रहा है। इसने कई सौर पहल भी शुरू की हैं जो ग्रामीण जीवन को सड़क सुरक्षा से लेकर पीने के पानी, खेती, खाद्य प्रसंस्करण और आजीविका में वृद्धि तक बेहतर बना रही हैं। एचडीएफसी बैंक के उप प्रबंध निदेशक कैजाद भरूचा ने अपनी पहलों के बारे में बात करते हुए कहा एचडीएफसी बैंक में, हम मानते हैं कि एक स्थायी भविष्य का मार्ग समावेशी विकास में निहित है।



# नेशनल हेराल्ड मामले पर भाजपा ने किया देश को गुमराह : अविनाश पांडेय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** नेशनल हेराल्ड मामला भाजपा द्वारा देश का मुख्य मुद्दे से ध्यान भटकाने, बरगलाने और तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर पेश करने का प्रयास है। देश के सामने मौजूद महत्वपूर्ण मुद्दों से लोगों का ध्यान भटकाने वाला रहा है। भाजपा नेतृत्व वाली केंद्र सरकार अपनी विफलताओं से ध्यान भटकाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। स्वतंत्रता संग्राम को तोड़-मरोड़ कर पेश करना और देश की विरासत का अपमान करना भाजपा की विचारधारा का हिस्सा है। ये बातें अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के महासचिव व पूर्व सांसद अविनाश पांडेय ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कही। एआईसीसी महासचिव अविनाश पांडेय ने कहा कि हाल ही में हुए कांग्रेस पार्टी के ऐतिहासिक गुजरात अधिवेशन से बौखलाए मोदी-शाह की जोड़ी ने फिर से कांग्रेस पार्टी पर प्रवर्तन निदेशालय अपनी पसंदीदा आपराधिक वसूली मशीन को छोड़ दिया है। कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी और विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दायर तथाकथित आरोपपत्र कुछ और नहीं बल्कि विशुद्ध राजनीतिक षड्यंत्र है। गांधी परिवार का हर सदस्य - चाहे वह राजनीति में हो या नहीं - भाजपा द्वारा निशाना बनाया जा रहा है। विडंबना यह है कि पहली बार मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप ऐसे मामले में लगाए जा रहे हैं जिसमें एक भी पैसा या संपत्ति हस्तांतरित नहीं की गई है। बैलेंस शीट को कर्ज मुक्त बनाने के लिए कर्ज को इक्विटी में बदला जाता है। यह एक आम प्रथा है और पूरी तरह से कानूनी है जब पैसा ही नहीं है तो लॉन्ड्रिंग कहां है? ये एक षड्यंत्रकारी राजनीतिक ठगी है। मोदी सरकार ने इडी को अपना इलेक्शन डिपार्टमेंट बना लिया है और बेशर्मी से और बार-बार प्रतिशोध के लिए इसका दुरुपयोग कर रही है। इडी के मामलों में सजा की दर सिर्फ 1% है। इसके अलावा, इडी ने जो राजनीतिक मामले दर्ज किए हैं, उनमें से 98% मामले सत्ताधारी पार्टी के राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ हैं। पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, विपक्ष के नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा के परिवार के खिलाफ मनगढ़ंत मामलों में की जा रही साजिश सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग से कम नहीं है। फर्जी और झूठे मामलों के माध्यम से नेतृत्व और उनके परिवारों को निशाना बनाकर, भाजपा सरकार कांग्रेस पार्टी को दबाने की पूरी कोशिश कर रही है-एकमात्र ताकत जो लगातार लोगों के साथ और इस देश की आत्मा के लिए खड़ी रही है। यह लोकतांत्रिक विपक्ष पर सीधा और खतरनाक हमला है। यह प्रधानमंत्री और गृह मंत्री द्वारा राजनीतिक धमकी का एक भद्दा प्रयास है। यह बदले की राजनीति का सबसे बुरा रूप है। उन्होंने कहा कि चाहे वे हमें कितना भी चुप कराने की कोशिश करें, हम चुप नहीं होंगे जो लोग दूसरों को डराने की कोशिश करते हैं, वे खुद डरे हुए हैं। यह एक राजनीतिक साजिश है और कांग्रेस पार्टी इसका सीधे सामना करेगी। सत्य की जीत होगी। नेशनल हेराल्ड के बारे में कुछ तथ्य भी एआईसीसी महासचिव अविनाश पांडेय ने मीडिया के साथियों के सामने रखा जिमें उन्होंने बिंदुवार मुद्दे रखें। 1. 1937 में, पुरुषोत्तम दास टंडन, आचार्य नरेंद्र देव और रफी अहमद किदवई जैसे स्वतंत्रता सेनानियों के साथ, पंडित जवाहरलाल नेहरू ने ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन के खिलाफ भारत के स्वतंत्रता संग्राम की मुख्य आवाज के रूप में नेशनल हेराल्ड अखबार की शुरूआत की जिसके हिंदी और उर्दू संस्करण नवजीवन और कौमी आवाज शीर्षक से प्रकाशित हुए। नेशनल हेराल्ड स्वतंत्रता संग्राम की राष्ट्रीय धरोहर है।

# जरूरतमंदों की सेवा नारायण रेकी की प्राथमिकता : अरविन्द कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** भीषण गर्मी को देखते हुए नारायण रेकी सत्संग परिवार के पटना हेड अरविंद कुमार के नेतृत्व में सामाजिक पहल के तहत गरीब सब्जी बिक्रेताओं और जरूरतमंद लोगों को सैकड़ों छाते वितरित किए गए। यह वितरण सुगादेवी चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष अमित राज अकेला एवं प्रभु आहार के अध्यक्ष राकेश कुमार के सहयोग से जक्कनपुर एवं गुलजारबाग सब्जी मंडी में किया गया। अरविंद कुमार ने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य तपती धूप में मेहनत करने वाले सब्जी विक्रेताओं, ठेले वालों और अन्य जरूरतमंदों को राहत प्रदान करना है। इस अवसर पर अरविंद कुमार ने कहा कि नारायण रेकी सत्संग परिवार की संस्थापिका राज दीदी का कहना है कि 'हर इंसान तन, मन, धन व संबंधों में स्वस्थ हो, हर घर में सुख, शांति समृध्दि हो व हर व्यक्ति उन्नति, प्रगति व सफलता प्राप्त करें।' मौके पर अमित राज ने कहा कि यह छोटा सा कदम उन लोगों की मदद करेगा जो तेज धूप में अपनी आजीविका कमाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। वितरण में संस्थान के पिंकी सिंह, शशि शेखर, संजय प्रसाद, संजीव कुमार एवं अन्य सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और जरूरतमंदों को छाते वितरित किए। इस कार्य की स्थानीय लोगों और लाभार्थियों ने सराहना की और इसे एक उत्कृष्ट समाजसेवा पहल बताया। मौके पर प्रभु आहार के अध्यक्ष राकेश कुमार ने कहा कि नारायण रेकी संस्थान समय-समय पर विभिन्न सामाजिक गतिविधियों का आयोजन करता रहा है और आगे भी जरूरतमंदों की सहायता के लिए तत्पर रहेगा।



# जितेंद्र गुप्ता बने बिहार कांग्रेस के कोषाध्यक्ष, प्रदेश अध्यक्ष सहित वरिष्ठ नेताओं ने दी बधाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश राम के अनुमोदन पर राष्ट्रीय महासचिव के सी वेणुगोपाल ने जितेंद्र गुप्ता को बिहार कांग्रेस का कोषाध्यक्ष नियुक्त करने का पत्र जारी किया है। नवनियुक्त कोषाध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता के मनोनयन पर बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश राम ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पार्टी के लिए लगातार उन्होंने काम किया है और मजबूती दी है। कोषाध्यक्ष के रूप में नई जिम्मेदारियों का बखूबी निर्वहन करें इसके लिए इनका हर तरीके से सहयोग सभी कांग्रेसजन करेंगे। पार्टी में लंबे समय से विभिन्न पदों पर जितेंद्र गुप्ता काम करते रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम के अलावे कांग्रेस विधानमंडल दल के नेता डॉ शकील अहमद खान, विधान परिषद में कांग्रेस दल के नेता डॉ मदन मोहन झा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता मोतीलाल शर्मा, राजेश राठौड़, अजय चौधरी, जमाल अहमद भल्लू, प्रवीण सिंह कुशवाहा, स्नेहाशीष वर्धन पांडेय सहित अन्य नेताओं ने भी बधाई दी है।



# संस्कृतमय हुई संस्कृत विदुषी शांति देवी की पुण्यतिथि

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** सर्वत्र संस्कृतम संकल्प के साथ आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के अन्तर्गत मनायी गयी संस्कृत शिक्षिका शांति देवी की पुण्यतिथि संस्कृतमय हो गयी। उद्घाटन करते हुए राजकीय संस्कृत महाविद्यालय काजीपुर के प्राचार्य डॉ मनोज कुमार ने शांति देवी को योग्य शिक्षिका बताया। उन्होंने कहा कि शांति देवी विदुषी होने के साथ ही उनका व्यक्तित्व संस्कृत और हिन्दी में रचा -बसा था। मुख्यातिथि शिवाकांत तिवारी ने कहा कि प्रधानाध्यापिका के रूप में शांति देवी व्यक्तित्व विकास के लिए बच्चों में परस्पर संस्कृत संवाद की पक्षधर रहीं। सभी अतिथियों ने शिक्षिका स्व. शांति देवी के व्यक्तित्व को स्मरण करते हुए उनके कृतित्व को नमन किया। अपने अध्यक्षीय भाषण में आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बिहार संस्कृत संजीवन समाज के महासचिव डॉ मुकेश कुमार ओझा ने कहा कि शांति देवी का स्मृति आयोजन संस्कृत और हिन्दी को समर्पित होने से भारत की भाषा -बोली के संवर्धन को बल मिला है। उन्होंने कहा कि एक मां के रूप में उनसे प्रेरित होकर आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान चलाया जा रहा है। विशिष्ट अतिथि डॉ मिथिलेश कुमार तिवारी, डॉ शशिकांत तिवारी, उग्र नारायण झा, हृदय नारायण झा, डॉ राघव नाथ झा, मुरलीधर शुक्ल आदि वक्ताओं ने भी संस्कृत शिक्षिका शांति देवी के व्यक्तित्व पर विस्तृत प्रकाश डाला। कार्यक्रम में आज के हृदय नारायण झा, नव बिहार टाइम्स के प्रधान संपादक डॉ कमल किशोर, डॉ मिथिलेश कुमार, शिवाकांत तिवारी, डॉ मनोज कुमार, डॉ शशिकांत तिवारी, विवेक तिवारी, संस्कृत समाचार पत्र के पत्रकार डॉ राघव नाथ झा, मुरलीधर शुक्ल, उग्र नारायण झा, रामनाथ पाण्डेय, आयुष मिश्रा, डॉ ज्योति शंकर सिंह, कुमारी दीपाली, नीरज कुमार, नितीश कुमार सहित तीस संस्कृत प्रचारकों को सम्मानित किया गया। स्वस्ति वाचन आयुष मिश्रा एवं धन्यवाद ज्ञापन विवेक तिवारी ने किया।




# चिराग पासवान लड़ सकते हैं बिहार विधानसभा चुनाव : अरुण भारती

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** केन्द्रीय मंत्री और लोजपा (रा) प्रमुख चिराग पासवान बिहार विधानसभा का चुनाव लड़ सकते हैं। पार्टी के वरिष्ठ नेता और सांसद अरुण भारती ने सोमवार को यह बात कही। चिराग के जीजा अरूण भारती पटना पहुंचने के बाद एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि चिराग पासवान बिहार विधानसभा का चुनाव लड़ सकते हैं। अरूण भारती ने कहा कि चिराग पासवान ने अपनी राजनीति की धुरी हमेशा बिहार को बनाया है। अगर पार्टी कहेगी या पार्टी के कार्यकर्ता चाहेंगे कि चिराग पासवान बिहार का विधानसभा चुनाव लड़ें तो वे चुनाव लड़ने को तैयार हैं और मैदान में उतर सकते हैं। अरूण भारती ने कहा कि उनकी ही नहीं बल्कि लोजपा (रा) के तमाम कार्यकर्ताओं की उम्मीद है कि चिराग पासवान बिहार में बड़ी जिम्मेवारी संभालें। अरूण भारती ने कहा कि वे अपनी पार्टी के सारे कार्यकर्ताओं से मिलते हैं। बिहार के जिस गांव, गली, मोहल्ले में गये हैं वहां के तमाम लोग चाहते हैं कि चिराग पासवान बिहार में आकर बड़ी जिम्मेदारी निभायें। उन्होंने कहा कि वैसे तो बिहार में हमारी पार्टी एनडीए गठबंधन में है। इस गठबंधन में सर्वसम्मति से तय होगा कि किस नेता को कौन सी जिम्मेवारी निभानी है, लेकिन चिराग पासवान तैयार हैं। अगर पार्टी आदेश करेगी तो चिराग पासवान बड़ी जिम्मेवारी निभाने को तैयार हैं। वे इससे पीछे नहीं हटेंगे। गौरतलब है कि इससे युवा लोजपा (रा) ने कहा है कि युवा शक्ति चिराग को मुख्यमंत्री बनते देखना चाहती है।

# जयप्रभा मेदांता सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल ने कर्मचारियों को फायर सेफ्टी की दी जानकारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** जयप्रभा मेदांता सुपरस्पेसिलिटी हॉस्पिटल, पटना ने जानकारी ही बचाव है कि तर्ज पर अपने सभी कर्मचारियों को फायर सेफ्टी का प्रशिक्षण दिया। हॉस्पिटल प्रबंधन इस प्रकार के प्रशिक्षणों को आयोजित करता रहता है और सभी कर्मचारियों को फायर सेफ्टी एक जरुरी प्रशिक्षण के रूप में पूरी करनी होती है। फायर सेफ्टी प्रशिक्षण का उद्देश्य यही है कि किसी भी आग की घटना के दौरान खुद को और मरीज को कैसे बचाया जाये। हॉस्पिटल प्रबंधन ने इस प्रकार के प्रशिक्षण को हफ्ते भर चलाया और ज्यादा से ज्यादा लोगों को इसमें प्रशिक्षित करने का प्रयास किया। फायर सेफ्टी वीक पूरे देश में 14 से 20 अप्रैल तक मनाया जाता है। आपातकालीन स्तिथि से निपटने के लिए तैयारियों, आग की रोकथाम और सुरक्षा के बारे में जागरूकता तथा राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह के मौके पर 19 अप्रैल २०२५ को जयप्रभा मेदांता हॉस्पिटल पटना में फायर ड्रिल का आयोजन भी किया गया। इस फायर ड्रिल में आग की स्थिति को बनाया गया और उसे निपटने के लिए हॉस्पिटल की तैयारी को देखा गया। सभी प्रकार के अग्निशमन यन्त्र, बचाव की तकनीक, आग के दौरान क्या करें और क्या न करें और आग को काबू करने और बुझाने के यंत्रों का प्रयोग तथा आग बुझाने का प्रदर्शन किया गया। इस पूरे सप्ताह में छोटे-छोटे फायर ड्रिल, अग्नि सुरक्षा यंत्रों की प्रदर्शनी, अग्नि सुरक्षा जागरूकता मार्च, फुल एक्शन ड्रिल्स और अन्य गतिविधियों की जानकारी दी गयी। इस पहल के तहत करीब 1800 से अधिक लोगों को प्रशिक्षित किया गया। जय प्रभा मेदांता सुपरस्पेसिलिटी हॉस्पिटल पटना विश्वस्तरीय अग्निशमन सिस्टम, फायर अलार्म सिस्टम और स्मोक एग्जॉस्ट सिस्टम से लैस है। इस पूरी ईमारत का निर्माण राष्ट्रीय भवन निर्माण कोड के तहत किया गया है जिसमें आग के दौरान बाहर निकलने के सुगम रस्ते और सीढ़ियों का निर्माण भी शामिल है। हॉस्पिटल में बेसमेंट में अग्नि सुरक्षा और फैलाव को रोकने के लिए वाटर कर्टेन सिस्टम भी लगाया गया है। फायर डोर बिल्डिंग को अलग - अलग भागों में बांटते हैं जिससे आग का फैलाव बहुत जल्दी न हो और आग को बुझाने में अधिक समय मिल सके। जयप्रभा मेदांता में अपनी फायर सेफ्टी टीम भी है जिसमें 12 सदस्य हैं और पूर्ण रूप से समर्पित है जो 24 घंटे हॉस्पिटल को सेवा देते हैं।




# सीएम नीतीश के शासन में महिला सम्मान की पूरी गारंटी : जदयू

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** जदयू ने कहा है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के रहते बिहार में महिला सम्मान की पूरी गारंटी है। पार्टी प्रवक्ता नवल शर्मा ने सोमवार को कहा कि महिलाओं के प्रति राजद के नेताओं और कार्यकर्ताओं की वाणी और व्यवहार में आज भी रत्ती भर बदलाव नहीं आया है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के लिए नीतीश कुमार जैसे सख्त प्रशासक की मौजूदगी बेहद सुकूनदायक है। जंगलराज के पंद्रह वर्षों में डर के साये में जीने को अभिशप्त बिहार की महिलाओं को सीएम नीतीश ने उनके आत्मसम्मान और निर्भीक विचरण की जो गारंटी दी है उसे वो कभी खोना पसंद नहीं करेंगी। पंचायतों और नौकरियों में आरक्षण से लेकर महिला सशक्तिकरण की अन्य योजनाओं ने बिहार में महिला क्रांति को जन्म दिया है। इसका प्रभाव आने वाले वर्षों में और ज्यादा गहराई से महसूस किया जाएगा।

# जातिगत गणना को लेकर बिहार में खूब सियासत हुई : प्रशांत किशोर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** जन सुराज पार्टी के सूत्रधार प्रशांत किशोर तीन बड़े मुद्दों जातिगत गणना, रोजगार सहायता योजना और भूमि सर्वे को लेकर जनता के बीच जाएंगे। प्रशांत किशोर ने सोमवार को पटना में प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि जातिगत गणना को लेकर बिहार में खूब सियासत हुई है जिन लोगों ने ये कराया उनकी मंशा जनता की मदद करना नहीं बल्कि समाज को जातीय झंझट में डाल राजनीतिक फायदा उठाने की थी। जातिगत गणना के बाद सरकार ने पांच महत्वपूर्ण बातें कही थीं। उन्होंने कहा कि तीस साल से ज्यादा समय तक लालू - नीतीश ने राज किया। बावजूद समाज के पिछड़े और दलित पिछड़े ही रह गए। चाहे शिक्षा की बात हो या सरकारी नौकरी में आने की। प्रशांत किशोर ने कहा कि जब जातिगत गणना हुआ तब सरकार ने आरक्षण का दायरा बढ़ाने के फैसला के लिए केंद्र को लिखा था। उसकी वर्तमान में स्थिति क्या है? उन्होंने आरोप लगाया कि जातीय जनगणना का उपयोग सामाजिक लाभ पहुंचाने के बजाय राजनीतिक ध्रुवीकरण के लिए किया गया। उन्होंने कहा कि बिहार में जातीय जनगणना के आंकड़े जारी हुए, लेकिन इससे जनता को कोई ठोस लाभ नहीं मिला। 34 फीसदी लोग गरीबी रेखा से नीचे हैं और सिर्फ 5 फीसदी से भी कम दलित-पिछड़े छात्र इंटर तक की पढ़ाई कर पाते हैं। पीके ने आरोप लगाया कि 94 लाख परिवारों को 2 लाख रुपये की रोजगार सहायता देने का वादा अब तक कागजों तक सीमित है। उन्होंने कहा कि दो साल बाद भी एक भी परिवार को एक रुपया नहीं मिला। 39 लाख परिवारों को आवास निर्माण के लिए आर्थिक सहायता का ऐलान हुआ था, लेकिन कितनों को मिला सरकार चुप है।

# कवयित्री श्वेता गजल की तीन पुस्तकों का लोकार्पण



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार म्यूजियम और प्रायणिक की ओर से म्यूजियम के ओरिएंटेशन सभागार में चर्चित कवयित्री श्वेता गजल की पुस्तक का लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में श्वेता गजल की तीन पुस्तकों का लोकार्पण हुआ। इनमें गजल संग्रह ख्वाहिशों के सैलाब, कविता संग्रह आहट और गद्य मेरी अभिव्यक्ति शामिल है। इस पुस्तक का लोकार्पण साहित्यकार भगवती प्रसाद द्विवेदी ने किया। उन्होंने कहा कि श्वेता गजल के व्यक्तित्व और कृतित्व में मानवीय संवेदनशीलता है। यह श्वेता के गजल रचनाओं में दिखाई देता है। उनके काव्य संग्रह में अंतरात्मा की आवाज आलाप करती है। श्वेता की गजलें छोटी-छोटी टुकड़ों में बड़ी-बड़ी बातें कहने की क्षमता रखती है। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रसिद्ध गजलकार अनिरुद्ध सिन्हा शामिल हुए। उन्होंने कहा कि श्वेता गजल के विरासत की जमीन पर लहलता हुआ फसल है।

# कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली "देश जोड़ो यात्रा" की तरह ही होगी विफल : मंगल पाण्डेय

## रैली के जरिए जनता को गुमराह करने की कांग्रेस करेगी कोशिश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** स्वास्थ्य व विधि मंत्री मंगल पाण्डेय ने कहा कि 25 अप्रैल से राज्य, जिला व विधान सभा स्तर पर होने वाली कांग्रेस की कथित संविधान बचाओ रैली राहुल गांधी की पूर्व में की गई देश जोड़ो यात्रा की ही अगली कड़ी है। इस रैली का मकसद केंद्र सरकार के खिलाफ दुष्प्रचार कर देश की जनता को गुमराह करना है। श्री पाण्डेय ने कहा कि नेशनल हेराल्ड मामले में फंसे कांग्रेस नेतृत्व सोनिया गांधी व राहुल गांधी की ओर से ध्यान भटकाने के लिए केंद्र सरकार के खिलाफ गलत नैरेटिव के जरिए देश की जनता को गुमराह करना चाह रहा है। राहुल गांधी की पूर्व की यात्राओं का जो हस्त्र हुआ वही इस कथित संविधान रैली का भी होने वाला है। कांग्रेस का मकसद जहां अपने इंडी गठबंधन के दलों पर दबाव बनाना है, वहीं झूठे व मनगढ़ंत आरोपों के माध्यम से देश के लोगों को गुमराह करना भी है। दरअसल संविधान बचाओ का ढोंग कर कांग्रेस की मंशा मुस्लिम तुष्टिकरण व देश में अस्थिरता व अविश्वास पैदा करना है। श्री पाण्डेय ने कहा कि बिहार में राहुल गांधी के कई दौरे, कन्हैया कुमार की पदयात्रा व कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की सभा की विफलता के बाद कांग्रेस में काफी निराश बढ़ गई है।



CMYK

## संपादकीय

# 100 प्रतिशत सफलता के झूठे दावे

हकीकत यह है कि कोचिंग संस्थानों और उसमें पढ़ने वाले विद्यार्थियों की संख्या बहुत बड़ी है और उसके मुकाबले नौकरी के लिए सीटें सीमित या बहुत कम संख्या में होती हैं। ऐसे में सबको 'सौ फीसद चयन' की गारंटी देना भ्रम परोसने से कम नहीं है। सही है कि हाल के दशकों में ज्यादातर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के क्रम में कोचिंग संस्थानों की भूमिका बढ़ती गई है। बल्कि आज स्थिति यह हो गई है कि शिक्षा जगत के दायरे में इसे कोचिंग उद्योग के नाम से जाना जाने लगा है। मगर इस क्रम में बनी निर्भरता के समांतर बहुत सारे कोचिंग संस्थान अपने यहां दाखिले के लिए जिस तरह के दावे करते हैं, अपनी उपलब्धियों, सुविधाओं और संसाधनों को इस कदर बढ़ा-चढ़ा कर पेश करते हैं कि कई विद्यार्थी इसके प्रभाव में वहां चले जाते हैं। कई बार ऐसा भी होता है कि किसी अन्य संस्थान में पढ़ाई किए सफल अभ्यर्थी को वे अपने यहां का बता दें। हालांकि कई बार ऐसे दावे झूठे निकलते हैं। कोचिंग संस्थानों की इस प्रवृत्ति पर कई बार सवाल उठ चुके हैं, सरकार ने सख्ती बरतने की बात कही है, खुद सर्वोच्च न्यायालय भी कह चुका है कि कई कोचिंग संस्थान अभ्यर्थियों की जिंदगी से खिलवाड़ कर रहे हैं। मगर अलग-अलग तरीके अपना कर झूठे दावे करने के चलन पर अब तक रोक नहीं लगाई जा सकी है। अब एक बार फिर केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण यानी सीसीपीए ने कोचिंग संस्थानों की ओर से परोसे जाने वाले भ्रम पर शिकंजा कसने के लिए कड़ी चेतावनी जारी की है। उपभोक्ता अधिकारों से संबंधित इस निकाय ने उनके लिए पिछले वर्ष निर्धारित दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन करने का निर्देश दिया है। इसके तहत कोचिंग संस्थानों को यह सुनिश्चित करना होगा कि उनके विज्ञापन 'सटीक, स्पष्ट हों और भ्रामक दावों से मुक्त' हों; विद्यार्थियों के दाखिले को लेकर बताई जाने वाली जानकारी में पूरी पारदर्शिता हो। यह छिपा नहीं है कि प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी कराने के मद्देनजर कोचिंग संस्थान जिस तरह की प्रचार सामग्री जारी करते हैं, उनका केंद्रीय भाव यही होता है कि उनके यहां पढ़ाई करने के बाद सफलता की गारंटी और चयन की संभावना 'सौ फीसद' होगी। हकीकत यह है कि कोचिंग संस्थानों और उसमें पढ़ने वाले विद्यार्थियों की संख्या बहुत बड़ी है और उसके मुकाबले नौकरी के लिए सीटें सीमित या बहुत कम संख्या में होती हैं। ऐसे में सबको 'सौ फीसद चयन' की गारंटी देना भ्रम परोसने से कम नहीं है। गौरतलब है कि आइआइटी-जेईई परीक्षा के नतीजों की तारीख नजदीक है। आमतौर पर इसी तरह की किसी बड़े महत्त्व की परीक्षा के नतीजों के बाद कई कोचिंग संस्थानों की ओर से ऐसे दावे किए जाते हैं कि उनके यहां पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों ने कामयाबी हासिल की है। इस क्रम में वे कई बार दूसरे संस्थानों के विद्यार्थी का नाम भी फर्जी तरीके से इस्तेमाल करते हैं। इसका मकसद यही होता है कि इस तरह के प्रचार को देख कर नए विद्यार्थी उनके संस्थान में दाखिला लेने को लेकर प्रभावित होंगे और इस तरह उनके कारोबार का विस्तार होगा। जबकि इसके बरक्स हकीकत यह होती है कि बहुत सारे सफल अभ्यर्थियों का ऐसा दावा करने वाले संस्थानों से कोई वास्ता नहीं होता। कोचिंग संस्थानों को यह स्पष्ट करने की जरूरत महसूस नहीं होती कि सीमित अवसरों के दौर में सभी अभ्यर्थियों की शत-प्रतिशत सफलता की गारंटी वे किस आधार पर देते हैं। इस तरह के दावे एक तरह से झूठ का कारोबार होते हैं, जिसके जाल में फंस कर बहुत सारे विद्यार्थियों का सपना आमतौर पर अधूरा रह जाता है।

**क्रिसमस के अलावा 'ईस्टर' को भी ईसाई धर्म का सबसे बड़ा और प्रमुख पर्व माना जाता है। दरअसल दोनों ही पर्व ईसा मसीह के जन्मदिन के रूप में मनाए जाते हैं। प्रतिवर्ष गुड फ्राइडे के तीसरे दिन रविवार को मनाया जाने वाला 'ईस्टर संडे' ईसाइयों का महत्त्वपूर्ण धार्मिक पर्व है, जो इस वर्ष 20 अप्रैल को मनाया जा रहा है। गुड फ्राइडे के दिन ईसा मसीह के बलिदान को याद कर जहां ईसाई धर्म के लोग दुखी होते हैं, वहीं ईस्टर संडे पर उनकी खुशी दोगुनी होती है क्योंकि ईसाई धर्म की मान्यता के अनुसार गुड फ्राइडे के बाद आने वाले रविवार को दुनिया को प्रेम और करुणा का संदेश देने वाले शांति के मसीहा ईसा मसीह पुनः जीवित हुए थे और उनके जीवित होने की खुशी में ईसाई धर्म को मानने वाले लोग 'ईस्टर संडे' मनाते हैं।**

# नवजीवन और जीवन के बदलाव का प्रतीक पर्व है 'ईस्टर'

(योगेश कुमार गोयल)

नए जीवन और जीवन के बदलाव के प्रतीक के रूप में मनाए जाने वाले ईस्टर पर्व को भाईचारे और स्नेह का प्रतीक माना जाता है। कहा जाता है कि इस दिन ईसा मसीह के जीवित होने के बाद उनको यातनाएं देने वाले और सूली पर चढ़ाने वाले लोगों को भी बहुत पश्चाताप हुआ था।

क्रिसमस के अलावा 'ईस्टर' को भी ईसाई धर्म का सबसे बड़ा और प्रमुख पर्व माना जाता है। दरअसल दोनों ही पर्व ईसा मसीह के जन्मदिन के रूप में मनाए जाते हैं। प्रतिवर्ष गुड फ्राइडे के तीसरे दिन रविवार को मनाया जाने वाला 'ईस्टर संडे' ईसाइयों का महत्त्वपूर्ण धार्मिक पर्व है, जो इस वर्ष 20 अप्रैल को मनाया जा रहा है। गुड फ्राइडे के दिन ईसा मसीह के बलिदान को याद कर जहां ईसाई धर्म के लोग दुखी होते हैं, वहीं ईस्टर संडे पर उनकी खुशी दोगुनी होती है क्योंकि ईसाई धर्म की मान्यता के अनुसार गुड फ्राइडे के बाद आने वाले रविवार को दुनिया को प्रेम और करुणा का संदेश देने वाले शांति के मसीहा ईसा मसीह पुनः जीवित हुए थे और उनके जीवित होने की खुशी में ईसाई धर्म को मानने वाले लोग 'ईस्टर संडे' मनाते हैं। इस पवित्र दिन को 'ईस्टर दिवस' तथा 'ईस्टर रविवार' के नाम से भी जाना जाता है। ईस्टर ईसाई समुदाय के लिए खुशियां मनाने का प्रमुख पर्व है, जिसे ईसा मसीह के चमत्कारों में से एक माना जाता है। ईसाई धर्म के प्रसिद्ध ग्रंथ 'बाइबिल' में भी उल्लेख है कि ईस्टर संडे के दिन पुनः जीवित होने के बाद ईसा मसीह 40 दिन बाद तक पृथ्वी पर रहे और उस दौरान उन्होंने अपने शिष्यों को प्रेम एवं करुणा का पाठ पढ़ाया तथा फिर स्वर्ग चले गए। नए जीवन और जीवन के बदलाव के प्रतीक के रूप में मनाए जाने वाले ईस्टर पर्व को भाईचारे और स्नेह का प्रतीक माना जाता है। कहा जाता है कि इस दिन ईसा मसीह के जीवित होने के बाद उनको यातनाएं देने वाले और सूली पर चढ़ाने वाले लोगों को भी बहुत पश्चाताप हुआ था। ईसाई धर्म




की मान्यताओं के अनुसार 'ईस्टर' शब्द की उत्पत्ति 'ईस्त्र' शब्द से हुई थी। यूरोप में प्रचलित पौराणिक कथाओं के अनुसार ईस्त्र वसंत और उर्वरता की एक देवी थी, जिसकी प्रशंसा में अप्रैल माह में उत्सव होते थे। इन उत्सवों के कई अंश यूरोप के ईस्टर उत्सवों में आज भी देखने को मिलते हैं। इसीलिए इसे नवजीवन या ईस्टर महापर्व का नाम दे दिया गया। कुछ देशों में ईस्टर दो दिन तक भी मनाया जाता है और दूसरे दिन को ईस्टर सोमवार कहा जाता है। ईस्टर संडे के दिन ईसाई धर्म के लोग गिरजाघरों में जाकर यीशु को याद करते हैं, उनकी याद में मोमबत्तियां जलाते हैं, बाइबिल पढ़ते हैं और अपने प्रभु यीशु के जीवित होने की खुशी में एक-दूसरे को बधाई देते हैं। ईस्टर रविवार के पहले सभी गिरजाघरों में रात्रि जागरण तथा अन्य धार्मिक परंपराएं पूरी की जाती हैं और असंख्य मोमबत्तियां जलाकर यीशु में अपना विश्वास प्रकट किया जाता है। ईस्टर पर सजी हुई मोमबत्तियां अपने घरों में जलाना तथा मित्रों में बांटना ईसाई धर्म में एक प्रचलित परम्परा है।

ईस्टर के पहले वाले रविवार को 'खजूर रविवार' के नाम से जाना जाता है। इस संबंध में मान्यता है कि इसी रविवार के दिन ईसा मसीह ने यरुशलम में प्रवेश किया था। ईसाई विद्वानों के मतानुसार 29 ई. को ईसा मसीह गधे पर सवार होकर यरुशलम पहुंचे थे और वहां के लोगों ने खजूर की डालियों से उनका स्वागत किया था, इसीलिए इस दिन को 'पाम संडे' कहा जाता है। यहीं यरुशलम में उनके खिलाफ षड़यंत्र रचा गया और राजद्रोह के आरोप में शुक्रवार को सूली पर चढ़ा दिया गया। ईसा मसीह को सूली पर लटकाने की घटना को गुड फ्राइडे के नाम से जाना जाता है और इसके तीसरे दिन यानी संडे को ईसा मसीह के दोबारा जीवित होने की घटना को ईस्टर संडे के रूप में मनाया जाता है। ईसाई धर्म में इस घटना को इस बात प्रमाण भी माना जाता है कि सत्य कभी नष्ट नहीं हो सकता। ईस्टर की आराधना उषाकाल में ईसाई महिलाओं द्वारा की जाती है क्योंकि माना जाता है कि यीशु का पुनरूत्थान इसी वक्त हुआ था।

ईसाई धर्म की मान्यताओं के अनुसार जब ईसा मसीह को मृत्युदंड दिया गया तो उनके अनुयायी बहुत निराश और हताश हो गए थे लेकिन गुड फ्राइडे के तीसरे दिन रविवार को मरियम मदीलिनी नामक एक महिला ईसा मसीह की कब्र पर गई, जहां उस समय गहन अंधकार छाया था। महिला ने देखा कि ईसा मसीह की कब्र पर पत्थर नहीं है। उसने इसके बारे में ईसा के अनुयायियों को बताया, जिन्होंने वहां आकर देखा तो कब्र में केवल कफन पड़ा था, ईसा मसीह नहीं थे। कुछ देर बाद वे सभी वहां से चले गए लेकिन महिला वहीं बैठकर रोने लगी। तभी उसने देखा कि कब्र में जहां ईसा मसीह का शव रखा था, वहां दो स्वर्गदूत सफेद कपड़े पहने खड़े थे, एक ईसा मसीह के सिर के पास और दूसरा पैरों के पास। दोनों देवदूतों ने महिला से रोने का कारण पूछा तो उसने बताया कि वे उसके ईसा मसीह को लेकर चले गए हैं। तभी उसने वहां ईसा मसीह को देखा। देवदूतों ने उसे कहा कि वे अब परम पिता के पास जा रहे हैं। इस घटना के तुरंत बाद महिला फिर ईसा के अनुयायियों के पास आई और उनको बताया कि कैसे प्रभु ईसा मसीह पुनः जीवित हो गए हैं। ईसाई मान्यताओं के अनुसार ईसा मसीह पुनः जीवित होने के बाद 40 दिन तक पृथ्वी पर रहे और अंत में वे अपने कुछ शिष्यों के साथ आसमान में चले गए। ईस्टर के दिन ईसाई धर्म के लोग अपने घरों को अंडों से सजाते हैं और एक-दूसरे को अंडे उपहार स्वरूप भी देते हैं। दरअसल ईस्टर पर अंडों का विशेष महत्व है क्योंकि ईसाई धर्म के लोग अंडे को नया जीवन और उमंग का प्रतीक मानते हैं।(लेखक साढ़े तीन दशक से पत्रकारिता में निरंतर सक्रिय वरिष्ठ पत्रकार हैं)

# अंतरिक्ष से दुनिया के जंगलों पर नजर

विजय गर्ग

दुनिया के उष्णकटिबंधीय वन पृथ्वी को ग्लोबल वार्मिंग के कुछ सबसे बुरे प्रभावों से बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, क्योंकि वे वायुमंडल से बहुत अधिक कार्बन डाईआक्साइड को अवशोषित करते हैं। एक अनुमान के अनुसार वे वायुमंडल से लगभग आठ अरब टन कार्बन डाईआक्साइड लेते हैं। इन वनों को अक्सर पृथ्वी के हरे फेफड़ों के रूप वर्णित किया जाता है, लेकिन वनों की कटाई और पर्यावरण के क्षरण से वनों की भूमिका कमजोर हो रही है। कार्बन जो वनों में कभी बहुत अधिक मात्रा में संग्रहीत था, वापस वायुमंडल में डाला जा रहा है। इससे ग्रीनहाउस गैसों का स्तर बढ़ रहा है।

भविष्य में ग्लोबल वार्मिंग के प्रभावों से निपटने के लिए हमें अपने उष्णकटिबंधीय वनों के स्वास्थ्य के बारे में जानने की आवश्यकता है। इसके लिए विज्ञानियों ने दुनिया के सबसे दूरस्थ और सबसे घने



उष्णकटिबंधीय जंगलों के विस्तृत उड़ी मानचित्र बनाने की योजना बनाई है। यह काम अंतरिक्ष में एक विशेष रडार स्कैनर को तैनात करके किया जाएगा। इस स्कैनर को यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के बायोमास नामक अंतरिक्ष यान में लगाया गया है, जिसे 29 अप्रैल को फ्रेंच गुयाना से पृथ्वी की कक्षा में प्रक्षेपित किया जाएगा। बायोमास के रडार को पी-बैंड सिंथेटिक एपर्चर रडार के रूप में जाना जाता है। इस प्रकार के रडार को पहले कभी अंतरिक्ष में नहीं उड़ाया गया है। अगले पांच वर्षों तक 1.25 टन वजनी अंतरिक्ष यान अफ्रीका, एशिया और दक्षिण अमेरिका के उष्णकटिबंधीय वर्षावनों पर नजर रखेगा और रडार के दीर्घ वेवलेंथ संकेतों के जरिये नीचे की वनस्पति का अध्ययन करेगा।

बायोमास द्वारा एकत्र किए गए डाटा का उपयोग जंगलों के अनूठे 3डी मानचित्र बनाने के लिए किया जाएगा। इन जंगलों का बड़ा हिस्सा मानव दृष्टि से छिपा हुआ है। इन क्षेत्रों में दो प्रतिशत से भी कम सूरज की रोशनी वन तल तक पहुंचती है। फिर भी बायोमास 600 किलोमीटर से अधिक की ऊंचाई से इन अद्भुत जंगलों का विस्तार से अध्ययन करेगा। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि यह मिशन विज्ञानियों को यह गणना करने में मदद करेगा कि जंगलों में पेड़ों के तलों और शाखाओं पर कितना कार्बन जमा है। मिशन यह पता लगाएगा कि मनुष्यों द्वारा पेड़ों को काटने और वायुमंडल में कार्बन डाईआक्साइड के स्तर को बढ़ाने के कारण वनों में जमा कार्बन के स्तरों में किस तरह से बदलाव हो रहा है। यह इस बारे में भी डाटा प्रदान करेगा कि खनन और कृषि के लिए जंगलों को साफ करने से जैव-विविधता किस दर से नष्ट हो रही है। बायोमास हमें वनों को बेहतर ढंग से समझने में मदद करेगा। (सेवानिवृत्त प्रिंसिपल मलोट पंजाब)

# क्या 20 साल बाद फिर साथ आने वाले हैं ठाकरे ब्रदर्स?





(नितिश दुबे)

अलग-अलग कार्यक्रमों में बोलते हुए दोनों नेताओं ने एक साझा संदेश दिया कि महाराष्ट्र के भाषाई और सांस्कृतिक हित राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता से ऊपर हैं।

महाराष्ट्र की राजनीति में एक बार फिर से हलचल मची हुई है। कयास लगाए जा रहे हैं कि ठाकरे ब्रदर्स एक बार फिर से साथ आ रहे हैं। राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे के राजनीतिक रास्ते 2005 में ही अलग हुए थे। अब चचेरे भाई राज और उद्धव ठाकरे दोनों ने मराठी पहचान और संस्कृति के लिए कथित खतरों की चिंताओं के बीच सुलह का संकेत दिया है। अलग-अलग कार्यक्रमों में बोलते हुए दोनों नेताओं (जो क्रमशः शिवसेना (बीटी) और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) का नेतृत्व करते हैं) ने एक साझा संदेश दिया कि महाराष्ट्र के भाषाई और सांस्कृतिक हित राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता से ऊपर हैं।

अभिनेता और फिल्म निर्माता महेश मांजरेकर के साथ एक पॉडकास्ट के दौरान चचेरे भाइयों के बीच पुनर्मिलन की संभावना के बारे में पूछे जाने पर राज ठाकरे ने कहा कि उनके और उनके चचेरे भाइयों के बीच मतभेद महाराष्ट्र के हितों के लिए हानिकारक साबित हो रहे हैं। राज ठाकरे ने कहा, उद्धव और मेरे बीच विवाद और झगड़े मामूली हैं। महाराष्ट्र इन सबसे कहीं बड़ा है। ये मतभेद महाराष्ट्र और मराठी लोगों के अस्तित्व के लिए महंगे साबित हो रहे हैं। साथ आना मुश्किल नहीं है, यह इच्छाशक्ति का मामला है। यह सिर्फ़ मेरी इच्छा या स्वार्थ की बात नहीं है। हमें बड़ी तस्वीर देखने की ज़रूरत है। सभी राजनीतिक दलों के मराठी लोगों को एकजुट होकर एक पार्टी बनानी चाहिए। हालांकि राज ठाकरे ने 2005 में शिवसेना से अपने पहले के अलगाव और 2022 में एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में होने वाले विभाजन के बीच के अंतर पर ज़ोर दिया। उन्होंने कहा, मैंने शिवसेना तब छोड़ी जब विधायक और सांसद मेरे साथ थे। तब भी, मैंने अकेले चलना चुना क्योंकि मैं बालासाहेब ठाकरे के अलावा किसी और के अधीन काम नहीं कर सकता था। मुझे उद्धव के साथ काम करने में कोई आपत्ति नहीं थी। सवाल यह है - क्या दूसरे पक्ष में मेरे साथ काम करने की इच्छा है? अगर महाराष्ट्र चाहता है कि हम साथ आएं, तो महाराष्ट्र को बोलने दें। मैं अपने अहंकार को ऐसे मामलों में आड़े नहीं आने देता। भारतीय कामगार सेना द्वारा आयोजित एक सभा को संबोधित करते हुए उद्धव ठाकरे ने सुलह के लिए सशर्त खुलापन व्यक्त किया। उन्होंने कहा, मैं छोटे-मोटे विवादों को किनारे रखने के लिए तैयार हूं। मैं सभी मराठी लोगों से महाराष्ट्र के हित में एकजुट होने की अपील करता हूं। लेकिन एक शर्त है - जब हमने संसद में कहा था कि उद्योगों को गुजरात में ट्रांसफर किया जा रहा है, अगर हम तब एकजुट होते, तो हम महाराष्ट्र के लिए काम करने वाली सरकार बना सकते थे। हम पक्ष बदलते नहीं रह सकते ङ्क एक दिन उनका समर्थन, दूसरे दिन उनका विरोध और फिर से समझौता।उद्धव ठाकरे ने कहा, जो कोई भी महाराष्ट्र के हितों के खिलाफ काम करता है - मैं उसका स्वागत नहीं करूंगा, उसे घर नहीं बुलाऊंगा, या उसके साथ नहीं बैठूंगा। पहले यह स्पष्ट हो जाए, और फिर हम महाराष्ट्र के लिए मिलकर काम करें।

**हिंदी का हो रहा विरोध-** यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब दोनों नेताओं ने सभी मराठी और अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों में कक्षा 1 से 5 तक हिंदी को अनिवार्य विषय बनाने के महाराष्ट्र सरकार के फैसले का विरोध किया है। भाजपा के नेतृत्व वाली महायुति सरकार द्वारा शुरू की गई इस नीति को दोनों दलों ने मराठी भाषा का अपमान माना है।

उद्धव और राज ठाकरे ने स्वतंत्र रूप से इस नीति की निंदा की। उनका तर्क था कि यह मराठी की सांस्कृतिक प्रतिष्ठा को कमज़ोर करती है, ख़ास तौर पर ऐसे समय में जब भाजपा सरकार ने मराठी को शास्त्रीय भाषा का दर्जा दिया है। उद्धव ठाकरे ने घाटकोपर का हवाला देते हुए कहा, अगर आप हिंदी को अनिवार्य बनाने जा रहे हैं, तो मैं (देवेंद्र फडणवीस से) कहना चाहता हूं कि घाटकोपर में मराठी को अनिवार्य बना दें। हम किसी अन्य भाषा का विरोध नहीं करते हैं। हम सभी को अपना बनाना चाहते हैं। उत्तर भारतीय, गुजराती और अब मुसलमान भी हमारे साथ हैं, लेकिन आप हमें क्यों अलग करना चाहते हैं? तमिलनाडु में एमके स्टालिन के सामने ऐसा करके देखें। हमें हिंदी से कोई आपत्ति नहीं है। लेकिन इसे अनिवार्य क्यों बनाया जा रहा है? राज ठाकरे ने हिंदी भाषा विवाद पर टिप्पणी करते हुए शुक्रवार को सोशल मीडिया पर लिखा कि उनकी पार्टी राज्य के स्कूली पाठ्यक्रम में अनिवार्य हिंदी भाषा को स्वीकार नहीं करेगी। उन्होंने लिखा, केंद्र सरकार वर्तमान में हर जगह 'हिंदीकरण' करने का प्रयास कर रही है, और न ही वह हमें राज्य में सफल होने देगी। हिंदी राष्ट्रीय भाषा नहीं है।

# प्राकृतिक सुंदरता, ठंडे मौसम और शांति के लिए प्रसिद्ध है कोडाइकनाल

**कोडाइकनाल, तमिलनाडु राज्य के पश्चिमी घाट में स्थित एक खूबसूरत पर्वतीय स्थल है, जो अपनी प्राकृतिक सुंदरता, ठंडे मौसम और शांति के लिए प्रसिद्ध है। इसे 'दक्षिण भारत का शिमला' भी कहा जाता है। यहां की हरी-भरी पहाड़ियाँ, झीलें, जलप्रपात और वन्यजीव अभयारण्य इसे एक आदर्श पर्यटन स्थल बनाते हैं। कोडाइकनाल उन पर्यटकों के लिए स्वर्ग जैसा है जो प्रकृति के बीच शांति और सुकून की तलाश करते हैं। आइए जानते हैं कोडाइकनाल के प्रमुख पर्यटन स्थलों के बारे में।**

(प्रीटी)

कोडाइकनाल की सबसे प्रसिद्ध स्थल है कोडाइकनाल झील। यह झील पूरे शहर के केंद्र में स्थित है और यहां पर्यटक नौका विहार का आनंद ले सकते हैं। झील के चारों ओर सुंदर बगीचे और ट्री-लाइन पथ हैं, जहां आप सैर कर सकते हैं।

कोडाइकनाल, तमिलनाडु राज्य के पश्चिमी घाट में स्थित एक खूबसूरत पर्वतीय स्थल है, जो अपनी प्राकृतिक सुंदरता, ठंडे मौसम और शांति के लिए प्रसिद्ध है। इसे 'दक्षिण भारत का शिमला' भी कहा जाता है। यहां की हरी-भरी पहाड़ियाँ, झीलें, जलप्रपात और वन्यजीव अभयारण्य इसे एक आदर्श पर्यटन स्थल बनाते हैं। कोडाइकनाल उन पर्यटकों के लिए स्वर्ग जैसा है जो प्रकृति के बीच शांति और सुकून की तलाश करते हैं। आइए जानते हैं कोडाइकनाल के प्रमुख पर्यटन स्थलों के बारे में।

1. **कोडाइकनाल झील** : कोडाइकनाल की सबसे प्रसिद्ध स्थल है कोडाइकनाल झील। यह झील पूरे शहर के केंद्र में स्थित है और यहां पर्यटक नौका विहार का आनंद ले सकते हैं। झील के चारों ओर सुंदर बगीचे और ट्री-लाइन पथ हैं, जहां आप सैर कर सकते हैं। यह स्थान परिवारों और दोस्तों के साथ समय बिताने के लिए आदर्श है। झील के किनारे स्थित कैफे और दुकानों से यहां के सौंदर्य का आनंद लिया जा सकता है।

2. **ब्रायंट पार्क** : ब्रायंट पार्क कोडाइकनाल का एक सुंदर बाग-बगिचा है, जहां फूलों और पौधों की एक अद्भुत विविधता देखने को मिलती है। यह पार्क झील के पास स्थित है और यहां की ताजगी और शांति पर्यटकों को बहुत आकर्षित करती है। यह स्थान फोटोग्राफी के शौकिनों के लिए भी आदर्श है, क्योंकि यहां की हरियाली और रंग-बिरंगे फूल किसी चित्र के जैसे दिखते हैं। पार्क में एक विशेष फूल मेला भी आयोजित होता है, जो पर्यटकों को अपनी ओर खींचता है।

3. **सुहाना पहाड़ी** : सुहाना पहाड़ी, जिसे कोकर वॉक भी कहा जाता है, कोडाइकनाल की एक प्रसिद्ध सैरगाह है। यह एक संकीर्ण मार्ग है, जो पहाड़ी की चोटी से गुजरता है और यहां से



आप कोडाइकनाल का अद्भुत दृश्य देख सकते हैं। इस स्थल से आपको पूरे शहर का दृश्य और घाटियों का शानदार नज़ारा मिलता है। यह स्थल ट्रैकिंग और सैर के शौकिनों के लिए आदर्श है। विशेष रूप से सूर्योदय और सूर्यास्त के समय यहां का दृश्य बहुत ही आकर्षक होता है।

4. **पिलर रॉक** : पिलर रॉक, कोडाइकनाल का एक प्रसिद्ध स्थल है, जो विशाल और ऊंची चट्टानों का समूह है। ये चट्टानें लगभग 400 फीट ऊंची हैं और इनका दृश्य बहुत ही अद्भुत और आकर्षक होता है। पर्यटक यहां ट्रैकिंग और फोटोग्राफी का आनंद ले सकते हैं। यह स्थल कोडाइकनाल के आकर्षणों में से एक है और यहां का दृश्य बहुत ही मनमोहक होता है।

5. **साइलेंट वैली व्यू** : साइलेंट वैली व्यू कोडाइकनाल का एक शांतिपूर्ण और खूबसूरत स्थल है, जहां से आप पूरी घाटी का सुंदर दृश्य देख सकते हैं। यह स्थान पूरी तरह से प्रकृति के बीच स्थित है, जहां आपको शांति और एकांत का अनुभव होता है। यह स्थल विशेष रूप से उन पर्यटकों के लिए आदर्श है जो प्रकृति से जुड़ी शांति की तलाश में होते हैं।

6. **गोल्डन वैली और वाटरफॉल** : कोडाइकनाल के पास स्थित गोल्डन वैली और जलप्रपात एक प्रमुख पर्यटन स्थल है। यहां की घाटियां और गिरते हुए पानी के झरने बहुत ही सुंदर और आकर्षक होते हैं। यह स्थल ट्रैकिंग और प्रकृति प्रेमियों के लिए एक आदर्श गंतव्य है। झरने के पास ठंडी हवा और शांत वातावरण में समय बिताना एक बेहतरीन अनुभव होता है।

7. **वैली व्यू** : वैली व्यू, कोडाइकनाल के प्रमुख दृश्य स्थलों में से एक है। यहां से आपको कोडाइकनाल की घाटियों और पहाड़ियों का खूबसूरत दृश्य दिखाई देता है। यह स्थल विशेष रूप से सूर्योदय और सूर्यास्त के समय शानदार होता है। यहां से पहाड़ों के बीच फैली हरी-भरी घाटियों का दृश्य बहुत ही अद्वितीय होता है।

8. **शिवाजी पार्क** : शिवाजी पार्क कोडाइकनाल का एक प्रमुख पर्यटक स्थल है, जो झील के पास स्थित है। यह एक खूबसूरत पार्क है, जहां आप बच्चों के साथ आराम से समय बिता सकते हैं। यहां खेलकूद के सामान और अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध हैं। यह स्थल परिवारों के लिए एक आदर्श गंतव्य है।

9. **कुन्नू वॉटरफॉल** : कुन्नू जलप्रपात कोडाइकनाल के पास स्थित एक और आकर्षक स्थल है। यहां पानी के गिरने की आवाज और आसपास का दृश्य बहुत ही आकर्षक होता है। यह झरना मुख्य रूप से ट्रैकिंग और साहसिक पर्यटन के शौकिनों के लिए एक बेहतरीन स्थल है।

10. **नैकलूट** : नैकलूट कोडाइकनाल के पास स्थित एक खूबसूरत गांव है। यहां के परिवेश में शांति और प्राकृतिक सौंदर्य की कोई कमी नहीं है। यह स्थान प्राकृतिक प्रेमियों और फोटोग्राफी के शौकिनों के लिए आदर्श है। यहां की शांति और हरियाली आपको एक अलग ही दुनिया में ले जाती है।

कोडाइकनाल एक ऐसा स्थल है, जहां प्रकृति, शांति और साहसिक अनुभवों का अद्भुत मिश्रण मिलता है। यहां के पहाड़ी दृश्य, झील, जलप्रपात, और पार्क पर्यटकों को एक अविस्मरणीय अनुभव प्रदान करते हैं। यदि आप शांति और ठंडी जलवायु के बीच प्रकृति का आनंद लेना चाहते हैं, तो कोडाइकनाल आपके लिए एक आदर्श पर्यटन स्थल हो सकता है। यहां की हवा, वातावरण और प्राकृतिक सौंदर्य आपके मन को शांति और ताजगी से भर देंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### बरही के बेहराबाद और तेतरिया भंडारो में हाथियों का उत्पात

**हजारीबाग/बरही/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बरही के बेहराबाद में हाथियों के झुंड ने उत्पात मचाया। शनिवार की रात हाथियों का झुंड पहुंचने से बेहराबाद , पुरहारा, बैरीसाल और हथगड्डा के ग्रामीण दहशत में है। शनिवार की रात बेहराबाद के स्कूल की खिड़की तोड़ दिया। आंगनबाड़ी केंद्र की चारदीवारी क्षतिग्रस्त कर दिया। बेहराबाद में हाथियों के झुंड ने कौशल्या देवी पति स्व टीको रविदास की मिट्टी का घर क्षतिग्रस्त कर दिया। घर में रखे चावल, गेहूं, मडुआ, आलू प्याज और सरसों का तेल खाया और नष्ट कर दिया। तेतरिया भंडारो में अर्जुन यादव के घर की खिड़की तोड़कर घर में रखे अनाज खा गए। बरही वन विभाग की टीम लगातार हाथियों के झुंड पर नजर रख रही है। एक दिन पूर्व ही हाथियों के झुंड को बरही के विजैया जंगल से भगा दिया गया था। लेकिन दूसरे दिन फिर हाथियों का झुंड बेहराबाद और तेतरिया भंडारो पहुंच गया। झुंड में 25 साथी हैं जो दो समूहों में बंटे हैं। एक समूह में हाथी का एक बच्चा भी शामिल है। हाथी का झुंड बेहराबाद पुरहारा बैरीसाल और हथगड्डा जंगलों में ही विचरण कर रहा है। वन विभाग की टीम हाथियों को भगाने का प्रयास कर रही है। वन विभाग ने हाथियों से छेड़छाड़ नहीं करने और अंधेरे में घर से बाहर नहीं निकलने की सलाह दी है।

### स्टेट पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में हर्षित ने जीता गोल्ड, श्रुति ने सिल्वर

**लोहरदगा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राज्य स्तरीय पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में जिले के हर्षित राज ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया है। वही श्रुति साहू ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर सिल्वर मेडल हासिल करते हुए जिले का नाम रोशन किया है। गत 18-19 अप्रैल को रांची के गुरु नानक स्कूल में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन पावरलिफ्टिंग इंडिया के द्वारा किया गया था। जिसमें राज्य भर के 350 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया था। प्रतियोगिता के जूनियर 105 किलो ग्राम कैटेगरी में भाग लेते हुए हर्षित राज ने पावरलिफ्टिंग में 598.5 किलो वजन उठाया है। वही उन्होंने बेंच प्रेस में 192.5 किलो वजन उठाकर गोल्ड मेडल हासिल किया। गोल्ड मेडल प्राप्त हर्षित राज का चयन राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया है जिसका आयोजन मई माह में महाराष्ट्र में होगा। वहीं जिले की उभरती पावरलिफ्टर श्रुति साहू ने अंडर 72 किलोग्राम कैटेगरी में भाग लेते हुए बेंच प्रेस में 57.5 किलोग्राम वजन उठाकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। प्रतिभागियों के बेहतर प्रदर्शन पर जिले के खेल संगठनों ने बधाई और शुभकामनाएं दी है।

### वक्फ कानून के विरोध में अंजुमन करेगा ब्लैक आउट

**लोहरदगा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** वक्फ कानून 2025 के विरोध में अंजुमन इस्लामिया लोहरदगा के तत्वावधान में तथा सदर अब्दुल रउफ अंसारी की सदारत में रविवार को खादगढ़ा मैरेज हॉल में सभी देही अंजुमन सदर व सेक्रेटरी, जिले के सभी मस्जिद के इमामों और उलेमाओं की संयुक्त बैठक हुई। सदर अब्दुल रउफ अंसारी ने कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार वक्फ कानून के जरिए मुसलमानों की जमीन छीनने और मुस्लिमों को दूसरे दर्जे का नागरिक बनाने का संगठित और कुत्सित प्रयास कर रही है। अंजुमन इस्लामिया की बैठकों में लिए गए निर्णय के मुताबिक 25 अप्रैल को बाद नमाज जुम्मा जामा मस्जिद से पावरगंज मस्जिद तक मानव श्रृंखला बना कर वक्फ कानून 2025 के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। 30 अप्रैल की रात नौ से रात 10 बजे तक ब्लैक आउट किया जाएगा। सभी मुसलमान अपने घर, मकान, दुकान, प्रतिष्ठान की लाइटें बंद करके अंधेरा कर विरोध जाएंगे। वक्ताओं ने कहा कि वक्फ इस्लामी कानून का एक मौलिक हिस्सा है, जो कुरान और हदीस से लिया गया है और यह अन्य दूसरी इबादत की तरह एक धार्मिक कार्य है। लेकिन वक्फ कानून 2025 में केन्द्रीय वक्फ बोर्ड और राज्य वक्फ बोर्ड में गैर-मुस्लिमों का बहुमत होना धार्मिक मामलों में खुला हस्तक्षेप है, जो भारतीय संविधान के अनुच्छेद 26 का खुला उल्लंघन है। इसमें भारत के संविधान की भावना और उसकी मूल अवधारणा का उल्लंघन कर रही है। केंद्र सरकार से वक्फ कानून 2025 को तुरंत वापस लेने की मांग की गई।

### 10 दिनों बाद भी रोजगार सेवकों ने नहीं सौंपा एक-दूसरे को प्रभार

**लातेहार/बेतला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बरवाडीह के बीडीओ रेशमा रेखा मिंज के आदेश के 10 दिनों बाद भी रोजगार सेवकों ने निर्देशित पंचायतों में अपना प्रभार एक-दूसरे को नहीं सौंपा है। इससे पंचायतों का विकास कार्य बुरी तरह प्रभावित है। मालूम हो कि बीडीओ ने मनरेगा संचालित योजनाओं को सुचारू ढंग से निष्पादन करने को लेकर अपने कार्यालय से निर्गत ज्ञापांक सं- 635 दिनांक 11/04/2025 के द्वारा प्रखंड के रोजगार सेवकों का बड़े पैमाने पर फेर-बदल किया था। वहीं सभी रोजगार सेवकों को तत्काल प्रभाव से 24 घंटा के अंदर एक-दूसरे को प्रभार सौंपने का सख्त निर्देश दिया था। पर आदेश के 10 दिनों बाद भी सभी रोजगार सेवक अपने पंचायतों में पूर्ववत जमे हैं। इससे लोगों में विकास कार्यों के क्रियान्वयन को लेकर संशय की स्थिति बरकरार है। वहीं कुछ रोजगार सेवकों ने दबी जुबान से स्थानांतरण में रुपयों का जमकर खेल होने की बात बताते प्रखंड के तीन रोजगार सेवकों परमेश्वर सिंह (लात),सुशीला तिर्की (छिपादोहर ) और कमलेश सिंह (केचकी एवं मंगरा) को उनके पूर्व पंचायतों में यथावत बने रहने की बात बताई। इधर मामले में बरवाडीह के प्रभारी बीपीओ ने रोजगार सेवकों के आरोप को पूरी तरह आधारहीन बताते बीडीओ द्वारा उनका स्थानांतरण किए जाने की बात बताई। वहीं प्रभार नहीं सौंपे जाने के मामले में बीडीओ से निर्देश मिलने पर सभी से स्पष्टीकरण मांगे जाने की बात कही।

### एक माह बाद हुआ कचरे का उठाव

**लातेहार/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर पंचायत के वार्ड चार के धोबी मोहल्ला और वार्ड दो के सामुदायिक शैचालय के पास लगा गंदगी के अंबार को हटाया गया। यह कार्रवाई खबर प्रकाशित होने के बाद कि गई। मालूम हो कि पिछले एक माह से कचरा उठाव नहीं होने से यहां के लोग दुर्गंध से परेशान हैं। इस संबंध में कई बार मोहल्ले के लोगों ने नगर पंचायत को अवगत कराया था। परंतु फलाफल शून्य रहा था। मोहल्लेवासी लाचार होकर सोमवार को मीडिया कर्मियों को अवगत कराया और कचरे से निजात दिलाने की मांग रखी थी। मुहल्ले के लोगों ने कहा कि समय-समय पर नगर पंचायत का टैक्स देने के बावजूद सुविधाएं नदारद हैं। मालूम हो कि नगर पंचायत के कई वार्ड में कचरा उठाव वहान नहीं आने से सड़क के आसपास गंदगी का अंबार लग जा रहा है। लोगों ने कहा कि टैक्स जमा करने के बाद भी सुविधा नहीं मिलती है। इधर कचरा हटाये जाने के बाद मोहल्ले के स्थानीय निवासियों ने हिंदुस्तान अखबार के प्रतिनिधि और नगर पंचायत के प्रशासक को साधुवाद दिया है।

### चैता दुगोला महामुकाबला तीन मई को

**लातेहार /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहर के के धर्मपुर स्थित महिला डिग्री कॉलेज के पास आगामी तीन मई को चैता दुगोला महामुकाबला का आयोजन किया जायेगा। इस आयोजन में झारखंड के व्यास शिवशंकर यादव ,धनबाद एवं बिहार के व्यास प्रभुनाथ तिवारी दुरोंधा, सीवान, बिहार के बीच मुकाबला होगा। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि चतरा सांसद कालीचरण सिंह व विशिष्ठ अतिथि विधायक प्रकाश राम होगें। चैता महा मुकाबला आयोजन समिति के द्वारा इसकी तैयारियों शुरू कर दी गयी है।

### एकलव्य शॉर्टहैण्ड एण्ड टाइपिंग इंस्टीच्यूट ने अपनी प्रथम वर्षगांठ मनाई

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** एकलव्य शॉर्टहैण्ड एण्ड टाइपिंग इंस्टीच्यूट, उत्तरी मंदीरी, बुद्धा कॉलोनी, पटना के स्थापना का प्रथम वर्षगांठ दिनांक 21 अप्रैल, 2025 को मनाया गया। संस्थान से प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले 15 छात्रों का चयन बेल्ट्रॉन द्वारा आयोजित डाटा इन्ट्री ऑपरेटर पद पर हुआ है, जिन्हें संस्थान के अनुदेशक श्रीमती गुड्डी कुमारी द्वारा पुरस्कृत किया गया। बेल्ट्रॉन द्वारा चयनित होने वाले प्रशिक्षणार्थी गौतम कुमार, राहुल कुमार, नवीन कुमार, कंचन कुमारी, पूजा कुमारी, मोनिका कुमारी, दुर्गेश नंदिनी इत्यादि में काफी उत्साह देखा गया। संस्थान के अनुदेशक द्वारा छात्रों के उज्वल भविष्य की कामना की गई।



# जिला प्रशासन ने की ग्रासरूट्स खेल विकास मॉडल को सशक्त बनाने की पहल

## उत्कर्ष सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर स्पोर्ट्स परियोजना के माध्यम से 27 खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर, 72 खिलाड़ी राज्य स्तर पर, और 6 खिलाड़ी उच्च सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के लिए हुए चयनित




**खूंटी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले में स्थानीय खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित और प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से, जिला प्रशासन ने रूट्स फाउंडेशन के माध्यम से उत्कर्ष - सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर स्पोर्ट्स, खूंटी परियोजना का शुभारंभ जनवरी 2024 में किया था। यह जिला प्रशासन, खूंटी की अभिनव पहल है, जो खूंटी की खेल परंपरा को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। इस परियोजना के तहत बच्चों को खेल-विशेष मार्गदर्शन और उच्च स्तरीय प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है, ताकि वे अपनी खेल क्षमताओं को निखार सकें और अपने क्षेत्र, खूंटी, झारखंड को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित कर सकें। उपायुक्त लोकेश मिश्रा के मार्गदर्शन में यह परियोजना बड़ी सफलता प्राप्त कर रही है। इस परियोजना को लेकर उपायुक्त ने कहा कि प्रोजेक्ट उत्कर्ष सिर्फ खेल प्रतिभाओं के विकास का मंच नहीं है, बल्कि यह बदलाव, अवसर और भविष्य निर्माण की पहल है। यह पहल खूंटी की टैलेंटेड पीढ़ी को खेलों के क्षेत्र में एक नई पहचान दिला रही है। जिले में नेसर्गिक रूप से खिलाड़ी मौजूद हैं। रूट्स फाउंडेशन ने विभिन्न खेलों की गाइडलाइनों को ध्यान में रखते हुए खिलाड़ियों को सही दिशा में प्रशिक्षित किया, जिससे बच्चों को खूंटी जिले का प्रतिनिधित्व करने में किसी प्रकार की कठिनाई नहीं हुई। प्रोजेक्ट उत्कर्ष को लागू करने के लिए जिला प्रशासन ने खूंटी के छह प्रखंडों में 20 ट्रायल आयोजित किए, जिसमें 5,000 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। इन ट्रायल्स से 100 प्रतिभाशाली छात्रों का चयन किया गया, जिनमें 36 छात्रों को हॉकी और फुटबॉल तथा 28 को एथलेटिक्स के लिए चुना गया। ये छात्र 12 से 17 आयु वर्ग में खेलते हैं। छात्रों को जून 2024 में परियोजना के तहत आवासीय सुविधा में शामिल किया गया, जहां वे नियमित रूप से सुबह और शाम खेल विशेषज्ञ ट्रेनर और खेल प्रबंधन टीम के निर्देशन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। उत्कर्ष परियोजना के तहत छात्रों के समग्र विकास को सुनिश्चित करने के लिए उच्च स्तरीय बुनियादी ढांचा उपलब्ध कराया गया है। छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए सरकारी स्कूलों तक समर्पित बस के माध्यम से पहुंचाया जाता है। छात्रों को आवासीय सुविधा में पोषणयुक्त भोजन और स्पोर्ट्स करियर काउंसलिंग का लाभ भी प्रदान किया जा रहा है। दस महीनों के प्रशिक्षण में प्रोजेक्ट उत्कर्ष ने उल्लेखनीय प्रगति की है। परियोजना के 27% छात्रों ने राष्ट्रीय स्तर और 64% छात्रों ने राज्य/सभागीय स्तर पर टूनामेंटों में खूंटी जिले का प्रतिनिधित्व किया है।

> **प्रोजेक्ट उत्कर्ष सिर्फ खेल प्रतिभाओं के विकास का मंच नहीं है, बल्कि यह बदलाव, अवसर और भविष्य निर्माण की पहल है : उपायुक्त**

गणालोया, खूंटी गांव की 15 वर्षीय छात्रा अनिशा कुमारी इसका उत्कृष्ट उदाहरण हैं। वह अब राज्य स्तर पर हॉकी में प्रतिस्पर्धा कर रही हैं और उन्होंने कहा, यह परियोजना मेरे लिए जीवन बदलने वाला साबित हुई है। मैं यहां अपने सपनों को सच होते देख रही हूं। प्रोजेक्ट उत्कर्ष न केवल खेल में उत्कृष्टता प्रदान करने पर केंद्रित है, बल्कि छात्रों के शैक्षणिक, मानसिक और व्यक्तिगत विकास पर भी ध्यान देता है। यह पहल खूंटी में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने और ग्रामीण क्षेत्रों से प्रतिभाओं को सामने लाने का एक आदर्श उदाहरण बन गई है जिसे अन्य जिलों में भी अपनाया जाना चाहिए। उत्कर्ष CoES का सांस्कृतिक रूप से सशक्त दृष्टिकोण स्थानीय परंपराओं को अपने केंद्र में समाहित करता है, जिससे छात्र-खिलाड़ियों के साथ गहरी जुड़ाव सुनिश्चित होता है। यह पहल खूंटी में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने और ग्रामीण क्षेत्रों से प्रतिभाओं को सामने लाने का आदर्श उदाहरण बन गई है, जो सांस्कृतिक मूल्यों और संरचित प्रशिक्षण पर जोर देती है, जिससे खिलाड़ी अपने खेल में उत्कृष्टता प्राप्त कर रहे हैं। यह मॉडल अन्य जिलों और राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनाया जाना चाहिए।

## बैंक ऑफ इंडिया, आर-सेटी, खूंटी द्वारा महिला दर्जी एवं वाणिज्यिकी बागवानी प्रशिक्षण का सफल समापन



**खूंटी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बैंक ऑफ इंडिया के अंतर्गत संचालित ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आर-सेटी), खूंटी में आज महिला दर्जी एवं वाणिज्यिकी बागवानी प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम खूंटी जिले के विभिन्न प्रखंडों से आई 67 महिलाओं के लिए आयोजित किया गया था, जो एक माह की अवधि तक चला। यह प्रशिक्षण पूर्णतः निःशुल्क था, जिसमें प्रतिभागियों को आत्मनिर्भर बनाने हेतु वस्त्र सिलाई तथा वाणिज्यिक बागवानी के उन्नत तकनीकों की जानकारी दी गई। दर्जी प्रशिक्षण के अंतर्गत कोडरमा से आई प्रशिक्षिका श्रीमती कविता कुमारी ने प्रतिभागियों को शर्ट, पैंट, कुर्ता, पायजामा, ब्लाउज, नाईटी, पेटीकोट आदि परिधान की कटिंग एवं सिलाई के विभिन्न डिजाइनों का व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया। वहीं वाणिज्यिक बागवानी प्रशिक्षण में प्रशिक्षक श्री अकरम अंसारी ने वैज्ञानिक पद्धतियों से बागवानी, पौधों की देखभाल एवं व्यवसायिक खेती की बारीकियों से सभी को अवगत कराया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को रांची स्थित जे.एस.एल.पी.एस. के केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थान, काठीटांड़ में भ्रमण हेतु ले जाया गया, जहां उन्हें वस्त्र सिलाई से संबंधित व्यवहारिक ज्ञान प्राप्त हुआ। प्रशिक्षण के अंतिम दिन श्री उमेश प्रकाश सिन्हा एवं श्रीमती बिदिया रानी शुक्ला द्वारा प्रतिभागियों का मूल्यांकन एवं प्रमाणीकरण किया गया। उन्होंने प्रतिभागियों से व्यक्तिगत रूप से फीडबैक लेते हुए उनके व्यवहारिक ज्ञान का आकलन किया। पाठ्यक्रम समन्वयक सुशील कुमार ने प्रशिक्षण के दौरान सभी को उद्यमिता के विभिन्न पहलुओं झ जैसे सफल उद्यमी बनने के गुण, बाजार प्रबंधन, समस्या समाधान, बैंकिंग प्रक्रिया, सरकारी योजनाएं एवं कौशल विकास झ से विस्तारपूर्वक अवगत कराया। साथ ही, प्रशिक्षण में शामिल सभी बागवानी मित्रों ने लोन के लिए केसीसी फॉर्म भरे, जिन्हें बैंक द्वारा ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। समापन समारोह में आर-सेटी खूंटी के निदेशक मिथिलेश कुमार, संकाय सदस्य श्री सुशील कुमार एवं श्री संजय कुमार ने सभी प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के सफल संचालन में सहायक निर्मल हेमरोम एवं जितेंद्र महतो की भी सराहनीय भूमिका रही। समारोह का समापन निदेशक मिथिलेश कुमार के धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया।

## सड़क किनारे दुकान और पार्किंग की वजह से लगता है जाम

**लोहरदगा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** लोहरदगा शहर की सड़कों पर आवागमन ट्रैफिक जाम के कारण त्रासदी बन जाती हैं। नगर क्षेत्र में फ्लाईओवर तो नहीं बना, मगर सड़कें खूब बनी हैं। यहां हर सड़क के किनारे अस्थायी दुकानें, या स्थायी दुकानों का सामान फुटपाथ तक फैला रहता है, जिसकी वजह से जाम की स्थिति बनी रहती है। पार्किंग स्लाट नहीं होने की वजह से सड़क किनारे और कई बार सड़क पर ही गाड़ियां खड़ी कर दी जाती हैं। नगर पर्षद रवायती तौर पर अतिक्रमण हटाने की पहल करता है, मगर दो-चार रोज में स्थिति फिर जस की तस हो जाती है। सड़कें इतनी संकरी हो जाती हैं कि गाड़ियां चलती नहीं, सरकती हैं। नगर क्षेत्र में ऐसे स्थान हैं जिसे बोतल नेक कहा जाए तो अतिशयोक्ति नहीं होगी। कई सड़कें चौड़ी हैं, पर उनपर अतिक्रमण हावी है। पावरगंज चौक, मैना बगीचा, अमला टोली, शास्त्री चौक, महावीर चौक, ईस्ट गोला रोड, न्यू रोड बरवा टोली चौक, रेलवे साइडिंग, कचहरी चौक, अपर बाजार आदि स्थानों पर प्रतिदिन जाम लगता है। अमला टोली, पावरगंज व महावीर चौक में जाम की परेशानी अधिक है। जानकारों की मानें तो लोहरदगा शहर बिना प्लानिंग के बसा और फैलता चला गया है। सड़कें कहीं पर तो बहुत अधिक चौड़ी और कहीं पर बहुत अधिक संकरी रह गई हैं। नगर पर्षद द्वारा कई बार अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया गया। सड़क पर कुछ जगह खाली हुई मगर सड़क चौड़ीकरण के बाद कई जगहों पर नालियां और बिजली के पोल सड़क पर आ गए हैं। इन पोल को शिफ्ट नहीं करने से परेशानी बढ़ गई है।

## मनरेगा में भ्रष्टाचार के खिलाफ लाभुकों ने खोला मोर्चा

**लातेहार/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** लातेहार प्रखंड में मनरेगा योजनाओं में भ्रष्टाचार को लेकर लाभुकों ने रविवार को मोर्चा खोल दिया है। शहर के माको डाक बंगला में बैठक कर लाभुकों ने चेतावनी दी कि जब तक भ्रष्टाचार नहीं रुकेगा, तब तक वे कोई काम नहीं करेंगे। बैठक में राजेश कुमार यादव,लालमोहन साव, गुड्डू अंसारी, विकास यादव, उदय राम, राजेश यादव, शारु अंसारी समेत दो दर्जन से अधिक लाभुकों ने आरोप लगाया है कि बीपीओ समेत प्रखंड के अन्य कर्मी के द्वारा योजनाओं में वसूली कर रहे हैं। लाभुकों ने बताया कि योजना एंट्री के नाम पर बीपीओ द्वारा 2000 रुपए, मास्टर रोल में नाम जोड़ने पर दो प्रतिशत और सेकंड जिओ छोड़ने के नाम पर 1000 रुपए लिए जा रहे हैं। पैसा नहीं देने पर मास्टर रोल पर साइन नहीं किया जाता। इसके अलावे जेई के द्वारा ईएमबी के नाम पर पांच प्रतिशत अलग से वसूली किया जाता है। जिस कारण मजदूरों को मजदूरी नहीं मिल रही है। लाभुकों का कहना है कि लातेहार प्रखंड में मनरेगा योजना में भ्रष्टाचार बढ़ता जा रहा है। लाभुकों का कहना है कि बिना पैसे दिए कोई काम नहीं होता। अधिक वसूली के कारण मजदूरों को रोजगार नहीं मिल पा रहा है। लाभुकों ने आरोप लगाया कि बीपीओ द्वारा लाभुकों को बेवजह परेशान किया जाता है। बैठक के बाद सभी लाभुकों ने जिला परिषद सदस्य विनोद उरांव को आवेदन सौंपकर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की। विनोद उरांव ने कहा कि लाभुकों का आवेदन मिला है। उन्होंने कहा कि प्रखंड में भ्रष्टाचार चरम पर है। इसकी जानकारी बीडीओ को दी गई, लेकिन वे भ्रष्टाचार रोकने में नाकाम रहे। उन्होंने आरोप लगाया कि बीडीओ, बीपीओ और कंप्यूटर ऑपरेटर की मिलीभगत से लाभुकों से जबरन पैसे वसूले जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस मामले में डीसी से मिलकर बीपीओ समेत अन्य कर्मियों को हटाने की मांग करेंगे। अगर कर्मियों को नहीं हटाया गया तो आंदोलन किया जाएगा। मौके पर शमशाद आलम, एमडी सरफराज, लालमोहन साव, कमाल अंसारी, बी यादव, इमरान अंसारी, दिनेश यादव, राहुल यादव, राजेंद्र प्रसाद,आनन्द भुईयां समेत दर्जनों लाभुक मौजूद थे। इस संबंध में बीडीओ ने कहा कि ऐसा कुछ मामला मेरे पास नहीं आया है आने के बाद जांच की जाएगी। वही बीपीओ ने कहा कि सारा आरोप गलत है।

## गौतम विहार कॉलोनी में चोरों ने चार घरों में की एक ही रात लाखों की चोरी

**हजारीबाग/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** हजारीबाग जिला प्रतिनिधि मुफस्सिल थाना क्षेत्र पंचायत सिल्वर गौतम विहार कॉलोनी में बीती रात चोरी की एक बड़ी वारदात ने पूरे क्षेत्र को दहला दिया है। चोरों ने सुनसान मुहल्ले का फायदा उठाते हुए सेना और बीएसएफ में कार्यरत दो अधिकारियों के घरों समेत चार घरों को अपना निशाना बनाया है। इस घटना के बाद कॉलोनी के लोग भय और आक्रोश में हैं। जानकारी के अनुसार, चोरी की पहली घटना सेना में कार्यरत रंजन कुमार के घर में हुई, जो इस समय ड्यूटी पर हैं। उनका परिवार शादी समारोह में भाग लेने के लिए पटना गया हुआ था। चोरों ने घर का दरवाजा गैस कटर से काटकर अंदर प्रवेश किया और लगभग पांच लाख रुपये मूल्य के आभूषण तथा अन्य कीमती सामान चुरा लिया। पीड़ित परिवार ने घटना की जानकारी मिलते ही तुरंत पुलिस को सूचना दी, लेकिन समाचार लिखे जाने तक पुलिस घटनास्थल पर नहीं पहुंची थी। इसी प्रकार की दूसरी घटना बीएसएफ में कार्यरत राजीव कुमार के घर में हुई, जो दिलीप कुमार सिंह के मकान में अपने परिवार सहित रहते हैं। वे भी विवाह समारोह में शामिल होने के लिए पटना गए हुए थे। चोरों ने उनके घर के तीन कमरों के दरवाजों को गैस कटर से काटा और एक बड़ा बक्सा तोड़कर लगभग आठ लाख रुपये मूल्य के आभूषण, महत्वपूर्ण सरकारी दस्तावेज तथा पेपर भी चोरी होने के संभावना जताया जा रहा है।राजीव कुमार को जब चोरी की सूचना मिली तो उन्होंने तुरंत पटना से हजारीबाग के लिए बस पकड़ी और उनके सुबह तक पहुंचने की संभावना है। स्थानीय लोगों के अनुसार, इस कॉलोनी के अधिकांश निवासी इन दिनों विवाह समारोहों के चलते बाहर गए हुए हैं, जिससे क्षेत्र लगभग खाली पड़ा है और चोरों के लिए यह सुनहरा मौका बन गया। कॉलोनी के अन्य तीन-चार घरों में भी चोरी की घटनाएं सामने आई हैं, जिससे पूरे मोहल्ले में दहशत का माहौल व्याप्त है। फिलहाल पुलिस द्वारा घटनास्थल पर पहुँचने की पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन अधिकारियों का कहना है कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जाँच की जा रही है। क्षेत्रवासियों ने पुलिस प्रशासन से रात्रि गश्त बढ़ाने, अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करने तथा सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की माँग की है।

## रेल फाटक तोड़ पटरी पर चढ़ा गिट्टी लदा ट्रक, बड़ा हादसा टला

**छपरा (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मांझी थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच-19 और छपरा-बलिया रेलखंड स्थित 65ए मझनपुरा रेलवे क्रॉसिंग पर सोमवार की अहले सुबह एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। गिट्टी लदा हाइवा ट्रक अनियंत्रित होकर रेल फाटक को तोड़ते हुए दोनों रेल लाइनों पर चढ़ने के बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया। घटना सुबह 5:35 बजे हुई। सौभाग्यवश उस समय क्रॉसिंग पर कोई व्यक्ति या वाहन मौजूद नहीं था, जिससे जनहानि नहीं हुई। इससे भी बड़ी राहत की बात यह रही कि उखड़ा हुआ फाटक रेल रेल ओवर हेड लाइन के तारों के संपर्क में नहीं आया, अन्यथा ट्रक में आग लग सकती थी। स्थानीय गेटमैन ने तत्काल घटना की सूचना मांझी, गौतम स्थान व बकुल्हा स्टेशन के स्टेशन मास्टरों सहित वरीय अधिकारियों को दी। तत्पश्चात सभी ट्रेनों को छपरा व बलिया स्टेशनों पर रोका गया। आरपीएफ, जीआरपी, मांझी थाना पुलिस व रेलवे अधिकारी मौके पर पहुंचे और दो क्रेन व जेसीबी की सहायता से करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद ट्रक को पटरी से हटाया गया।

## नक्सलियों की तलाश में जारी है सर्च अभियान









**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो के अति नक्सल प्रभावित लूगु पहाड़ की तलहटी में चोरगांवा बस्ती और सोसाटोला के बीच जंगल में आज तड़के हुई नक्सलियों और पुलिस के बीच भीषण मुठभेड़ में एक करोड़ के इनामी कमांडर विवेक दा सहित कुल आठ नक्सली मारे गए। मौके से पुलिस ने बड़ी संख्या में नक्सलियों के हथियार और गोला बारूद भी बरामद किया है। विवेक के मारे जाने के बाद लगभग ढाई घंटे चली भीषण गोलीबारी से भयभीत नक्सली भाग निकले, जिनकी घेराबंदी की गई है। उनकी तलाश में लगातार सर्च अभियान चलाया जा रहा। अर्धसैनिक बल के जवान और जिला पुलिस जंगल में उन्हें घेरने की कोशिश कर रही है। दूसरी तरफ ललपनिया से जागेश्वर बिहार की ओर जाने वाली सड़क पर भी सघन जान की जा रही है। भागे नक्सलियों को पुलिस किसी भी सूरत में जिले से निकलने नहीं देना चाहती। सुबह हुई मुठभेड़ से सोसोटोला के ग्रामीण दहशत ने हैं। यहां के ग्रामीणों ने दबी जुबान से बताया कि उन्होंने सुबह 5 बजे से लगातार ढाई तीन बजे तक गोलियों की आवाज सुनीं। वे अपने अपने घर के अंदर चले गए। उन्होंने कहा कि वे काफी डरे हुए हैं।

# रजरप्पा में बंद पड़ी कोयला खदान में आग का तांडव, धुंए से लोग परेशान



**रामगढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** झारखंड में रामगढ़ जिले के रजरप्पा में एक बंद कोयला खदान में भीषण आग लगने की खबर है। आग के बाद इलाके में घना काला धुआं छा गया। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। स्थानीय लोगों ने दावा किया है कि जहरीले धुएं से इलाके में रहने वाले करीब 10,000 लोग प्रभावित हो सकते हैं। उन्होंने स्थानीय प्रशासन और सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) को इस स्थिति के लिए जिम्मेदार ठहराया तथा आरोप लगाया कि कुछ दिन पहले जब जमीन के नीचे मामूली आग लगी थी,तब उनकी शिकायतों पर कोई संज्ञान नहीं लिया गया था। उपायुक्त चंदन कुमार ने बताया कि आग बुझाने के लिए एक टीम मौके पर भेज दी गई है। उन्होंने बताया कि आग पर काबू पाने के लिए युद्ध स्तर पर काम करने के निर्देश दिए गए हैं,ताकि चितरपुर प्रखंड के घनी आबादी वाले भुचुंगडीह गांव तक पहुंचने से पहले उसे नियंत्रित किया जा सके। उन्होंने कहा, हम आग पर नजर रख रहे हैं। हमारे अधिकारी आग बुझाने का उपाय खोजने के लिए सीसीएल के खनन विशेषज्ञों से सलाह ले रहे हैं।ह्ल भुचुंगडीह गांव के निवासी राजू महतो ने कहा कि अगर आग को तुरंत नहीं बुझाया गया तो ग्रामीणों को अपने घरों से भागना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि गांव में करीब 10,000 लोग रहते हैं। एक अन्य ग्रामीण जीवन महतो ने बताया कि आग अभी गांव से महज 500 मीटर की दूरी पर है। उन्होंने बताया कि कुछ दिन पहले ग्रामीणों ने भूमिगत आग देखी थी और स्थानीय अधिकारियों तथा सीसीएल को इसकी सूचना दी थी। उन्होंने आरोप लगाया,ह्यह्यलेकिन किसी ने इस पर ध्यान नहीं दिया। रजरप्पा क्षेत्र के सीसीएल महाप्रबंधक कल्याणजी प्रसाद ने कहा, हमने प्रारंभिक तौर पर मिट्टी और रेत डालकर आग को कम करने के लिए कदम उठाए हैं। अगर इसे नियंत्रित नहीं किया जा सका तो हम दूसरा तरीका खोजने की कोशिश करेंगे।

# 8300 करोड़ रुपये से ज्यादा के लोन नहीं चुका पाई एमटीएनएल

## शेयर में आ गई गिरावट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एक सरकारी कंपनी 8300 करोड़ रुपये से ज्यादा के लोन नहीं चुका पाई है। यह लोल अलग-अलग बैंकों से लिया हुआ है। इस कंपनी ने शनिवार को यह जानकारी दी थी। अब इसके बाद आज सोमवार को इसके शेयर में गिरावट आ गई। इस कंपनी का नाम महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड है। एमटीएनएल पर कुल कर्ज 33,568 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है।

एमटीएनएल ने शेयर बाजार को बताया कि वो कई बैंकों का कर्ज चुकाने में नाकाम रही है। इन बैंकों में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, बैंक ऑफ इंडिया, पंजाब नेशनल बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, यूको बैंक, पंजाब एंड सिंध बैंक और इंडियन ओवरसीज बैंक शामिल हैं। कंपनी ने एक्सचेंज फाइलिंग में यह जानकारी दी।

## कितना गिरा शेयर?

एमटीएनएल के शेयर में सोमवार को मार्केट खुलने के एक घंटे के भीतर ही दो फीसदी से ज्यादा की गिरावट आ गई। गुरुवार को इसका शेयर 43.85 रुपये पर बंद हुआ था। सोमवार को यह दो फीसदी से ज्यादा की गिरावट के साथ 42.76 रुपये पर खुला। इसके बाद इसमें और गिरावट आ गई। मार्केट खुलने के एक घंटे के भीतर यह शेयर 5.63 फीसदी की गिरावट के साथ 41.38 रुपये पर आ गया था। हालांकि बाद में इसमें कुछ तेजी नजर आई, लेकिन गुरुवार का आंकड़ा पार नहीं हो पाया। यानी यह शेयर सुबह 10:30 बजे तक लाल निशान पर ही कारोबार कर रहा था। सुबह 10:30 बजे यह शेयर 2.23 फीसदी की गिरावट के साथ 42.87 रुपये पर था।




## कितना कर्ज है कंपनी पर?

एमटीएनएल पर कुल 33,568 करोड़ रुपये का कर्ज है। इसमें बैंकों का 8,346 करोड़ रुपये, राज्य सरकार बॉन्ड का 24,071 करोड़ रुपये और स्त्र बॉन्ड के ब्याज के लिए दूरसंचार विभाग को दिए जाने वाले 1,151 करोड़ रुपये शामिल हैं। बार-बार कर्ज न चुका पाने से पता चलता है कि टेलीकॉम कंपनी के पास पैसों की बहुत कमी है। एमटीएनएल ने पहले भी कई बार शेयर बाजार को चिट्ठी लिखकर बताया था कि वो कर्ज नहीं चुका पा रही है। कंपनी ने पहले भी स्टॉक एक्सचेंज को ऐसी जानकारी दी थी। इससे पता चलता है कि कंपनी की हालत ठीक नहीं है।




## टाटा के शेयर को खरीदने की लूट, इसके बावजूद एक्सपर्ट हैं निराश, प्रॉफिट में आई गिरावट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टाटा समूह की कंपनी टाटा एलेक्सी के शेयर लगातार फोकस में हैं। कंपनी के शेयर आज 6 प्रतिशत से अधिक चढ़कर 5208 रुपये के इंट्रा डे हाई पर पहुंच गए थे। इसका पिछला बंद प्राइस 4899.75 रुपये था। शेयरों में यह तेजी निराशाजनक मार्च तिमाही के नतीजों के बाद देखी जा रही है। इधर, ब्रोकरेज हाउसों के एनालिस्ट को अपने टारगेट प्राइस को कम करना पड़ा और अधिक सतर्क रुख अपनाना पड़ा।

**क्या है टारगेट प्राइस:** ग्लोबल ब्रोकरेज फर्म मॉर्गन स्टेनली ने टाटा एलेक्सी पर अपनी अंडरवेट रेटिंग बरकरार रखी है और पहले से मामूली उम्मीदों के बावजूद चौथी तिमाही में विफलता का हवाला देते हुए इसका टारगेट प्राइस घटाकर 4,660 रुपये कर दिया है। ब्रोकरेज ने अपने नोट में लिखा है कि ऑटोमोटिव सेगमेंट में डील में कुछ तेजी देखने को मिल सकती है। कमजोर एग्जिट रेवेन्यू के साथ मॉर्गन स्टेनली ने चेतावनी दी कि आय में गिरावट का चक्र जारी रह सकता है और मौजूदा ऊंचे वैल्यूएशन पर स्टॉक एक अंडरपरफ़ॉर्मर बना रह सकता है। जेपी मॉर्गन ने भी अपनी अंडरवेट रेटिंग दोहराई और अपने टारगेट प्राइस को घटाकर 4400 कर दिया।

**मार्च तिमाही के नतीजे:** टाटा एलेक्सी ने चौथी तिमाही में नेट प्रॉफिट में 12.4 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की है, जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 196.9 करोड़ से घटकर 172.4 करोड़ रह गया। समीक्षाधीन अवधि के लिए परिचालन से राजस्व 0.3 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) बढ़कर 908.3 करोड़ हो गया। ब्याज, कर, मूल्यह्रास और परिशोधन से पहले की आय (ईबिट्डा) चौथी तिमाही में 20.5 प्रतिशत घटकर 207.7 करोड़ रह गई, जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 261.2 करोड़ थी। क्यू4एनऊवाय25 में ईबिट्डा मार्जिन क्यू4एनऊवाय24 के 28.8 प्रतिशत की तुलना में 22.9 प्रतिशत रहा। बेंचमार्क निफ्टी 50 में 1.5 प्रतिशत की बढ़त की तुलना में इस साल शेयर में 24 प्रतिशत की गिरावट आई है। टाटा एलेक्सी का कुल मार्केट कैप 32,169.44 करोड़ है। ब्रोकरेज ने कहा कि टाटा एलेक्सी लगातार तीसरी तिमाही में रेवेन्यू और मार्जिन दोनों के अनुमानों से चूक गई।

## 35 प्रतिशत से ज्यादा चढ़ सकते हैं एचडीएफसी बैंक के शेयर, 17616 करोड़ रुपये का हुआ है मुनाफा




**नई दिल्ली, एजेंसी ।** एचडीएफसी बैंक के शेयर सोमवार को उछलकर 1950 रुपये पर पहुंच गए हैं और बैंक के शेयरों ने 52 हफ्ते का अपना नया हाई बनाया है। कई एनालिस्ट एचडीएफसी बैंक के शेयरों पर बुलिश हैं। एक्सपर्ट्स के मुताबिक, निजी क्षेत्र के इस बैंक के शेयर 35 पर्सेंट से ज्यादा उछल सकते हैं। ब्रोकरेज हाउस बीएनपी पारिबा ने एचडीएफसी बैंक के शेयरों के लिए 2660 रुपये का टारगेट प्राइस दिया है। यानी, मौजूदा लेवल से बैंक के शेयर 35 पर्सेंट से अधिक चढ़ सकते हैं।

**UBS, जेफरीज और नुवामा ने भी दी बाय रेटिंग:** ब्रोकरेज हाउस यूबीएस जेफरीज और नुवामा ने भी एचडीएफसी बैंक के शेयरों को खरीदने की सलाह दी है। इन ब्रोकरेज हाउसेज ने बैंक के शेयरों को बाय रेटिंग दी है। गुरुवार के क्लोजिंग लेवल 1906.55 रुपये से बैंक के शेयरों में 23 पर्सेंट तक का उछाल आ सकता है। यूबीएस, जेफरीज और नुवामा ने एचडीएफसी बैंक के शेयरों के लिए क्रमशः 2250 रुपये, 2340 रुपये और 2190 रुपये का टारगेट प्राइस दिया है। ब्रोकरेज हाउस सीएलएसए और मैक्वेरी ने एचडीएफसी बैंक के शेयरों के लिए आउटपरफॉर्म रेटिंग दी है। सीएलएसए ने बैंक के शेयरों के लिए 2200 रुपये का टारगेट प्राइस दिया है। वहीं, मैक्वेरी ने एचडीएफसी बैंक के शेयरों के लिए 2300 रुपये का टारगेट दिया है। यह बात सीएनबीसी-टीवी 18 की एक रिपोर्ट में कही गई है।

### बैंक को हुआ है 17616 करोड़ का मुनाफा

देश के सबसे बड़े प्राइवेट सेक्टर बैंक, एचडीएफसी बैंक को मार्च 2025 तिमाही में 17,616 करोड़ रुपये का स्टैंडअलोन नेट प्रॉफिट हुआ है। सालाना आधार पर बैंक का मुनाफा 6.7 पर्सेंट बढ़ा है। मार्च 2025 तिमाही में बैंक की नेट इंटरेस्ट इनकम सालाना आधार पर 10 पर्सेंट बढ़ी है। बैंक की नेट इंटरेस्ट इनकम 32,070 करोड़ रुपये रही है। एचडीएफसी बैंक ने वित्त वर्ष 2025 के लिए हर शेयर पर 22 रुपये का डिविडेंड रिकमंड किया है। बैंक ने डिविडेंड की रिकॉर्ड डेट 27 जून 2025 फिक्स की है।

# एक बार निवेश कर हर साल बना सकते हैं 100000 से ज्यादा, पोस्ट ऑफिस की स्कीम में सालाना 7.4 प्रतिशत ब्याज




**नई दिल्ली, एजेंसी।** अगर आप कपल हैं और नियमित कमाई के लिए अच्छी योजना की तलाश में हैं, तो पोस्ट ऑफिस की मंथली इनकम स्कीम के बारे में विचार कर सकते हैं। सालाना 7.4 फीसदी की आकर्षक ब्याज दर वाली इस योजना में एक बार निवेश कर नियमित आय का लाभ उठा सकते हैं। कपल इस योजना में ज्वाइंट अकाउंट खुलवाकर हर साल 1.11 लाख और सिंगल अकाउंट के जरिये 66,660 रुपये की कमाई कर सकते हैं। इसमें अकाउंट खोलने के लिए कम-से-कम 1000 रुपये का निवेश जरूरी है। इसके बाद 1,000 रुपये के गुणक में जमा कर सकते हैं। ज्वाइंट अकाउंट में अधिकतम 15 लाख और सिंगल अकाउंट में 9 लाख रुपये जमा कर सकते हैं।

## ऐसे समझें सालाना कमाई का गणित

ज्वाइंट अकाउंट के तहत अगर आप इस योजना में अधिकतम 15 लाख रुपये का निवेश करते हैं, तो सालाना 7.4 फीसदी की दर से हर महीने आपको 9,250 रुपये का ब्याज मिलेगा। इस तरह, आप सालाना 1.10 लाख रुपये की कमाई कर सकते हैं।

सिंगल अकाउंट के मामले में आप योजना में अधिकतम 9 लाख रुपये का निवेश कर सकते हैं। इस पर सालाना 7.4 फीसदी की दर से हर महीने आपको 5,550 रुपये का ब्याज मिलेगा। इस तरह, आप हर साल 66,660 रुपये की कमाई ब्याज के रूप में कर सकते हैं।

## सुरक्षा की 100 फीसदी गारंटी

पोस्ट ऑफिस की मंथली इनकम स्कीम में आपके पैसों की सुरक्षा की 100 फीसदी गारंटी होती है, क्योंकि यह सरकार समर्थित है। इस लघु बचत योजना में गारंटीड रिटर्न मिलता है।

खास बात है कि ज्वाइंट अकाउंट में हर खाताधारक का निवेश में बराबर हिस्सा होता है। इस योजना की मैच्योरिटी अवधि पांच साल है, लेकिन इसके बाद भी नई ब्याज दर के हिसाब से इसे आगे बढ़ा सकते हैं। पोस्ट ऑफिस की मंथली इनकम स्कीम के तहत अकाउंट एक डाकघर से दूसरे डाकघर में निशुल्क स्थानांतरित किया जा सकता है। हर डाकघर जमा के लिए निवेशक कईअकाउंट खोल सकते हैं। इसमें कोई टीडीएस नहीं लगता है, लेकिन अर्जित ब्याज करयोग्य है।

# गाड़ी पर दो से अधिक चालान तो भरना होगा ज्यादा प्रीमियम, 20 फीसदी तक हो सकती है बढ़त

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नया वित्त वर्ष शुरू हो गया है। लोग सोच रहे हैं कि क्या इस बार उन्हें अधिक मोटर बीमा प्रीमियम का भुगतान करना होगा, यदि उनके पास पिछले वित्त वर्ष के दो से अधिक लंबित, भुगतान न किए गए चालान हैं। हालांकि, वर्तमान प्रस्ताव अभी तक लागू नहीं हुआ है और यह मसौदा चरण में है। पॉलिसी जारी होने के बाद चालान की स्थिति को ट्रैक करना व्यावहारिक और प्रणालीगत चुनौतियों का सामना करना होगा है। ऐसे में सड़क परिवहन मंत्रालय, राज्य यातायात विभाग और बीमा कंपनियों के बीच एक सुरक्षित और निरंतर डाटा को साझा करने वाले तंत्र की जरूरत है। हालांकि, इसे लागू करना आसान नहीं होगा, क्योंकि इसके लिए डिजिटल व्यक्तिगत डाटा संरक्षण अधिनियम के तहत कई गोपनीयता और अनुपालन चिंताओं को सुलझाना होगा।



प्रस्तावित नियम में ऐसा मॉडल है, जहां एक वित्त वर्ष में दो लंबित चालान पर बीमा प्रीमियम में 10 से 20 फीसदी तक की बढ़त हो सकती है। बीमा कंपनियां पॉइंट आधारित प्रणाली अपना सकती हैं, जो प्रीमियम दर निर्धारित करती है। प्रीमियम का मूल्य निर्धारण मुख्य रूप से टेलीमैटिक्स आधारित मूल्य निर्धारण तंत्र के जरिये किया जाएगा। अगर बीमा प्रीमियम में बढ़ोतरी का प्रस्ताव कई लंबित चालानों के कारण होता है, तो प्रीमियम की गणना गलतियों को ठीक करने के बाद समायोजित की जाएगी, लेकिन इसे संभालने का तरीका अभी भी स्पष्ट नहीं है। इसमें गलत शुल्कों का सबूत देना या बीमा प्रीमियम को अंतिम रूप दिए जाने से पहले रिकॉर्ड को सही करने के लिए अधिकारियों को अपील प्रस्तुत करना शामिल हो सकता है।

**राज्यस्तरीय डाटा बेस जुटाना प्रमुख समस्याः** प्राथमिक बाधा राज्यस्तरीय डाटाबेस को एकीकृत करना है। भारत के डाटा संरक्षण अधिनियम के कारण यह और भी चुनौतीपूर्ण बन जाता है। बीमा कंपनियों के लिए इसे लागू करने में सरकारी ई-चालान प्रणालियों तक प्रत्यक्ष और वास्तविक समय में पहुंच चाहिए। इस प्रस्ताव में यह भी है कि तीन महीने के भीतर ट्रैफिक ई-चालान का भुगतान न करने पर ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित कर दिया जाए। यह प्रस्ताव भी अभी तक लागू नहीं हो पाया है।

## रॉकेट बने जस्ट डायल के शेयर, कंपनी को हुआ है 157 करोड़ रुपये से ज्यादा का मुनाफा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लोकल सर्च इंजन कंपनी जस्ट डायल के शेयरों में तूफानी तेजी आई है। कंपनी के शेयर सोमवार को करीब 13 पर्सेंट चढ़कर 1039.85 रुपये पर पहुंच गए हैं। मार्च 2025 तिमाही के जबरदस्त नतीजों के बाद जस्ट डायल के शेयरों में यह तेज उछाल आया है। जनवरी-मार्च 2025 तिमाही में जस्ट डायल का नेट प्रॉफिट सालाना आधार पर 36.2 पर्सेंट बढ़कर 157.6 करोड़ रुपये रहा है। एक साल पहले की समान अवधि में कंपनी को 115.7 करोड़ रुपये का नेट प्रॉफिट हुआ था। जस्ट डायल का रेवेन्यू सालाना आधार पर 7 पर्सेंट बढ़कर 289.2 करोड़ रुपये रहा है। जस्ट डायल को वित्त वर्ष 2025 में 584.2 करोड़ रुपये का प्रॉफिट हुआ है। कंपनी का मुनाफा सालाना आधार पर 61 पर्सेंट बढ़ा है। वित्त वर्ष 2025 में कंपनी का रेवेन्यू 1141.9 करोड़ रुपये रहा है। वित्त वर्ष 24 के मुकाबले कंपनी का रेवेन्यू 61 पर्सेंट बढ़ा है। मार्च 2025 तिमाही में कंपनी प्लेटफॉर्म पर क्वॉर्टरली यूनीक विजिटर्स 191.3 मिलियन पहुंच गए, सालाना आधार पर इसमें 11.8 पर्सेंट की ग्रोथ दर्ज की गई। वहीं, वित्त वर्ष 2025 में टोटल बिजनेस लिस्टिंग्स 48.8 मिलियन रही है।

**कोटक ने कंपनी के शेयरों को खरीदने की दी है सलाह:** घरेलू ब्रोकरेज फर्म कोटक इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज ने अपने रेवेन्यू ग्रोथ और इबिट्डा मार्जिन एस्टिमेट्स को बनाए रखा है। हालांकि, ब्रोकरेज फर्म ने ईपीएस एस्टिमेट्स में 3-5 पर्सेंट की कटौती की है।

## 63 प्रतिशत बढ़ गया यस बैंक का मुनाफा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शेयर बाजार में यस बैंक के शेयर आज सोमवार को कारोबार के दौरान फोकस में हैं। चौथी तिमाही के शानदार नतीजों के बाद यस बैंक के शेयर की कीमत में 7 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। बैंक के शेयर आज 19.37 रुपये के इंट्रा डे हाई पर पहुंच गए थे। इसका पिछला बंद प्राइस 18.09 रुपये है। बता दें कि बैंक ने वीकेंड पर अपने मार्च तिमाही के नतीजे घोषित किए। यस बैंक का नेट प्रॉफिट साल-दर-साल 63.3 प्रतिशत बढ़ गया है।

### यस बैंक के क्यू4 रिजल्ट

यस बैंक की रेगुलेटरी फाइलिंग के अनुसार, 31 मार्च, 2025 को समाप्त चौथी तिमाही के लिए इसका नेट प्रॉफिट 738.1 करोड़ रहा, जो पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही के 451.9 करोड़ से 63.3 प्रतिशत अधिक है। यस बैंक की शुद्ध ब्याज आय या एनआईआई वित्त वर्ष 2024 की इसी तिमाही में 2,153 करोड़ से 5.7 प्रतिशत बढ़कर 2,276.3 करोड़ हो गई। बैंक द्वारा लोन पर अर्जित ब्याज और जमाकर्ताओं को दिए जाने वाले ब्याज के बीच के अंतर को शुद्ध ब्याज आय (एनआईआई) के रूप में जाना जाता है।

### एनालिस्ट की राय

स्टॉक में उछाल के बावजूद लेंडर पर कवरेज रखने वाले अधिकांश विश्लेषकों ने स्टॉक पर बेचने की रेटिंग दी है। स्टॉक को कवर करने वाले 12 एनालिस्ट में से 10 ने बेचने की रेटिंग दी है, जबकि दो अन्य ने होल्ड की सिफारिश की है। सभी 12 एनालिस्ट के टारगेट प्राइस 15 से 17 के बीच हैं। यह शेयर अपने सभी टारगेट प्राइस से ऊपर कारोबार कर रहा है, लेकिन 2025 में अब तक 4 प्रतिशत नीचे है। यस बैंक शेयर की कीमत - क्या आपको इसे खरीदना चाहिए, बेचना चाहिए या होल्ड करना चाहिए लक्ष्मीश्री इन्वेस्टमेंट एंड सिक्योरिटीज के अंशुल जैन का मानना है कि 18.2 से ऊपर लगातार ब्रेकआउट से नई गति मिल सकती है, जिसका तत्काल लक्ष्य 21 हो सकता है। तब तक रेंज ट्रेडर 16-18 बैंड खेल सकते हैं।

## गौतम अडानी, अनिल अग्रवाल, बाबा रामदेव... जयप्रकाश एसोसिएट्स को खरीदने के लिए लाइन में खड़े हैं कई दिग्गज



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कर्ज में डूबी जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड के लिए एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी इंडिया लिमिटेड को बोली को खारिज कर दिया गया है। पिछले साल के अंत में 26 कंपनियों ने इसके लिए बोली लगाई थी।ऋष्ट्ठरुकी बोली रिजेक्ट होने के बाद अब 25 कंपनियों इसे खरीदने की होड़ में रह गई हैं। इनमें अडानी एंटरप्राइजेज, डालमिया भारत, वेदांता, पतंजलि आयुर्वेद और जिंदल पावर शामिल हैं। इसके अलावा जीएमआर ग्रुप, कोटक ऑल्टरनेट एसेट मैनजर्स, ओबेरॉय रियल्टी, टॉरंट पावर, जेपी इन्फ्राटेक और ऑथम इनवेस्टमेंट ने भी इसमें दिलचस्पी दिखाई है।

हिंदू बिजनसलाइन की एक रिपोर्ट के मुताबिक में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड के लिए एसेट,ऋष्ट्ठरु को बोली को खारिज कर दिया गया है। जयप्रकाश एसोसिएट्स देश की सबसे बड़ी कॉरपोरेट इनसॉल्वेंसी प्रॉसीडिंग्स में से एक है। इस कंपनी का बिजनस इन्फ्रास्ट्रक्चर, रियल एस्टेट, हॉस्पिटैलिटी और नॉन-ऑपरेशनल सीमेंट तक फैला है। कंपनी पर भारी कर्ज है और उसके प्रोजेक्ट देरी से चल रहे हैं।

### कंपनी पर कर्ज

कंपनी पर 57,000 करोड़ से अधिक का कर्ज है। अंतरिम समाधान पेशेवर के दाखिल दस्तावेजों से पता चलता है कि जयप्रकाश एसोसिएट्स पर एसबीआई का सबसे ज्यादा 15,000 करोड़ रुपये का बकाया है। आईसीआईसीआई बैंक 9,204 करोड़ रुपये के साथ दूसरे स्थान पर है। कंपनी के आगरा, नोएडा, दिल्ली और मसूरी में होटल, चुर्कट, रेवत, साधवा खुर्द और चुनार में सीमेंट प्लांट तथा नोएडा के करीब यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट एरिया में जमीन है। बैंक उम्मीद कर रहे हैं कि इन्हें बेचकर कुछ बकाया वसूल किया जा सकता है। आईसीआईसीआई बैंक ने 2018 में कंपनी के खिलाफ याचिका दायर की थी।

# अमेरिका-पेरू की 11 दिवसीय यात्रा पर वित्त मंत्री, प्रबंधन फर्मों के सीईए से करेंगी मुलाकात

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण रविवार से अमेरिका और पेरू की 11 दिवसीय यात्रा पर हैं। इस दौरान वह प्रमुख फंड प्रबंधन फर्मों के सीईओ के साथ बातचीत करेंगी और भारतीय प्रवासियों के कार्यक्रम में भाग लेंगी। वित्त मंत्री 20 से 25 अप्रैल तक सान फ्रांसिस्को और वाशिंगटन डीसी का दौरा करेंगी।

सान फ्रांसिस्को की दो दिवसीय यात्रा के दौरान स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय के हूवर इंस्टीट्यूशन में विकसित भारत 2047 की नींव रखने पर एक भाषण देंगी। इसके बाद फायरसाइड चैट सत्र यानी अनौपचारिक वार्तालाप होगा। यहां सीतारमण निवेशकों के साथ एक गोलमेज बैठक के दौरान प्रमुख फंड प्रबंधन फर्मों के शीर्ष सीईओ के साथ बातचीत करेंगी और शीर्ष सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) फर्मों के सीईओ के साथ द्विपक्षीय बैठकें भी करेंगी। सान फ्रांसिस्को के भारतीय प्रवासियों के एक कार्यक्रम में भारतीय समुदाय के साथ बातचीत करेंगी।

**आईएमएफ और विश्व बैंक की बैठकों में करेंगी शिरकतः** इसके बाद 22 से 25 अप्रैल तक वाशिंगटन डीसी की यात्रा में वह अतंरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और विश्व बैंक की विकासशील देशों में लोगों के जीवन में सुधार लाने वाली सेमिनार, गोलमेज सम्मेलन, प्रेस ब्रीफिंग और आधिकारिक बैठकें वाली स्प्रिंग मीटिंग्स, जी-20 वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक गवर्नर (एफएमसीबीजी) की दूसरी बैठक, विकास समिति प्लेनरी, आईएमएफसी प्लेनरी और वैश्विक संप्रभु ऋण गोलमेज (जीएसडीआर) बैठक में भी शिरकत करेंगी। यहां स्प्रिंग मीटिंग्स के दौरान सीतारमण अर्जेंटीना, बहरीन, जर्मनी, फ्रांस, लक्जमबर्ग, सऊदी अरब, यूनाइटेड किंगडम और यूएसए सहित कई देशों के अपने समकक्षों के साथ द्विपक्षीय बैठकें करेंगी। वह यूरोपीय संघ के वित्तीय सेवाओं के आयुक्त, एशियाई विकास बैंक (एडीबी) के अध्यक्ष, एशियाई अवसंरचना निवेश बैंक (एआईआईबी) के अध्यक्ष, वित्तीय स्वास्थ्य के लिए संयुक्त राष्ट्र महासचिव के विशेष अधिवक्ता (यूएनएसजीएसए) और आईएमएफ के प्रथम उप प्रबंध निदेशक के साथ भी बैठकें करेंगी।



## पेरू में खनन क्षेत्र में अधिक सहयोग के अवसरों की करेंगी तलाश

इसके बाद 26 से 30 अप्रैल तक पेरू की अपनी पहली यात्रा के दौरान वित्त मंत्री वित्त मंत्रालय के अधिकारियों और व्यापार जगत के नेताओं के एक भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगी। लीमा से अपनी यात्रा की शुरुआत करते हुए सीतारमण के पेरू के राष्ट्रपति दीना बोलुआर्ट और प्रधानमंत्री गुस्तावो एड्रियनजेन से मिलने की उम्मीद है। इसके अलावा वह पेरू के वित्त और अर्थव्यवस्था, रक्षा, ऊर्जा और खान मंत्रियों के साथ द्विपक्षीय बैठकें भी करेंगी और दोनों देशों के बीच मजबूत होते द्विपक्षीय आर्थिक और व्यापार संबंधों पर बात होगी। वित्त मंत्री भारत-पेरू व्यापार मंच की अध्यक्षता करेंगी। इसमें दोनों देशों के प्रमुख व्यापार प्रतिनिधि शामिल होंगे। सीतारमण पेरू में काम कर रहे भारतीय निवेशकों और व्यवसायियों के साथ भी बातचीत करेंगी। महत्वपूर्ण खनिजों और कीमती धातुओं की वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में पेरू की अहमियत को देखते हुए बातचीत के दौरान खनन क्षेत्र में अधिक सहयोग के अवसरों की खोज करने की भी उम्मीद है। वित्त मंत्री लीमा में एक सामुदायिक कार्यक्रम में पेरू में रह रहे भारतीय प्रवासियों के साथ बातचीत करेंगी।

# प्रचंड गर्मी से घरों में दुबके लोग

## अप्रैल माह में ही 43 डिग्री पहुंचा तापमान




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गढ़वा।** भवनाथपुर प्रखंड में अप्रैल माह में ही गर्मी ने अपना प्रचंड रूप दिखाना शुरू कर दिया है। सोमवार को भवनाथपुर का अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। जिससे न केवल आम जनता, बल्कि स्कूली छात्र-छात्राएं ,मजदूर, व्यवसायी, छोटे वाहन चालक भी बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। भीषण गर्मी के कारण लोग घर से बाहर निकलने से कतराने लगे हैं। वहीं, जरूरी कार्यों से बाहर जाने वाले लोग लू और हीट स्ट्रोक की चपेट में आ रहे हैं। विशेषकर दोपहर के समय सूरज की तपिश असहनीय हो जा रही है। खुले मैदानों और सड़कों पर निकलना जानलेवा साबित हो रहा है।

भवनाथपुर बाजार, पंचायत क्षेत्र और ग्रामीण इलाकों में गर्मी के कारण जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है। लोग सुबह जल्दी या देर शाम ही बाहर निकलने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन छात्रों को विद्यालय समय पर जाना मजबूरी बन गई है। स्कूलों में न तो ठंडे पानी की व्यवस्था है, न ही पंखे और कूलर ठीक से काम कर रहे हैं। इससे बच्चों की तबीयत बिगड़ने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। लेकिन प्रशासनिक स्तर पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

शिक्षकों और अभिभावकों ने प्रशासन से स्कूलों का समय घटाने या गर्मी की छुट्टी जल्द घोषित करने की मांग की है।

दूसरी ओर, भवनाथपुर के कई इलाकों में पेयजल संकट भी गहराता जा रहा है। कई हैंडपंप सूख चुके हैं और सोलर जल मीनार आपूर्ति व्यवस्था ठप पड़ी है। गर्मी में पानी के लिए लोगों को लंबी दूरी तय करनी पड़ रही है। महिलाएं और बच्चे दिन का बड़ा हिस्सा पानी लाने में ही खर्च कर रहे हैं। स्वास्थ्य केंद्र में गर्मी से प्रभावित मरीजों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। खासकर बुजुर्ग, बच्चे और पहले से बीमार लोग ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं।

लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द ठोस कदम उठाए जाएं। स्कूली बच्चों के लिए विशेष राहत, पेयजल की व्यवस्था, सार्वजनिक स्थानों पर शीतल पेय जल और छांव की व्यवस्था आवश्यक है। यदि प्रशासन समय रहते कार्रवाई नहीं करता, तो स्थिति और गंभीर हो सकती है।

## एफआईआर के बाद हड़कम्प की स्थिति

**चतरा।** उपायुक्त ने सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के लिए निर्गत वंशावली, प्रमाण-पत्र, भूमि सत्यापन एवं भूमि नक्शा में छेड़छाड़ मामले में बड़ी कार्रवाई की है। अवैध तरीके से नियोजन एवं मुआवजा लेने वाले 22 लोगों पर टंडवा थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। प्राथमिकी दर्ज होते ही लोगों में हड़कम्प की स्थिति होगयी है। वहीं, इसमें संलिप्त अधिकारी व कर्मियों की जांच के लिए अपर समाहर्ता अरविंद कुमार के नेतृत्व में तीन सदस्यीय जांच टीम गठित की गई है। दरअसल उपायुक्त को सूचना मिली थी कि पिपरवार के सीसीएल में फजीवाड़ा तरीके से कुछ लोग जमीन का नियोजन कराकर मुआवजा ले रहे है। सूचना के आलोक में सिमरिया अनुमंडल पदाधिकारी के नेतृत्व में जांच टीम का गठन किया गया। कमेटी ने टंडवा अंचल कार्यालय में जमीन से संबंधित कई दस्तावेजों की जांच की।ज्ञात हो कि वंशावली सत्यापन से संबंधित संयुक्त जांच प्रतिवेदन में कुछ मामलों में अंचल अधिकारी एवं सीसीएल के कर्मी और पदाधिकारी के साथ साठ-गांठ कर फर्जी वंशावली, फर्जी लगान रसीद, आदि माध्यम से सीसीएल में धोखाधड़ी कर नौकरी प्राप्त करने के मामले सामने आया।

# घोटाले के बाद रेल प्रशासन अलर्ट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** पूर्व मध्य रेलवे के धनबाद रेलवे मंडल में रेलवे टिकट घोटाला पकड़े जाने के बाद से रेल प्रशासन अलर्ट मोड में आ गया है। हर 15 दिनों पर रेलवे मंडल के प्रत्येक स्टेशन से रेलवे टिकट से होने वाले बिक्री की राशि का बैंक खाता के डेटा का मिलान किया जाता है। हर 15 दिनों पर रेलवे के अधिकारी संबंधित रेलवे स्टेशन से संबंधित बैंकों में जाते हैं। जहां वे बैंक खाता में जमा राशि और टिकट बिक्री से प्राप्त राशि का मिलान कर सत्यापन करते हैं।

सीटीआई विकास कुमार बताते हैं कि हर 15 दिनों पर पूरे धनबाद रेल मंडल के सभी स्टेशनों से टिकट बिक्री से होने वाली राशि का बैंक खाता के डेटा का मिलान किया जाता है और उस पर निगरानी रखी जाती है।

### अब 15 दिनों में हो रहा डाटा का मिलान

दरअसल, रेलवे के टिकट बिक्री का पैसा बैंक खातों में जमा होती है। पलामू, गढ़वा समेत पूरे धनबाद रेल मंडल में रेलवे के टिकट बिक्री का रुपया बैंक में जमा करने के लिए अलग-अलग एजेंसी कार्यरत है। एजेंसी के लोग स्टेशन से रकम उठाते हैं और रेलवे के बैंक खाता में जमा करते हैं। जिसका रेलवे के अधिकारी हर 15 दिनों पर संबंधित रेलवे स्टेशन से संबंधित बैंकों में जाते हैं। जहां वे बैंक खाता में जमा राशि और टिकट बिक्री से प्राप्त राशि का मिलान कर सत्यापन करते हैं।

पूर्व मध्य रेलवे के धनबाद रेल डिवीजन में पलामू, गढ़वा और लातेहार में रेल टिकट घोटाला पकड़ा गया था। रेल टिकट घोटाले के पूरे मामले में अलग-अलग एफआईआर दर्ज करवाई गई थी। बैंक में राशि जमा करने के लिए कार्यरत एजेंसी ने रकम जमा करवाने के लिए कुछ लोगों को नौकरी पर रखा था।

नौकरी पर रखे गए लोगों को बाइकर्स कहा जाता है। यही बाइकर्स टिकट के रकम को लेकर भाग गए थे। गढ़वा में 2 करोड़ 16 लाख रुपये, रमना में एक लाख रुपये, गढ़वा टाउन में 46 लाख रुपये, लातेहार के बरवाडीह में 90 लाख रुपये और पलामू के डॉल्टनगंज रेलवे स्टेशन पर 12 लाख रुपये का घोटाला बाइकर्स ने किया है।

बाइकर्स ने घोटाला के लिए फर्जी बैंक वाउचर को भी तैयार किया था, लेकिन साल 2023 में रेलवे का इंटरनल आडिट में यह घोटाला पकड़ा गया था। जिसके आधार पर अलग-अलग एफआईआर दर्ज करवाई गई थी।

# फर्जी निकासी मामले में ईडी ने खोले कई राज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** पेयजल एवं स्वच्छता विभाग में 2.71 करोड़ के फर्जी निकासी मामले की जांच के दौरान ईडी ने अब तक 22 करोड़ 93 लाख 42 हजार 947 रुपये की फर्जी निकासी का मामला पकड़ा है।ईडी ने एडजुकेटिंग अथॉरिटी को सौंपी गई अपनी जांच रिपोर्ट में विभाग के तत्कालीन कैशियर सह अपर डिविजनल क्लर्क संतोष कुमार के बयान का जिक्र किया है, जिसमें उसने बताया है कि कमीशन की राशि विभाग के तत्कालीन मंत्री, तत्कालीन सचिव व अभियंताओं में बंटी थी।

मनीष रंजन पेयजल एवं स्वच्छता विभाग में अक्टूबर 2022 से जनवरी 2024 तक सचिव थे।इसी अवधि में दो करोड़ 71 लाख 62 हजार 833 रुपये की फर्जी निकासी मामले में रांची के सदर थाने में 28 दिसंबर 2023 को प्राथमिकी दर्ज हुई थी। फर्जी निकासी का आरोप पेयजल एवं स्वच्छता विभाग स्वर्णरेखा डिविजन रांची के तत्कालीन कैशियर सह अपर डिविजनल क्लर्क संतोष कुमार पर लगा था।

इसी केस के आधार पर ईडी ने वर्ष 2024 में इंफोर्समेंट केस इंफार्मेशन रिपोर्ट (ईसीआइआर) 2024 दर्ज किया था। संतोष कुमार को झारखंड पुलिस ने नौ अप्रैल 2024 को गिरफ्तार किया था। उक्त प्राथमिकी में यह स्पष्ट हुआ था कि संतोष कुमार व अन्य ने मिलकर लार्सन एंड टुब्रो लिमिटेड के नाम पर फर्जी भुगतान आइडी बनाकर दो करोड़ 71 लाख 62 हजार 833 रुपये की फर्जी निकासी की थी।

संतोष कुमार ने ईडी के सामने स्वीकार किया है कि उसने 16, 18 व 23 मार्च 2020 को 2.71 करोड़ रुपये स्थानांतरित किया था। संतोष कुमार ने 16 मार्च 2020 को एसबीआइ के खाता नंबर 39187229438 में चार बार में क्रमशः 2496700, 2490200, 2428291 व 804134 रुपये, 18 मार्च 2020 को एसबीआइ के खाता नंबर 30242418496 में दो बार में क्रमशः 2922021 व 2820010 रुपये स्थानांतरित किया।

# योजनाओं की संतोषजनक प्रगति नहीं होने पर अधिकारियों से जवाब तलब

### उपायुक्त ने की समीक्षा बैठक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**साहिबगंज।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त (डिप्टी कमिश्नर) हेमंत सती ने सोमवार को मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास (ग्रामीण) तथा 15वें वित्त आयोग से संबंधित योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक की। इसमें सभी प्रखंडों के बीपीओ, ब्लॉक समन्वयक सहित संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

बैठक की शुरूआत उपायुक्त ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लक्ष्यों की समीक्षा से की। उन्होंने प्रखंडवार प्रगति की जानकारी लेते हुए सभी प्रखंडों के प्रदर्शन को असंतोषजनक बताया। इस पर नाराजगी जाहिर करते हुए बीपीओ, ब्लॉक समन्वयक सहित संबंधित अधिकारियों को स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया गया।

उपायुक्त ने कहा कि सभी योजनाओं के कार्यों में तेजी लाते हुए लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित की जाए। मनरेगा से संबंधित समीक्षा के दौरान योजना पूर्णता, एरिया ऑफिसर की सक्रियता, आधार आधारित भुगतान, 100 मानव दिवस पूरा करने वाले परिवार, पोटो हो खेल मैदान, बिरसा हरित ग्राम योजना, अस्वीकृत लेन-देन, अबुआ आवास में निर्गत मास्टर रोल, एवं लोकपाल द्वारा उठाए गए बिंदुओं पर चर्चा की गई।

उपायुक्त ने अद्यतन स्थिति की जानकारी लेकर सभी लंबित कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण करने को कहा। प्रधानमंत्री आवास (ग्रामीण) योजना के तहत पीएमएवाइ जी 2.0 सर्वे, पीएम जन-मन योजना की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की समीक्षा की। साथ ही 2024-25 में स्वीकृत आवासों की प्रथम किस्त एवं अबुआ आवास योजना की प्रगति पर भी चर्चा हुई।

उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि 30 जुलाई 2025 तक वित्तीय वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 के सभी आवासों का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया जाए। 15वें वित्त आयोग की समीक्षा में जीपीडीपी सर्वे, पंचायत समिति व्यय, ग्राम पंचायत व्यय की अद्यतन स्थिति पर चर्चा हुई। उपायुक्त ने निर्देश दिए कि जिन पंचायतों व प्रखंडों द्वारा अब तक राशि व्यय नहीं की गई है, वे नियमानुसार शत प्रतिशत राशि शीघ्र व्यय करना सुनिश्चित करें।

बैठक में डीडीसी सतीश चंद्रा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी चित्रा यादव, डीपीआरओ अनिल कुमार, सीओ समेत सभी संबंधित अधिकारी मौजूद थे। उपायुक्त ने सभी अधिकारियों से अपेक्षा जताई कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाए और आमजन तक योजनाओं का लाभ समयबद्ध तरीके

# कीर्तन से भक्तिमय हुआ माहौल



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दुमका।** सिर्फ वृंदावन व मथुरा में ही नहीं बल्कि झारखंड के गांव-गांव में भी कीर्तन, लीला कीर्तन व धूलोट के संग अन्न महोत्सव मनाने की परंपरा कायम है।

झारखंड में इस परंपरा की शुरूआत पोयला वैशाख के दिन से प्रारंभ होती है जो अगले एक माह तक अनवरत रहती है। यही वजह है इन दिनों झारखंड के बंगभाषी बाहुल्य गांवों में कीर्तन और लीला कीर्तन की गूंज से पूरा माहौल भक्तिमय है। कीर्तन और लीला कीर्तन समापन के पश्चात धूलोट और अन्न-महोत्सव के निर्वहन की परंपरा है। धूलोट का अर्थ है रास्ते की धूल में लोट-पोट होना।

ऐसी परंपरा मथुरा और वृंदावन में विशेष तौर पर देखी जाती है। धूलोट के आयोजन में बंगभाषी कला मंडली के द्वारा देव, देवी-देवता के साथ लीला कीर्तन प्रदर्शन करते हैं। इस दौरान पूरे गांव की महिला, पुरुष व बच्चे कीर्तन में शामिल होकर गाते और झूमते हैं। गली-गली घूमकर कीर्तन, पाला कीर्तन व लीला कीर्तन करते हैं।

# रजरप्पा की कोयले खादान में लगी भीषण आग

- फैल रहा जहरीला धुआं
- क्षेत्र में दहशत का माहौल



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रामगढ़।** झारखंड के रामगढ़ जिले के राजरप्पा इलाके में एक बंद पड़ी कोयला खदान में सोमवार को भीषण आग लग गई। आग से चारों ओर काला जहरीला धुआं फैल गया है, जिससे इलाके में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह जहरीला धुआं आसपास के लगभग 10,000 लोगों की सेहत पर बुरा असर डाल सकता है।

इधर, ग्रामीणों ने प्रशासन और सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड पर आरोप लगाया है कि कुछ दिन पहले जब जमीन के नीचे हल्की आग देखी गई थी, तब इसकी जानकारी दी गई थी, लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया। मामले को लेकर रामगढ़ के उपायुक्त चंदन कुमार ने बताया कि आग बुझाने के लिए टीम को मौके पर भेजा गया है और इसे युद्ध स्तर पर काबू करने की कोशिश की जा रही है, ताकि आग चितरपुर प्रखंड के घनी आबादी वाले भूचुंगडीह गांव तक न पहुंचे। उन्होंने आगे कहा कि हम स्थिति पर नजर रखे हुए हैं और सीसीएल के खनन विशेषज्ञों से सलाह ली जा रही है कि आग को कैसे बुझाया जाए।

वहीं, भूचुंगडीह गांव के निवासी राजू महतो ने कहा कि अगर आग तुरंत नहीं बुझाई गई तो गांववालों को घर छोड़ना पड़ सकता है। उन्होंने बताया कि गांव में करीब 10,000 लोग रहते हैं।एक अन्य ग्रामीण जीवन महतो ने कहा कि आग अब गांव से केवल 500 मीटर की दूरी पर है। उन्होंने बताया कि कुछ दिन पहले ही आग दिखाई दी थी और इसकी सूचना अधिकारियों व सीसीएल को दी गई थी, लेकिन किसी ने कोई कदम नहीं उठाया। राजरप्पा क्षेत्र के उउछ के महाप्रबंधक कल्याणजी प्रसाद ने कहा कि हमने शुरूआती तौर पर आग पर काबू पाने के लिए मिट्टी और बालू से उसे ढंकने का प्रयास किया है। अगर इससे काबू नहीं पाया गया, तो हम दूसरा उपाय करेंगे।

## करोड़ों का व्यापार है कटहल का

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सिमडेगा।** जिले में कटहल का कारोबार 40 करोड़ रुपये से भी अधिक का है। कटहल की खपत स्थानीय स्तर पर तो होती ही है, करीब दो महीने तक प्रतिदिन 20 से 25 टन कटहल का खेप बिहार, यूपी एवं बंगाल भी भेजी जाती है। होली पर्व के साथ-साथ शादी-विवाह के मौके पर भी बिहार व यूपी जैसे राज्यों में कटहल की अधिक मांग होती है।

सिमडेगा का कटहल देखने में आकर्षक तथा स्वाद में बेहद लाजवाब होता है, यही कारण है सिमडेगा के कटहल का कारोबार कई राज्यों तक फैल चुका है।

आपको बता दें कि जिले में जनवरी महीने से ही कटहल बाजार में आने लगता है, लेकिन मार्च एवं अप्रैल महीने में वृहद स्तर पर कटहल की आपूर्ति दूसरे राज्यों में की जाती है। वर्तमान में स्थानीय स्तर पर कारोबारी 25-30 रुपये किलो कटहल किसानों एवं ग्रामीणों से खरीदते हैं, फिर यही कटहल दूसरे प्रांत में जाकर चार गुणा अधिक दाम पर खुदरा में बिकते हैं।

# भाजपा ने निकाला आक्रोश मार्च

## सांसद और विधायक भी रहे शामिल



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमशेदपुर।** वक्फ बोर्ड को लेकर लाए गए नए कानून के बीच देशभर में बयानबाजी और विरोध प्रदर्शन देखने को मिल रहे हैं। झारखंड में भी इसका असर साफ नजर आ रहा है। दरअसल, झारखंड सरकार के मंत्री हफीजुल हसन ने अपने बयान में कहा था कि हमारे दिलों में शरीयत है और हाथ में संविधान। इस बयान को लेकर भाजपा लगातार मंत्री पर निशाना साध रही है। इसी सिलसिले में सोमवार को जमशेदपुर में भाजपा द्वारा आक्रोश मार्च निकाला गया।

मार्च में जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो और जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा दास साहू समेत कई कार्यकर्ता शामिल हुए। मौके पर सांसद विद्युत वरण महतो ने कहा कि मंत्री हफीजुल हसन का बयान उनकी कुंठित मानसिकता को दशार्ता है। एक संवैधानिक देश में इस तरह का बयान शर्मनाक है। उन्हें इसके लिए सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए।

जमशेदपुर पूर्वी से भाजपा विधायक पूर्णिमा दास साहू ने भी मंत्री हफीजुल हसन पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि मंत्री शायद भूल गए हैं कि उन्होंने जिस संविधान की शपथ ली है, उसी का वे अपमान कर रहे हैं। भारत का संविधान सर्वोपरि है और हर नागरिक के लिए समान रूप से महत्वपूर्ण है। मंत्री ने यह बयान देकर यह स्पष्ट कर दिया है कि वे संविधान के प्रति सम्मान नहीं बल्कि सिर्फ दिखावा करते हैं। भाजपा ने चेतावनी दी है कि यदि मंत्री हफीजुल हसन ने माफी नहीं मांगी तो पार्टी राज्यभर में आंदोलन तेज करेगी।

# सहायक आचार्य नियुक्ति मामले की हुई सुनवाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव और जस्टिस राजेश शंकर की खंडपीठ में सहायक आचार्य नियुक्ति नियमावली में संशोधन के खिलाफ दाखिल याचिका पर सोमवार को सुनवाई हुई।

सुनवाई के बाद अदालत ने नियुक्ति में 200 पद सुरक्षित रखने के अंतरिम आदेश को बरकरार रखा। इस संबंध में बहादुर महतो एवं अन्य ने याचिका दाखिल की है।

सुनवाई के दौरान प्रार्थियों की ओर से अदालत को बताया गया कि सहायक आचार्य नियुक्ति की वर्ष 2023 में बनी नियमावली में संविदा पर कार्यरत बीआरपी और सीआरपी को आरक्षण के लाभ से वंचित किया गया है।

जबकि वर्ष 2022 में बनी नियमावली में शिक्षा विभाग में कार्यरत कर्मचारियों को भी 50 प्रतिशत आरक्षण दिया गया था। बाद में सरकार ने संशोधित नियमावली बनाई और शिक्षाकर्मियों के आरक्षण को समाप्त कर दिया।

वर्ष 2023 में जो नियमावली बनायी गई है, उसमें सिर्फ पारा शिक्षकों को ही सहायक आचार्य की नियुक्ति में 50 प्रतिशत आरक्षण का प्रविधान किया गया है।

शिक्षाकर्मियों को भी पारा शिक्षकों की तरह 50 प्रतिशत आरक्षण दिया जाना चाहिए।

जेएसएससी की ओर से अधिवक्ता संजय पिपरवाल एवं प्रिंस कुमार ने अदालत को बताया कि सहायक आचार्य नियुक्ति नियमावली 2022 में संविदा पर शिक्षा विभाग में कार्यरत कर्मियों को 50 प्रतिशत आरक्षण की सुविधा दी गई थी।

बाद में संविदा कर्मियों को आरक्षण समाप्त कर दिया गया और नियमावली को संशोधित किया। राज्य सरकार ने संशोधित सहायक आचार्य नियुक्ति नियमावली 2023 बनाई है, जिसके तहत अब केवल पारा शिक्षकों को ही सहायक आचार्य नियुक्ति में 50 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रविधान है।

# तितलियों का अनोखा बसेरा है दलमा की पहाड़ियां और घने जंगल

***नवबिहार टाइम्स संवाददाता***

***जमशेदपुर।*** *झारखंड में दलमा की पहाड़ियां और घने जंगल प्रकृति का वह अनमोल उपहार हैं, जहां हर पल जीवन का उत्सव मनता है। कोल्हान क्षेत्र का यह अभयारण्य न केवल हाथियों का सुरक्षित ठिकाना है, बल्कि तितलियों के लिए भी स्वर्ग सरीखा है।*

*घने वृक्षों की छांव, रंग-बिरंगे फूलों की महक और खनिजयुक्त मिट्टी तितलियों को अपनी ओर खींचती है। यहां पुटुस, बैर और असंख्य फूलों के पौधे तितलियों के लिए अमृत-कलश की तरह हैं। दलमा के डीएफओ शबा आलम अंसारी कहते हैं, यहां की जैव विविधता और प्राकृतिक संतुलन तितलियों के लिए अनुकूल वातावरण बनाता है।*

*कोल्हान के जंगल, खासकर दलमा और सारंडा, तितलियों के लिए जीवनदायिनी भूमि हैं। पर्यावरणविद राजा घोष कहते हैं, ह्यतितलियां पारिस्थितिकी तंत्र का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। वे परागण में मदद करती हैं, जो फसलों और अन्य पौधों के उत्पादन के लिए आवश्यक है।*

*तितलियां खाद्य श्रृंखला का भी एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। दुर्भाग्य से, बदलते पर्यावरण के कारण तितलियों की कई प्रजातियां विलुप्त होने की कगार पर हैं। इसलिए, इनके संरक्षण के लिए आवश्यक कदम उठाना महत्वपूर्ण है!*

*गाउडी बेरोन तितली अपने भड़कीले रंगों के लिए जानी जाती है। इसके पंखों पर नारंगी और काले रंग का मिश्रण इसे विशिष्ट बनाता है।*

*दक्षिण-पूर्व एशिया में पाई जाने वाली यह प्रजाति दलमा के नम और छायादार जंगलों में पुटुस और अन्य फूलों के रस के चटखारे लेते हुए देखी जा सकती है।*

*येलो पैंसी तितली अपने सुनहरे पंखों से जंगल में सूरज की किरण-सी चमक बिखेरती है। भारत के कई हिस्सों में पाई जाने वाली यह प्रजाति दलमा में फूलों की बहार के बीच अक्सर मंडराती दिखती है। पंखों पर काले धब्बे इसे और आकर्षक बनाते हैं। यह तितली नम मिट्टी से खनिज चट करने में माहिर है।*

*आर्किड टीट तितली का मूल उद्गम हिमालयी क्षेत्रों में माना जाता है। इसके पंखों पर बैंगनी और नीले रंग की आकृतियां प्रकृति की कारीगरी को दशार्ती हैं।*

*यह तितली मुख्य रूप से फूलों के रस और खनिज लवण पर निर्भर रहती है। दलमा के घने जंगलों और फूलों से सजे परिदृश्य इसके लिए आदर्श हैं।*

*दक्षिण भारत और पूर्वी घाटों में पाई जाने वाली यह प्रजाति दलमा के जंगलों में भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराती है। इसके चटख लाल पंखों पर सफेद और काले रंग की बारीक नक्काशी सी होती है। यह तितली फूलों के रस के साथ-साथ पेड़ों की छाल से रस भी चूसती है।*

*पम ज्यूडी अपने छोटे आकार और नाजुक पंखों के लिए जानी जाती है। इसके पंखों पर नीले और हरे रंग की चमक इसे परी-सी सुंदर बनाती है।*

*भारत के पूर्वोत्तर और झारखंड जैसे क्षेत्रों में पाई जाने वाली यह तितली दलमा में छोटे-छोटे फूलों पर मंडराती दिखती है।*

*वाटर स्नो फ्लैट तितली अपने चमकीले सफेद पंखों के लिए मशहूर है, जो पानी की बूंदों-सी चमक बिखेरते हैं। यह प्रजाति नम क्षेत्रों, खासकर नदियों और झरनों के किनारे पाई जाती है। दलमा की नम मिट्टी और जलस्त्रोत इसके लिए आदर्श हैं।*

*प्लेन टाइगर नारंगी और काले पंखों के साथ जंगल में राजसी अंदाज में उड़ती है। यह भारत के लगभग हर हिस्से में पाई जाती है, लेकिन दलमा का शांत और हरा-भरा माहौल इसे खास पसंद है। यह तितली विषैले पौधों का रस पीकर खुद को शिकारियों से बचाती है।*

# निशीकांत दूबे के बयान से बढ़ी राजनीतिक हलचल

## पार्टी ने साधी चुप्पी, विरोधियों ने लिया आड़े हाथों

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** गोड्डा से लोकसभा सांसद निशिकांत दुबे के सुप्रीम कोर्ट पर दिए बयान ने प्रदेश भाजपा को धर्मसंकट में डाल दिया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने निशिकांत के बयान से पार्टी की ओर से किनारा कर लिया।

इसके बाद राज्य में विपक्षी दलों के नेता निशिकांत पर निशाना साधने लगे। भाजपा के नेताओं ने मामले पर चुप्पी साध ली। लेकिन भाजपा कार्यकर्ता सांसद के बयान से उत्साहित दिखे। सोमवार को भी दिनभर सांसद निशिकांत दुबे के बयान को कार्यकर्ता इंटरनेट मीडिया पर शेयर करते रहे।

राष्ट्रवादी विचार से जुड़े अधिवक्ता अभय मिश्रा का कहना है कि सांसद ने जो कहा है उससे कार्यकर्ता उत्साहित हैं। इसके तकनीकी पहलू से अनभिज्ञ भाजपा कार्यकताओं का कहना है कि निशिकांत दुबे ने कोर्ट के गलत निर्णयों पर उनके मन की बात कही है। हालांकि, कांग्रेस नेता और राज्य सरकार में मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, विधायक दल के नेता प्रदीप यादव समेत झामुमो के कई नेता निशिकांत दुबे के बयान को संविधान विरोधी बताते रहे हैं।

पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त एस वाई कुरैशी को इंटरनेट मीडिया एक्स पर घेरते हुए निशिकांत दुबे ने संताल परगना में बांग्लादेशी घुसपैठ का मुद्दा उठाया। उनका यह अंदाज भी भाजपा कार्यकताओं को खूब भाया।

भाजपा से जुड़े बिजनेस अकाउंट्स सलाहकार प्रवीण शर्मा कहते हैं कि हमारी पार्टी का कोई नेता पहली बार इतने दम से सेक्युलर गिरोह को बेनकाब कर रहा है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भले इसे दुबे का निजी विचार बता रहे हैं, लेकिन भाजपा कार्यकर्ता इस विचार को आगे शेयर और फारवर्ड कर आगे बढ़ाने में लगे हैं।

# बीसीसीआई ने केंद्रीय अनुबंध की घोषणा की, अय्यर और ईशान की वापसी, पंत को किया प्रोमोट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) केंद्रीय अनुबंध 2024-25 की घोषणा कर दी है। रोहित शर्मा, विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह और रविंद्र जडेजा ए+ ग्रेड में बने हुए हैं जबकि श्रेयस अय्यर और ईशान किशन की केंद्रीय अनुबंध में वापसी हुई है। अय्यर को ग्रेड बी और ईशान को ग्रेड सी में रखा गया है। विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत को ग्रेड ए में प्रोमोट किया गया है।

## खिलाड़ी अनुबंध के लिए कैसे योग्य होते हैं?

किसी भी खिलाड़ी के बीसीसीआई के केंद्रीय अनुबंध में योग्य होने के लिए एक साल में कम से कम 3 टेस्ट, 8 वनडे या 10 टी20 मैच खेलना जरूरी है। इसके बाद ही खिलाड़ी को केंद्रीय अनुबंध प्राप्त होता है। इसके अलावा बीसीसीआई किसी खिलाड़ी को अनुबंध से बाहर भी रख सकता है।




**ग्रेड ए+**
रोहित शर्मा
विराट कोहली
जसप्रीत बुमराह
रविंद्र जडेजा

**ग्रेड ए**
मोहम्मद सिराज
केएल राहुल
शुभमन गिल
हार्दिक पंड्या
मोहम्मद शमी
ऋषभ पंत

**ग्रेड बी**
सूर्यकुमार यादव
कुलदीप यादव
अक्षर पटेल
यशस्वी जयसवाल
श्रेयस अय्यर

**ग्रेड सी**
रिंकू सिंह
तिलक वर्मा
ऋतुराज गायकवाड़
शिवम दुबे
रवि बिश्नोई
वॉशिंगटन सुंदर
मुकेश कुमार
संजू सैमसन
अर्शदीप सिंह
प्रसीद कृष्ण
रजत पाटीदार
ध्रुव जुरेल
सरफराज खान
नितीश कुमार रेड्डी
इशान किशन
अभिषेक शर्मा
आकाश दीप
वरुण चक्रवर्ती
हर्षित राणा

**वेतन**

ग्रेड ए+ - 7 करोड़ रुपए
ग्रेड ए - 5 करोड़ रुपए
ग्रेड बी - 3 करोड़ रुपए
ग्रेड सी - एक करोड़ रुपए



# आईपीएल 2025 के बाद भी संन्यास नहीं लेंगे धोनी!

### एमआई के खिलाफ हार के बाद दिया बड़ा बयान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मुंबई इंडियंस ने इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के 38वें मैच में चेन्नई सुपर किंग्स को हराकर जीत की हैट्रिक लगाई. इस जीत के साथ मुंबई इंडियंस 8 मैचों में 4 जीत और 4 हार के साथ पॉइंट टेबल में छठे स्थान पर है. जबकि चेन्नई सुपर किंग्स इतने ही मैचों में केवल 2 जीत के साथ टेबल में सबसे नीचे है. चेन्नई के खिलाफ जीत के हीरो मुंबई इंडियंस के सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा थे, जिन्होंने शानदार अर्धशतकीय पारी खेली. उनका बखूबी साथ सूर्यकुमार यादव ने दिया. मैच के चेन्नई के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने कुछ चौंकाने वाली बातें कहीं, जिसे सुनकर सभी लोग चौंक गए.

## अगले सीजन में मजबूती से करेंगे वापसी

मैच के बाद सीएसके के कप्तान ने कहा कि हमारी टीम का प्रदर्शन काफी औसत दर्जे का था. उन्होंने कहा कि मुझे पता था कि मैच के दूसरे हाफ थोड़ा ड्यू आएगा. जसप्रीत बुमराह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ डेथ बॉलर्स में से एक हैं और मुंबई इंडियंस ने अपनी डेथ बॉलिंग जल्दी शुरू कर दी, जिससे हम ज्यादा रन नहीं बना सकें. धोनी ने कहा कि आयुष म्हात्रे ने अच्छी बल्लेबाजी की और अपने शॉट्स का चयन अच्छी तरह से किया. हमें पता था कि पिच पर रन बनाना आसान नहीं होगा. अगर आप शुरुआती ओवरों में ज्यादा रन दे देते हैं तो मुश्किल हो जाती है.

सीएसके के कप्तान ने कहा कि हमें यह समझने की जरूरत है कि हम अच्छी क्रिकेट खेलने के कारण ही सफल होते हैं. हमें बहुत ज्यादा भावुक नहीं होना चाहिए. हमें एक समय में एक मैच पर ध्यान देना होगा और अगर हमें प्लेऑफ में जगह नहीं मिलती है तो अगले सीजन के लिए अपनी रणनीति पर विचार करना होगा. धोनी ने अगले सीजन की बात कहकर यह संकेत दे दिया है कि वह आईपीएल 2026 में खेल सकते हैं.

## धोनी ने अपने बल्लेबाजों को लताड़ा

मैच के बाद धोनी ने कहा कि हमने औसत स्कोर से थोड़े कम रन बनाए. मुंबई ने अपनी डेथ गेंदबाजी जल्दी शुरू कर दी थी. हमें भी जल्द ही स्लॉग शॉट्स खेलने चाहिए थे. उन्होंने स्पिन गेंदबाजी को अच्छे से खेला और हमने कभी भी लड़ने लायक टोटल नहीं बनाया. अगर आप पहले छह ओवर में काफी ज्यादा रन खर्च कर देंगे तो ये मतलब नहीं है कि गेंद अच्छे से बल्ले पर आ रही है. इस हार के साथ सीएसके की प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीद काफी कम हो गई है.

# बेंगलुरु की टॉप चार में वापसी, मुंबई को भी एक स्थान की बढ़त



**नई दिल्ली, एजेंसी।** मुंबई इंडियंस ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए मैच में 9 विकेट से बड़ी जीत दर्ज करते हुए अंक तालिका में छठे स्थान पर आ गई है। वहीं रविवार को पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच में जीत दर्ज कर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने तीसरे स्थान पर जगह बनाई है। आरसीबी ने पंजाब किंग्स के खिलाफ 7 विकेट से जीत दर्ज की थी। मुंबई इंडियंस ने लगातार तीसरी जीत दर्ज करते हुए 8 मैचों में 4 जीत के साथ 8 अंक हासिल किए हैं और टीम छठे स्थान पर आ गई है। वहीं चेन्नई की स्थिति अब और खराब हो गई है जो 8 में से 2 ही मैच जीत पाई है और 4 अंक के साथ प्वाइंट टेबल में सबसे नीचे 10वें स्थान पर है।आरसीबी की बात करें तो रविवार को मैच से पहले टीम पांचवें स्थान पर थी लेकिन उन्होंने वापसी की और पंजाब को हराया। बेंगलुरु के 8 मैचों में 5 जीत के साथ 10 अंक हैं और तीसरे स्थान पर पहुंच गई है। पंजाब और लखनऊ सुपर जाइंट्स के भी 8 मैचों में 5 जीत के साथ 10 अंक हैं लेकिन नेट रन रेट के कारण पंजाब चौथे जबकि लखनऊ पांचवें स्थान पर है। गुजरात टाइटंस और दिल्ली कैपिटल्स के भी 10-10 अंक हैं लेकिन उन्होंने 7 में से पांच मैच जीते हैं। गुजरात नेट रन रेट की वजह से पहले स्थान और दिल्ली दूसरे स्थान पर है। नोटःयह आंकड़े 20 अप्रैल-2025 तक के है।

# आईपीएल लीडिंग रन स्कोरर में रोहित शर्मा दूसरे स्थान पर

### धवन का रिकॉर्ड टूटा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली 8326 रनों के साथ पहले स्थान पर काबिज हैं। लेकिन दूसरे नंबर पर मुंबई इंडियंस के रोहित शर्मा ने बाजी मार ली है। चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ वानखेड़े के मैदान पर खेले गए रोमांचक मुकाबले के दौरान रोहित ने 73 रन बनाकर अपने आईपीएल स्कोर को 6786 रनों पर ला खड़ा किया। इसी के साथ उन्होंने शिखर धवन (6769 रन) को पीछे छोड़ दिया। ऑस्ट्रेलिया के डेविड वार्नर 6565 रनों के साथ चौथे और चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व खिलाड़ी सुरेश रैना 5528 रनों के साथ पांचवें स्थान पर हैं। कोहली की निरंतरता और रन बनाने की क्षमता ने उन्हें आईपीएल इतिहास में सबसे सफल बल्लेबाजों में से एक बनाया है।

## 20 प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड मिले

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में सबसे ज्यादा प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड जीतने वाले खिलाड़ियों की सूची में दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज बल्लेबाज एबी डिविलियर्स 25 अवॉर्ड्स के साथ पहले स्थान पर हैं। उनके बाद वेस्टइंडीज के विस्फोटक बल्लेबाज क्रिस गेल 22 अवॉर्ड्स के साथ दूसरे स्थान पर हैं। अब इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर मुंबई इंडियंस के रोहित शर्मा (20 अवॉर्ड्स) आ गए हैं। रोहित के बाद रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के स्टार विराट कोहली 19 अवॉर्ड्स के साथ चौथे, जबकि ऑस्ट्रेलिया के डेविड वार्नर और चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व कप्तान एमएस धोनी 18-18 अवॉर्ड्स के साथ संयुक्त रूप से पांचवें स्थान पर हैं।

# नेपाल की यह 24 साल की महिला क्रिकेटर अपनी खूबसूरती से बनीं इंटरनेट सेंसेशन



**नई दिल्ली, एजेंसी।** नेपाल महिला क्रिकेट टीम की प्लेयर अश्मिना कर्माचार्य खेल के आलावा अपनी सुंदरता के लिए सोशल मीडिया पर छाई रहती हैं. उन्होंने अपने करियर में 23 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले हैं.2022 में अंतर्राष्ट्रीय डेब्यू करने वाली अश्मिना कर्माचार्य ने नेपाल क्रिकेट टीम के लिए कुल 23 मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 18 विकेट लिए हैं. अश्मिना कर्माचार्य का जन्म 28 अप्रैल, 2000 को हुआ था. वह अगले हफ्ते अपना 25वां जन्मदिन मनाएंगी. इंस्टाग्राम पर भी एक्टिव रहने वाली अश्मिना कर्माचार्य सोशल मीडिया पर छाई रहती हैं. वह क्रिकेट पिक्चर के साथ अपने पारंपरिक पोशाक में भी फोटो शेयर करती रहती हैं.इंस्टाग्राम पर भी एक्टिव रहने वाली अश्मिना कर्माचार्य सोशल मीडिया पर छाई रहती हैं. वह क्रिकेट पिक्चर के साथ अपने पारंपरिक पोशाक में भी फोटो शेयर करती रहती हैं. यूगांडा के खिलाफ 2022 में डेब्यू करने वाली अश्मिना कर्माचार्य ने अपना आखिरी अंतर्राष्ट्रीय मैच 14 फरवरी 2024 को कुवैत महिला टीम के साथ खेला था. वह इंस्टाग्राम पर अपने स्टाइलिश लुक के फोटोज भी शेयर करती हैं, जो फैंस को भी पसंद आती है. फैंस कमेंट के माध्यम से उनकी सुंदरता की तारीफ करते हैं. अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट के आलावा अश्मिना कई टी20 लीग भी खेल चुकी हैं. वह नेपाल में खेली जाने वाली पोर्खा प्रीमियर लीग में बिराटनगर टाइटंस के लिए खेलती थी. अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट के आलावा अश्मिना कई टी20 लीग भी खेल चुकी हैं. वह नेपाल में खेली जाने वाली पोर्खा प्रीमियर लीग में बिराटनगर टाइटंस के लिए खेलती थी.

# बाबुता के बाद रूद्रांक्ष-आर्या की जोड़ी का दिखा जलवा, पेरू शूटिंग विश्व कप में जीता रजत पदक

**लीमा (पेरू), एजेंसी।** रूद्रांक्ष और आर्या की जोड़ी को फाइनल में नार्वे के जोन हरमान हेग और जीनेटे हेग ड्यूस्टैड से 11-17 से हार मिली। रूद्रांक्ष पाटिल और आर्या बोरसे की 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा का रजत पदक जीता जबकि पेरिस ओलंपिक में भाग ले चुके भारतीय निशानेबाज अर्जुन बाबुता यहां आईएसएसएफ विश्व कप में पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में मामूली अंतर से स्वर्ण पदक से चूक गए जिससे उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

## फाइनल में हारे रुद्रांक्ष और आर्या

रूद्रांक्ष और आर्या की जोड़ी को फाइनल में नार्वे के जोन हरमान हेग और जीनेटे हेग ड्यूस्टैड से 11-17 से हार मिली। इससे पहले पिछले साल पेरिस ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहे बाबुता (252.3) रोमांचक फाइनल में मौजूदा ओलंपिक चैंपियन चीन के शेंग लिहाओ (252.4) से सिर्फ 0.1 अंक से हार गए। विश्व कप में 40 से अधिक पदक जीत चुके हंगरी के निशानेबाज इस्तवान पेनी ने 229.8 के कुल स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता।







## तकनीकी खराबी से पाटिल चूके

फाइनल में कई स्टार निशानेबाज पहुंचे थे जिनमें मौजूदा विश्व चैंपियन और पेरिस ओलंपिक के रजत पदक विजेता स्वीडन के विक्टर लिंडग्रेन, नॉर्वे के जॉन-हरमन हेग और भारत के पूर्व विश्व चैंपियन रुद्रांक्ष पाटिल शामिल थे। भारत के पास दो पदक जीतने का मौका था, लेकिन दुर्भाग्य से तकनीकी खराबी के कारण पाटिल को जूरी ने अपना 11वां शॉट नहीं लेने दिया। इस तरह से यह भारतीय निशानेबाज पहले एलिमिनेशन चरण में हारकर आठवें स्थान पर रहा।

## फाइनल में क्या हुआ था

फाइनल में बाबुता और पाटिल दोनों ने समान 10.1 के साथ मजबूत शुरुआत की। पाटिल ने पिछले सप्ताह ब्यूनस आयर्स में विश्व कप में स्वर्ण पदक जीता था, लेकिन इस बार भाग्य उनके साथ नहीं था और उन्हें फाइनल के शुरू बाहर होना पड़ा। पाटिल के बाहर हो जाने के बावजूद बाबुता शांत रहे और उन्होंने 14वें शॉट के बाद पहली बार बढ़त ले ली। शेंग ने इसके बाद अच्छी वापसी की।

# भारतीय महिला हॉकी टीम ऑस्ट्रेलिया रवाना, कप्तान सलीमा टेटे ने कहा- प्रो लीग की तैयारी के लिए अहम दौरा

**बेंगलुरु, एजेंसी।** भारतीय महिला हॉकी टीम रविवार रात बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से पांच मैचों की फ्रेंडली सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया के पर्थ शहर के लिए रवाना हुई। टीम की कप्तान सलीमा टेटे ने कहा कि यह दौरा यूरोप में होने वाली प्रो लीग प्रतियोगिता की तैयारी के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इस दौरे की शुरुआत 26 और 27 अप्रैल को ऑस्ट्रेलिया ए टीम के खिलाफ दो मैचों से होगी। इसके बाद 1, 3 और 4 मई को ऑस्ट्रेलिया की सीनियर टीम (जो दुनिया में पांचवें स्थान पर है) के साथ तीन ज़रूरी मैच खेले जाएंगे। ये सभी मैच पर्थ हॉकी स्टेडियम में होंगे। 26 खिलाड़ियों की टीम का नेतृत्व मिडफिल्डर सलीमा टेटे कर रही हैं और अनुभवी फॉरवर्ड नवनीत कौर उप-कप्तान हैं। यह दौरा जून से शुरू हो रही एफआईएच प्रो लीग 2024-25 के यूरोपीय चरण की तैयारी के लिए काफी अहम माना जा रहा है। रवाना होने से पहले सलीमा ने कहा, मेरे लिए यह गर्व की बात है कि मैं इस दौरे पर टीम की कप्तानी कर रही हूं। हमने बेंगलुरु के राष्ट्रीय कैंप में बहुत मेहनत की है और सभी खिलाड़ी इस चुनौती के लिए उत्साहित हैं। ऑस्ट्रेलिया ए और सीनियर टीम के खिलाफ खेलकर हम अपनी रणनीतियों को परख सकेंगे और एक बेहतर टीम बन पाएंगे। यह दौरा प्रो लीग से पहले हमारी तैयारी को मजबूत करेगा। उप-कप्तान नवनीत कौर ने कहा, टीम में आत्मविश्वास और एकजुटता है। हमने हाल ही में प्रो लीग में अच्छा प्रदर्शन किया और इससे हमें काफी हौसला मिला है। यह दौरा हमें खासकर फिनिशिंग और खेल में बदलाव के पहलुओं पर सुधार करने का मौका देगा। इससे हम अपने साल भर के बड़े लक्ष्यों की ओर आगे बढ़ पाएंगे। भारतीय टीम हाल ही में भुवनेश्वर में खेली गई एफआईएच प्रो लीग में विश्व की नंबर 1 टीम नीदरलैंड को 2-2 से बराबरी पर रोक चुकी है और पेनल्टी शूटआउट में एक बोनस अंक भी हासिल किया था। टीम इसी फॉर्म को बरकरार रखना चाहेगी। इस दौरे पर कई युवा खिलाड़ियों को पहली बार सीनियर टीम में जगह मिली है।

संक्षिप्त समाचार

## इलेक्ट्रिक स्कूटर चार्ज करने के दौरान लगी आग, गंभीर रूप से झुलसा शख्स



**नईदिल्ली, एजेंसी।** दक्षिण दिल्ली के आया नगर इलाके में एक घर के पार्किंग क्षेत्र में इलेक्ट्रिक स्कूटर चार्ज करने के दौरान आग लग गई। इस घटना में 39 साल का एक शख्स गंभीर रूप से झुलस गया। दमकल विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि उनको शनिवार को आग लगने की सूचना मिली थी। इसके बाद आग बुझाने के लिए दो दमकल गाड़ियों को आया नगर के एच-ब्लॉक भेजा गया। अधिकारी ने बताया कि इस हादसे में घायल व्यक्ति की पहचान वीरेंद्र तिवारी के रूप में हुई है। आग में घिरने के कारण वीरेंद्र लगभग 50 फीसदी तक झुलस गए। उनको तुरंत इलाज के लिए सफदरजंग अस्पताल ले जाया गया। आग में दो स्कूटर भी जल गए। पुलिस को संदेह है कि आग घर के ग्राउंड फ्लोर पर पार्किंग में इलेक्ट्रिक स्कूटर चार्जिंग के कारण लगी। पुलिस ने बताया कि घटना के समय मकान मालिक अवधेश पांडे और उनके दोस्त वीरेंद्र तिवारी ग्राउंड फ्लोर के कमरे में बैठे थे। जब आग लगी तब अवधेश पांडे किसी तरह ऊपर पहली मंजिल पर भाग गए, लेकिन वीरेंद्र तिवारी धुएं के कारण फंस गए। वह ऊपरी मंजिल तक नहीं पहुंच पाए। एक पुलिस अधिकारी ने आखिरकार वह मेन गेट खोलकर घर से बाहर निकलने में कामयाब रहे, लेकिन इस प्रक्रिया में वे गंभीर रूप से झुलस गए। घर के अन्य लोग पड़ोसी इमारत की छत से भागने में कामयाब रहे। स्थानीय लोगों की मदद से वीरेंद्र तिवारी को अस्पताल पहुंचाया गया। उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है, लेकिन खतरे से बाहर है। पुलिस आग लगने के सही कारण का पता लगाने के लिए जांच कर रही है।

## नोएडा के अस्पताल में रेडियोलॉजी सहायक की मौत के मामले में मुकदमा दर्ज

**नोएडा, एजेंसी।** नोएडा के सेक्टर-62 स्थित एक निजी अस्पताल के शौचालय में रेडियोलॉजी सहायक की संदिग्ध परिस्थितियों मौत के मामले में परिजनों की शिकायत पर थाना सेक्टर-58 पुलिस ने मुकदम दर्ज किया है। पुलिस ने इस मामले में अस्पताल के कर्मचारी सिद्धार्थ और महेंद्र शर्मा को नामजद किया है। जल्द ही दोनों से पूछताछ की जाएगी। थाना सेक्टर 58 के प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार ने बताया कि मृतक संजीव के पिता भगवान दास ने अपनी शिकायत में कहा है कि फोर्टिस अस्पताल के कार्डियोलॉजी एक्सरे विभाग में काम करने वाला उनका बेटा गत 13 अप्रैल को रोज की तरफ रात आठ बजे ड्यूटी करने अस्पताल पहुंचा था, लेकिन अगले दिन सुबह वह घर नहीं आया। शिकायत के अनुसार सुबह करीब दस बजकर 19 मिनट पर अस्पताल से फोन आया और बताया गया कि संजीव की मौत हो चुकी है। कुमार के अनुसार भगवान दास ने आरोप लगाया कि संजीव को अस्पताल के कुछ सीनियर कर्मी जाति सूचक शब्दों से संबोधित करते थे जिससे वह काफी परेशान था।

## नोएडा में पार्टी के दौरान दो समूहों के बीच मारपीट, कम से कम 80 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**नोएडा , एजेंसी।** नोएडा के नॉलेज पार्क थाना क्षेत्र में स्थित एक 'फार्म हाउस' में रविवार रात आयोजित एक पार्टी के दौरान मारपीट और गोलीबारी करने के आरोप में कम से कम 80 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। नॉलेज पार्क के थाना प्रभारी विपिन कुमार ने बताया कि पुलिस सेक्टर 151 स्थित फॉर्म हाउस में आयोजित पार्टी के दौरान दो पक्षों के बीच मारपीट की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची लेकिन पुलिस को देखकर ये लोग मौके से फरार हो गए।

# दिल्ली एयरपोर्ट पर 68 प्रतिशत फ्लाइट लेट, 4 माह पहले जारी की गई चेतावनी को किया अनदेखा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय (आईजीआई) एयरपोर्ट पर रविवार को भी उड़ानें बाधित रहीं। इस दौरान लगभग 68 प्रतिशत अराइवल और डिपार्चर में देरी हुई। दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड ने बताया कि एयरलाइंस ने चार महीने पहले जारी की गई व्यवधानों की चेतावनियों पर ध्यान नहीं दिया और अपने फ्लाइट शेड्यूल को एडजस्ट करने में लापरवाही बरती।

अधिकारियों ने इस अव्यवस्था को खराब योजना और महीनों से चल रही गलतफहमी का परिणाम बताया, जिसमें बिजी समर ट्रैवल सीजन के दौरान एयरपोर्ट के चार रनवे में से एक को अपग्रेड करने के लिए बंद कर दिया गया, हवा की दिशा में अचानक बदलाव के साथ सहित ऐसे कई कारण हैं जिसने क्षमता को कम कर दिया और यात्रियों को परेशानी में डाल दिया।

डायल ने कहा कि एयरलाइंस को चार महीने पहले योजनाबद्ध रनवे अपग्रेड और हवा की संभावित अड़चन के बारे में सूचित कर दिया गया था, लेकिन उन्होंने न्यूनतम या कोई बदलाव नहीं किया। डायल ने 'एक्स' पर एक बयान में कहा, आवश्यक इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम (आईएलएस) अपग्रेडेशन के लिए 8 अप्रैल से रनवे 10/28 को बंद करने की योजना सभी संबंधित हितधारकों संग विचार-विमर्श से और 4 महीने पहले हवा के पैटर्न के आधार पर पहले से ही बनाई गई थी... एयरलाइंस और एटीसी (एयर ट्रैफिक कंट्रोल) सहित सभी हितधारकों के बीच इस बात पर सहमति बनी थी कि आगमन के लिए अस्थायी क्षमता बाधा बनेगी। बयान में आगे कहा गया, ऐसे समय में एयरलाइंस को यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा के लिए कम समय में उड़ानों को रीशेड्यूल या रद्द करना पड़ता है.... हालांकि, इसमें बहुत कम या कोई बदलाव नहीं किया गया। दुर्भाग्यवश, इस लिमिटेड ऐक्शन या नॉन ऐक्शन के चलते दिल्ली एयरपोर्ट और एटीसी सहित सभी हितधारकों के लिए महत्वपूर्ण परिचालन चुनौतियां उत्पन्न हो गईं और अंततः यात्रियों पर इसका काफी प्रभाव पड़ा।

डायल ने कहा कि एयरपोर्ट ने हितधारकों के साथ कॉर्डिनेशन करके अपग्रेड कार्य को अस्थायी रूप से स्थगित करने का निर्णय लिया है।

उसने कहा, रनवे 10/28 को मई के पहले सप्ताह में फिर से चालू किया जाएगा, जबकि बाकी अपग्रेड कार्य को एक या दो महीने के लिए स्थगित कर दिया जाएगा। फ्लाइट ट्रैकिंग सेवा फ्लाइटराडार24 के अनुसार, रविवार को हजारों यात्री प्रभावित हुए, क्योंकि रात 11:30 बजे तक 501 डिपार्चर और 384 अराइवल में देरी हुई। यह एयरपोर्ट द्वारा हर दिन संभाली जाने वाली 1300 से अधिक उड़ानों का 68 प्रतिशत से थोड़ा अधिक है।




# पानी के बकाया बिल पर माफ हो सकता है जुर्माना

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्लीवालों के लिए अच्छी खबर है। सरकार पानी के बकाया बिलों में लगने वाले लेट पेमेंट सरचार्ज के साथ उस पर लगने वाले जुर्माने से 100 फीसदी तक राहत दे सकती है। सूत्रों के मुताबिक, सरकार ने फिलहाल एलपीएससी (लेट पेमेंट सरचार्ज) को लेकर जल बोर्ड से जानकारी मांगी है। ऐसे कितने उपभोक्ता हैं जिन्होंने लंबे समय से पानी का बिल जमा नहीं किया है।

बता दें कि, दिल्ली में वर्तमान में 28 लाख 99 हजार 615 पानी के कनेक्शन हैं। इसमें घरेलू और व्यावसायिक, दोनों तरह के कनेक्शन शामिल हैं। इसमें 18.54 लाख उपभोक्ता ऐसे हैं जो 20 हजार लीटर प्रतिमाह निशुल्क जल योजना का लाभ ले रहे हैं। मतलब उनका पानी का बिल शून्य आता है। बाकी बचे करीब 11 लाख उपभोक्ताओं में से 4.22 लाख ने, बीते एक साल से एक बार भी पानी का बिल नहीं भरा है। इस कारण उस पर लगने वाले लेट पेमेंट सरचार्ज की वजह से उनका बिल लाखों में पहुंच गया है।

सूत्रों के अनुसार, पानी के बकाया बिल पर सरकार लेट पेमेंट सरचार्ज और जुर्माने की राशि पर 100 फीसदी तक छूट देने की योजना पर विचार कर रही है। इससे लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। इसके अलावा संपत्ति श्रेणी ए से लेकर एच के बीच, उसके मूल बिल पर भी किसी-किसी श्रेणी में 50 फीसदी तक की राहत दे सकती है।

**इसलिए बढ़ गई संख्या:** बड़ी संख्या में पानी के बिल जमा नहीं होने का कारण पिछली सरकार में वन टाइम सेटलमेंट योजना को बताया जा रहा है। पिछली सरकार ने लोगों को आश्वासन दिया था कि वह वन टाइम सेटलमेंट योजना लाकर पानी के बिलों को माफ कर देगी। सरकार ने खुद मान लिया था कि पानी के गलत बिल भेजे जा रहे हैं। इसके बाद बिल जमा नहीं करने वालों की संख्या बढ़ती चली गई।

## मुझे फंसाया जा रहा; पुलिस गिरफ्त में आते ही खुद को निर्दोष बताने लगी लेडी डॉन जिकरा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के सीलमपुर में कुणाल की हत्या के बाद से अब तक 9 लोग गिरफ्तार किए जा चुके हैं। इसमें सबसे बड़ा नाम लेडी डॉन के नाम से मशहूर जिकरा का है। कुणाल हत्याकांड में 2 नाबालिग लड़कों का भी नाम है। आज लेडी डॉन ने कैमरे के सामने खुद को निर्दोष बताया है। उसने पुलिस गिरफ्त के बीच कहा कि उसे बेवजह फंसाया जा रहा है। जिकरा ने कहा कि उसने कुणाल की हत्या नहीं की है।

आज सीलमपुर हत्याकांड की मुख्य आरोपी लेडी डॉन जिकरा को पुलिस की निगरानी के बीच ले जाया जा रहा था। इस दौरान मीडिया वालों ने उसे घेर लिया। उनमें से एक ने पूछा कि तुमने कुणाल को क्यों मारा? मुंह को कपड़े से ढंके जिकरा ने कहा कि मैंने कुणाल को नहीं मारा। मुझे बेवजह फंसाया जा रहा है। इतना बोलने के बाद महिला कॉन्सटेबल ने उसे गाड़ी के अंदर बिठा दिया। इस दौरान भी वह यही दोहराती रही कि उसने कुणाल की हत्या नहीं की है और उसे फंसाया जा रहा है। दिल्ली पुलिस ने अब तक उत्तरपूर्वी दिल्ली के सीलमपुर इलाके में 17 वर्षीय लड़के की चाकू मारकर हत्या करने के मामले में दो किशोरों सहित आठ लोगों को पकड़ा है।आठों आरोपियों को शनिवार को गिरफ्तार किया गया। उनमें से छह की पहचान साहिल (18), सोहैब (35),नफीस (32),अनीश (19),जाहिदा (42) और विकास (29) के रूप में हुई है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि 18 अप्रैल को, जिकरा (19),जो जेल में बंद गैंगस्टर हाशिम बाबा की पत्नी के लिए बाउंसर का काम करती थी। न्यू सीलमपुर का रहने वाला कुणाल 17 अप्रैल की शाम को जे-ब्लॉक,झुग्गी सीलमपुर में चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी। उसके परिवार के सदस्य उसे जेपीसी अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कुणाल की मां का रो-रोकर बुरा हाल है।

# ट्रांस हिंडन: सरेआम नियम ताक पर, जीटी रोड पर वीडियो बना रहे युवकों का हुड़दंग

**नईदिल्ली, एजेंसी।** जीटी रोड पर युवकों द्वारा चलती कारों में वीडियो बनाते हुए हुड़दंग करने का मामला सामने आया है। शनिवार देर रात वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस छानबीन कर रही है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर 18 सेकेंड का वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें तीन से चार कार में बैठे युवक खिड़की से बाहर निकलकर अपने मोबाइल से वीडियो बनाते दिख रहे हैं। इससे यातायात भी बाधित हुआ और वाहन चालकों के साथ युवक अपनी जान को भी खतरे में डाल रहे थे। वीडियो जीटी रोड पर अर्थला स्थित एक फार्म हाउस के पास शनिवार देर रात का बताया जा रहा है।

कारों से युवक फार्म हाउस में आयोजित शादी समारोह में पहुंचे थे। वीडियो वायरल होते यूपी पुलिस ने संज्ञान लिया और गाजियाबाद ट्रैफिक पुलिस को जांच के निर्देश दिए। पुलिस की जांच में सिर्फ एक कार की पहचान हो पाई। यह कार सबसे पीछे चल रही थी, जिस पर दिल्ली का नंबर है। इसके आधार पर कार का छह हजार रुपये का चालान किया गया है।

दिल्ली सहारनपुर रोड पर एक स्कूटी पर बैठे तीन युवकों का स्टंट करने का वीडियो सोशल मीडिया एक्स पर वायरल हुआ है। युवक स्टंट के दौरान अपने साथ-साथ दूसरे राहगीरों की जान जोखिम में डाल रहे हैं। वीडियो मे स्कूटी चालक बिना हेलमेट लापरवाही से रोड पर स्कूटी चलाता हुआ दिखाई दे रहा है। स्कूटी पर बैठे दो अन्य साथियों ने भी हेलमेट नहीं पहना है। लोगों ने पुलिस से मामले की शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। सड़क पर यातायात को बाधित करते हुए लोगों की जान खतरे डालने के मामलों में पहले भी कार्रवाई हुई है, लेकिन स्टंट करने वाले बाज नहीं आ रहे। जिले में मुख्य रूप से एनएच-नौ और एलिवेटेड रोड पर इस तरह के वीडियो सामने आते रहते हैं। पूर्व में विजयनगर में मजिस्ट्रेट लिखी कार पर इसी तरह खिड़की से बाहर निकलकर स्टंट करने का वीडियो वायरल हुआ था। पुलिस ने कार का 25 हजार रुपये का चालान करते हुए दो आरोपियों को भी गिरफ्तार किया था। बीते दिनों एलिवेटेड रोड से बरात गुजरते समय पांच कारों को रोककर वीडियो बनाने का मामला सामने आया था, जिसमें पुलिस ने पांचों कार सीज कर दी थीं। इसके बावजूद शनिवार रात यह एक और वीडियो वायरल हो गया। इस मामले में पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अभियान चलाकर ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।



# पाकिस्तान में हिंदू मंत्री खील दास पर हमला

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान में धार्मिक अल्पसंख्यकों की सुरक्षा का मुद्दा एक बार फिर सुर्खियों में है। सिंध प्रांत में एक हिंदू राज्य मंत्री पर हुए हमले ने इस मुद्दे को और भी गंभीर बना दिया है. ये हमला ऐसे समय में हुआ है जब पहले से ही पाकिस्तान में हिंदुओं की सुरक्षा को लेकर चिंताएं जताई जा रही हैं.

शनिवार को सिंध प्रांत में धार्मिक मामलों के राज्य मंत्री हिंदू मंत्री खील दास कोहिस्तानी के काफिले पर प्रदर्शनकारियों ने हमला कर दिया. प्रदर्शनकारी नहरों की योजना के खिलाफ रैली निकाल रहे थे. पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज के सांसद कोहिस्तानी थट्टा जिले से गुजर रहे थे, तभी प्रदर्शनकारियों ने उनके काफिले पर टमाटर और आलू फेंके और पाकिस्तान सरकार के खिलाफ नारे लगाए. हालांकि, अधिकारियों ने कहा कि हमले में कोहिस्तानी को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है.



इस घटना के बाद प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कोहिस्तानी को फोन किया और उन्हें घटना की गहन जांच का आश्वासन दिया. रेडियो पाकिस्तान के अनुसार, प्रधानमंत्री ने कहा, जन प्रतिनिधियों पर हमला अस्वीकार्य है, घटना में शामिल लोगों को कड़ी सजा दी जाएगी.

**पाक नेताओं ने की निंदा-**सांसद हिंदू मंत्री खील दास कोहिस्तानी पर हुए हमले की पाकिस्तान के कई नेताओं ने निंदा की है. सूचना मंत्री अत्ता तरार ने सिंध के पुलिस महानिरीक्षक गुलाम नबी मेमन से घटना का ब्योरा और संघीय आंतरिक सचिव से रिपोर्ट मांगी है. सिंध के मुख्यमंत्री सैयद मुराद अली शाह ने भी इस कृत्य की कड़े शब्दों में निंदा की है. उन्होंने कहा कि किसी को कानून अपने हाथ में लेने का अधिकार नहीं है. उन्होंने हैदराबाद इलाके के पुलिस उप महानिरीक्षक को हमले में शामिल लोगों को तुरंत गिरफ्तार करने और एक रिपोर्ट देने के निर्देश दिया है.

### कौन हैं खील दास कोहिस्तानी?

नेशनल असेंबली की वेबसाइट के अनुसार, कोहिस्तानी सिंध के जमशोरो जिले से हैं और 2018 में पीएमएल-एन से पहली बार संसद के सदस्य बने थे. पांच साल का कार्यकाल पूरा करने के बाद, उन्हें 2024 में फिर से चुना गया और उन्हें राज्य मंत्री बनने का मौका मिला.

## जेलेंस्की का रूस को बड़ा प्रस्ताव: 30 दिन हमले बंद करो, जरा नागरिकों को सांस लेने दो



**कीव, एजेंसी।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने रूस से अपील की है कि वह आम नागरिकों और उनके बुनियादी ढांचे पर होने वाले हवाई हमले 30 दिनों के लिए पूरी तरह रोक दे। यह प्रस्ताव उन्होंने ईस्टर के मौके पर घोषित सीमित युद्धविराम के संदर्भ में रखा, जिसमें रूसी सेना ने ज़मीन पर हमला जारी रखा लेकिन हवाई हमलों से दूरी बनाए रखी। जेलेंस्की ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा ,आज एक भी एयरस्ट्राइक की चेतावनी नहीं थी। इसका मतलब है कि यह ऐसा युद्धविराम प्रारूप है जिसे लागू किया जा सकता है। हम रूस को प्रस्ताव देते हैं कि कम से कम 30 दिनों तक आम नागरिकों पर किसी भी लंबी दूरी के मिसाइल या ड्रोन हमले न किए जाएं। उन्होंने कहा कि ईस्टर के दिन ही रूसी सेना ने 2,000 बार संघर्षविराम का उल्लंघन किया, 67 जमीनी हमले किए, 1,355 बार गोलाबारी की और 673 बार ड्रोन इस्तेमाल किए लेकिन हवाई हमला नहीं हुआ।वहीं, रूसी विदेश मंत्रालय ने दावा किया कि कीव ने ईस्टर युद्धविराम के दौरान 900 क्वाडकॉप्टर और 48 बड़े ड्रोन लॉन्च किए। यूक्रेनी सैनिकों ने रूसी ठिकानों पर 444 बार मोर्टार और हथियारों से हमले किए। रूस ने राष्ट्रपति पुतिन के निर्देश पर 30 घंटे का ईस्टर युद्धविराम घोषित किया था, जो कि 2022 में युद्ध शुरू होने के बाद दूसरा ऐसा प्रयास था। पहला युद्धविराम जनवरी 2023 में ऑर्थोडॉक्स क्रिसमस पर किया गया था, लेकिन वह भी असफल रहा। अगर रूस इस 30 दिन के शांति प्रस्ताव को ठुकराता है, तो यह साफ संकेत होगा कि वह युद्ध जारी रखने और निर्दोष लोगों की जान जोखिम में डालने की मंशा रखता है।

# मोम की तरह पिघल जाएगा इंसान! ड्रैगन का ये नया बम फूटते ही मचाएगा तबाही

**बीजिंग एजेंसी।** चीन ने हाल ही में एक नया और खतरनाक हाइड्रोजन बम का सफलतापूर्वक परीक्षण किया है, जो किसी भी बड़े इलाके में व्यापक तबाही मचाने की क्षमता रखता है। खास बात यह है कि इस बम में किसी भी प्रकार की परमाणु सामग्री का उपयोग नहीं किया गया है। चीनी शोधकर्ताओं ने इसे एक नई तकनीक के साथ विकसित किया है, जो इससे उत्पन्न होने वाली अत्यधिक गर्मी और शक्ति को नियंत्रित करके लक्षित क्षेत्रों को पूरी तरह से नष्ट कर सकती है।

इस बम का वजन केवल 2 किलोग्राम (4.4 पाउंड) है, लेकिन परीक्षण के दौरान इसने 1,000 डिग्री सेल्सियस (1,832 डिग्री फारेनहाइट) से अधिक तापमान का आग का गोला पैदा किया। यह विस्फोट 15 गुना ज्यादा ताकतवर था, जितना कि सामान्य टीएनटी विस्फोटों का होता है। इस बम को चीनी स्टेट शिपबिल्डिंग कॉरपोरेशन (इस्ट्) के 705 रिसर्च इंस्टीट्यूट ने विकसित किया है, जो अंडरवाटर वेपन सिस्टम में माहिर है।

हाइड्रोजन गैस और आग का घातक कॉम्बिनेशन

इस हाइड्रोजन बम की खासियत यह है कि इसमें मैग्नीशियम हाइड्राइड नामक एक विशेष सामग्री का उपयोग किया गया है। यह सामग्री जब सक्रिय होती है, तो यह तेज़ी से थर्मल अपघटन से गुजरती है, जिससे हाइड्रोजन गैस निकलती है और वह आग में बदल जाती है। इसकी लपटें तेजी से बाहर फैलती हैं, जिससे विस्फोट क्षेत्र में अत्यधिक गर्मी और विनाशकारी प्रभाव उत्पन्न होता है। वैज्ञानिकों के अनुसार, इस बम की लपटों की तीव्रता इतनी अधिक होती है कि यह बड़े इलाकों को बहुत जल्दी नष्ट कर सकती है।

इस बम की विशेषता यह है कि इसकी उत्पन्न होने वाली गर्मी इतनी ज्यादा होती है कि यह एल्युमिनियम जैसी सामग्री को भी पिघला सकती है। यह सामान्य टीएनटी विस्फोटों से कहीं ज्यादा खतरनाक है, क्योंकि टीएनटी विस्फोट महज़ 0.12 सेकेंड तक रहता है, जबकि यह हाइड्रोजन बम 2 सेकेंड तक आग का गोला बनाए रखता है, जिससे लंबी अवधि तक थर्मल डैमेज हो सकता है।



वैज्ञानिकों का कहना है कि इस बम का इस्तेमाल बड़े क्षेत्रों में गर्मी उत्पन्न करने, या फिर विशेष टारगेट्स को पूरी तरह से नष्ट करने के लिए किया जा सकता है। हालांकि, अभी यह स्पष्ट नहीं हुआ है कि चीन की सेना इसे किन परिस्थितियों में तैनात कर सकती है और इसका इस्तेमाल कैसे किया जाएगा।

# झारखंड विस की पर्यावरण एवं प्रदूषण नियंत्रण समिति की बैठक

## पदाधिकारियों को दिया आवश्यक दिशा-निर्देश, दस्तावेज उपलब्ध कराने को कहा





**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अपने दो दिवसीय दौरे पर बोकारो पहुंची झारखंड विधानसभा की पर्यावरण एवं प्रदूषण नियंत्रण समिति ने सोमवार को परिसदन में जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक की अध्यक्षता समिति के सभापति उदय शंकर सिंह ने की। बैठक में समिति के सदस्य जिगा सुसारण होरो, संजीव सरदार, रोशल लाल चौधरी, श्वेता सिंह उपस्थित थी। मौके पर जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी रजनीश कुमार, डीपीएलआर निदेशक मेनका, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, अपर नगर आयुक्त संजीव कुमार समेत जिला स्तरीय सभी पदाधिकारीगण आदि उपस्थित थे। समिति के सभापति उदय शंकर सिंह ने क्रमवार खनन विभाग, प्रदूषण बोर्ड, वन प्रमंडल, पथ निर्माण विभाग, बीएसएल समेत अन्य विभागों एवं विभिन्न उद्योग प्रतिनिधियों पर्यावरण संरक्षण व प्रदूषण नियंत्रण के दिशा में किए गए कार्यों के संबंध में जानकारी ली। समिति ने समीक्षा क्रम में खनन विभाग से जिले में उपलब्ध बालू घाटों की जानकारी ली। जिसमें कितने बालू का अब तक खनन हुआ है, प्रतिदिन कितने वाहनों से बालू का उठाव होता है, टीम द्वारा कितनी बार औचक निरीक्षण घाटों का किया गया है और क्या कार्रवाई की गई है, कि विस्तृत जानकारी समिति को उपलब्ध कराने को कहा। झारखंड प्रदूषण बोर्ड के धनबाद इकाई द्वारा जिले में प्रदूषण नियंत्रण को लेकर की गई कार्रवाई की समिति ने समीक्षा की। क्षेत्रीय पदाधिकारी (आरओ) से साइडिंग क्षेत्रों का निरीक्षण से संबंधित प्रतिवेदन उपलब्ध कराने को कहा। इस क्रम में क्षेत्रीय पदाधिकारी द्वारा किए गए कार्यों एवं निगरानी व्यवस्था पर समिति ने असंतोष जताया। समिति सदस्यों ने आरओ स्तर से विभिन्न तरह के वायु प्रदूषण रोकने को लेकर की गई कार्रवाई एवं कार्रवाई के लिए मुख्यालय स्तर से पत्राचार का विस्तृत ब्योरा मांगा।

वहीं, ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा सड़क निर्माण के दौरान काटे गए पौधों के बदले पौधरोपण की स्थिति की जानकारी ली गई। समिति ने जिले में संचालित विभिन्न सड़क निर्माण के दौरान प्राप्त अनुमति के विरूद्ध पौधरोपण की स्थिति से संबंधित प्रतिवेदन जमा करने को कहा। समीक्षा क्रम में बीएसएल प्रबंधन द्वारा सेक्टर 11 अंतर्गत खुले में कूड़ें के निस्तारण मुद्दे पर भी चर्चा हुई। नगर सेवा विभाग एवं प्रदूषण बोर्ड द्वारा इस पर अपनी झ अपनी बात कहीं गई। समिति ने बीएसएल प्रबंधन से इस संबंध में बोर्ड एवं जिला प्रशासन के साथ किए गए पत्राचार एवं प्रदूषण बोर्ड द्वार बीएसएल के विरूद्ध की गई कार्रवाई से संबंधित पत्राचार की कापी उपलब्ध कराने को कहा। इसके अलावा कई अन्य बिंदुओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक के दौरान डीसीएलआर प्रभाष दत्ता, बियाडा सचिव मनोज कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, आपूर्ति पदाधिकारी शालिनी खालखो, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डा. सुमन गुप्ता, जिला पशुपालन पदाधिकारी डा. मनोज कुमार मणि, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता राम प्रवेश राम, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी श्री शक्ति कुमार, नोडल पदाधिकारी मनरेगा पंकज दूबे समेत सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी व अन्य उपस्थित थे। इससे पूर्व, जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी रजनीश कुमार, डीपीएलआर निदेशक मेनका एवं अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी ने झारखंड विधानसभा की पर्यावरण एवं प्रदूषण नियंत्रण समिति के सभापति एवं सदस्यों को गुलदस्ता देकर स्वागत किया। उधर, समिति ने रेलवे साइडिंग बोकारो एवं बियाडा क्षेत्र के विभिन्न औद्योगिक प्रतिष्ठानों आदि का भी औचक निरीक्षण किया। प्रदूषण नियंत्रण को लेकर औद्योगिक प्रतिष्ठानों में कि गई व्यवस्थाओं, सरकारी नियमों के अनुपालन की स्थिति का जायजा लिया।

## सदर प्रखंड के पिथरा गांव में नवीन विद्यालय का शुभारंभ

**सिमडेगा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** श्रीहरि वनवासी विकास समिति द्वारा रविवार को सदर प्रखंड के पिथरा गांव में नवीन विद्यालय का शुभारंभ किया गया। जयराम प्रपन्नाचार्य सरस्वती शिशु मंदिर अंवरागुडी के नाम से एक नवीन विद्यालय का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि के रुप में समाजसेवी अमरनाथ बामलिया, श्रीहरि वनवासी विकास समिति झारखण्ड के प्रांत शिक्षा प्रमुख सुभाष चंद्र दुबे, गुमला विभाग के विभाग संगठन मंत्री खेदु नायक, समाजसेवी पुरुषोत्तम अग्रवाल, संतोष दास के द्वारा दीप जलाकर किया गया। उद्घाटन समारोह के कार्यक्रम का विषय प्रवेश संकुल प्रमुख संतोष दास ने किया। कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन गणपत बड़ाईक ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सलडेगा के आचार्य-आचार्या और भैया बहनों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## संक्षिप्त समाचार

### पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन को लेकर उपायुक्त ने की बैठक



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय के सभागार में टासरा ओपन कास्ट प्रोजेक्ट के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन को लेकर बैठक आयोजित की गई। जिसमें पूर्व में आर एंड आर पॉलिसी के तहत लिए गए निर्णय को किस हद तक और कैसे कार्यान्वित किया जा रहा है, पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। साथ ही भविष्य में आने वाली चुनौतियां एवं विस्थापित होने वाले लोगों को बेहतर सुविधा तथा आवश्यकता अनुसार रोजगार देने की चर्चा की गई। इसके अलावा समाज में समानता और आर्थिक मजबूती बनाए रखने के लिए नन टाइटल होल्डर को पुनर्व्यवस्थापित करने पर चर्चा की गई। बैठक में उपायुक्त ने सेल के प्रतिनिधि को बैठक में उठाए गए मुद्दों को अगली बैठक से पहले, सभी विकल्पों पर कंपनी की सहमति से एक अच्छा पैकेज बनाने का निर्देश दिया। वहीं विधायक सिंदरी ने स्थानीय लोगों को तकनीकी रूप से प्रशिक्षित कर रोजगार मुहैया कराने का अनुरोध किया। साथ ही उनको दिए जाने वाले आवास के संबंध में अपने सुझाव दिए। बैठक में सेल के महाप्रबंधक ने विस्थापित होने वाले परिवारों के लिए कई बिल्डिंग प्लान तथा विस्थापन पैकेज के संबंध में पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन से प्रस्तुति दी। बैठक में उपायुक्त माधवी मिश्रा, माननीय विधायक सिंदरी चंद्रदेव महतो, नगर आयुक्त रविराज शर्मा, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी राम नारायण खलको, स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड के महाप्रबंधक शिबाराम बनर्जी, महाप्रबंधक टासरा एस.के. कुरील, वार्ड 53 की निवर्तमान पार्षद चंपा देवी के अलावा अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

### टुण्डी में अनाबद्ध निधि से 58 लाख रुपए की योजना का विधायक द्वारा शिलान्यास

**टुण्डी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** टुण्डी विधायक मथुरा प्रसाद महतो एवं जिला परिषद सदस्या मीना हेंब्रम की गरिमामयी उपस्थिति में आज शाम करीब चार बजे कार्यकारी एजेंसी जिला परिषद धनबाद द्वारा जिला योजना अनाबद्ध निधि से करीब 58 लाख रुपए की लागत वाली योजना फतेहपुर पंचायत के नवाटांड़ गांव निवासी चेतलाल राम के घर से राजु मियां के घर



तक सड़क निर्माण कार्य का नारियल फोड़कर विधिवत शिलान्यास किया गया । चिरप्रतीक्षित इस सड़क के शिलान्यास होते ही गांव में काफी उत्साह देखीं गई यह सड़क की स्थिति दिन ब दिन लचर होता जा रहा था इस मार्ग से प्रतिदिन करीब सैकड़ों वाहनों का आवाजाही लगा रहता है। आज इस पथ कार्य की शिलान्यास होने से ग्रामीणों में खुशी है और जनप्रतिनिधियों को इस पुनीत कार्य के लिए लोगों ने आभार प्रकट किया है। मौके पर टुण्डी के सम्मानित विधायक मथुरा प्रसाद महतो जिला परिषद सदस्या मीना हेंब्रम, विधायक के निजी सचिव बसंत महतो, फतेहपुर मुखिया दुबई मुर्मू, झामुमो नेता फुलचंद किस्कू,मदन महतो,अजीमुद्दीन अंसारी इस्लाम अनवर, मनोज महतो रामलाल मुर्मू, मुखिया प्रतिनिधि दिनेश मुर्मू, समाजसेवी चेतलाल राम,समसुदीन अंसारी, संवेदक शंकर भगत, अनिल राम,नीरज भगत समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### पूर्वी टुंडी कांग्रेस का शिष्टमंडल नये थाना प्रभारी से मिला अवैध कारोबारियों पर अंकुश लगाने की रखीं गई मांग

**टुण्डी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पूर्वी टुंडी प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष योगेश प्रसाद रजक के नेतृत्व में आज रविवार को शिष्टमंडल पूर्वी टुंडी थाना प्रभारी रवि कुमार से गुलदस्ता भेंट कर शिष्टाचार मुलाकात किया और कुशल क्षेम जाना। तथा पूर्वी टुंडी से अवैध कारोबारियों पर अंकुश लगाने की मांग रखीं साथ ही थाना में आएं फरियादियों की बात पर विशेष ध्यान देने की बात कही। आगे प्रखंड अध्यक्ष ने कुछ जमीन विवाद को सुलझाने का आग्रह



थाना प्रभारी से किया ताकि लोगों को उनके असली हक आसानी से उपलब्ध हो और लोग रोजगार से जुड़ सकें। मौके पर पूर्वी टुंडी प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष योगेश प्रसाद रजक, सचिव मुलीराम दां, अल्पसंख्यक मोर्चा नेता सिद्धिक अंसारी, समेत कई अन्य लोग उपस्थित थे।

### बैंक ऑफ इंडिया मनाने जा रहा हैं पांच दिवसीय समझौता संकल्प

**हजारीबाग/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बैंक ऑफ इंडिया पांच दिवसीय समझौता संकल्प मनाने जा रहा हैं। बैंक ऑफ इंडिया हजारीबाग अंचल के अंतर्गत हजारीबाग, कोडरमा, रामगढ़ एवं चतरा के सभी शाखाओं में 21 अप्रैल सोमवार से 25 अप्रैल शुक्रवार को समझौता दिवस का आयोजन कर रहा है। समझौता दिवस विशेष रूप से उन एनपीए उधारकर्ताओं के लिए आयोजित किया गया है जो उधारकर्ता व्यवसाय/चिकित्सा स्थिति में परेशानी या किसी अन्य वास्तविक कारण के कारण समय पर अपना ऋण नहीं चुका सके। हमारे बैंक के पास छोटे मूल्य के खातों और मध्यम आकार के खातों के निपटान के लिए विशेष ओटीएस योजनाएं हैं, जिसके माध्यम से एनपीए उधारकर्ताओं को विशेष और अच्छी छूट की सुविधा है।

# स्कूल आधारित बाल अधिकार प्रशिक्षण का आयोजन




**कसमार/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** कसमार प्रखंड के +2 उच्च विद्यालय हरनाद एवं उच्च विद्यालय टांगटोना में सहयोगिनी संस्था द्वारा बाल हिंसा संबंधी कानून पर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया । साथ ही सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से जुड़ाव तथा अभिवंचित वर्ग की किशोरी तथा महिलाओं के बीच जेंडर जागरूकता एवं हिंसा की रोकथाम को लेकर चर्चा किया गया।

सहयोगिनी के समन्वयक प्रकाश कुमार महतो ने बताया कि सहयोगिनी द्वारा कसमार प्रखंड के दुगार्पुर, बगदा, खैराचातर, एवं टांगटोना पंचायत के 19 गांव में किशोरी एवं युवा महिला समूह बनाकर नेतृत्व क्षमता विकसित करने सहित सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के साथ जोड़कर उनके जीवन में बदलाव लाया जा रहा है । जेंडर, घरेलू हिंसा, कूपोषण , स्वास्थ,बाल विवाह एवं बाल संरक्षण को लेकर समूह में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान उन्होंने कहा कि स्कूलों में सुरक्षित और जागरूक माहौल बनाना तथा हर बच्चे को गरिमा के साथ जीवन जीने एवं आगे बढ़ने का अधिकार है। शिक्षक मो इरशाद ने कहा कि संविधान में वर्णित मौलिक अधिकारों के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि सभी लोग सम्मान पूर्वक जीवन जीने का अधिकार है । सभी को रोजगार करने, व्यवसाय चुनने का अधिकार है। बच्चों को हमेशा अपने अधिकारों के साथ साथ कर्तव्यों के प्रति समर्पित रहना चाहिए।

संस्था की एनिमेटर रेखा देवी ने बताया कि टांगटोना पंचायत में किशोरी समूह एवं युवा महिला समूह के साथ मिलकर काम कर रहे है।जिसमे किशोरियों के जीवन कौशल , नेतृत्व क्षमता को विकसित किया जा रहा है। रेखा देवी ने कहा कि किशोरिया आज अपने हक अधिकार को लेकर आवाज उठा रही है। समूह के माध्यम से किशोरियों को नेतृत्व क्षमता को बढ़ाया जा रहा है। विभिन्न प्रकार की हिंसाओं के खिलाफ लड़ने के लिए एकजुट किया जा रहा है। टांगटोना स्कूल के प्रधानाध्यापक सदानंद वर्मा ने कहा कि किशोरावस्था में बच्चों को बच्चों का शारीरिक एवं मानसिक शिक्षा बहुत जरूरी है बच्चों के विकास के लिए इस तरह की गतिविधियां बहुत ही जरूरी है बाल विवाह होने से बच्चों का शारीरिक एवं मानसिक सेहत को नुकसान पहुंचता है। बाल विवाह से बच्चे, खासकर लड़कियां गर्भावस्था और प्रसव से जुड़ी जटिलताओं का शिकार हो जाती है। जो उनके लिए जानलेवा भी हो सकती है। बाल विवाह के कारण विशेषकर लड़कियों को स्कूल छोड़ना पड़ता है, जिससे वे शिक्षा एवं कौशल विकास के अवसरों से वंचित रह जाती है। कार्यक्रम के दौरान शिक्षक सुबोध, विनोद, अरुण विजय एक्का, मो इरशाद अख्तर, राजीव कुमार, विभिन्युदु चैल, ममता कुमारी, बिंदु कुमारी, मनिता कुमारी, कल्पना कुमारी, उर्मिला कुमारी, आदि मौजूद रही।

# साहित्यलोक की मासिक रचना गोष्ठी आयोजित

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चर्चित साहित्यिक संस्था साहित्यलोक की मासिक रचना गोष्ठी रविवार की शाम वरिष्ठ साहित्यकार विजय शंकर मल्लिक सुधापति के सेक्टर 8 स्थित आवास पर हुई। साहित्य के अध्येता व रंगकर्मी शंभु झा की अध्यक्षता व साहित्यलोक के संयोजक अमन कुमार झा के संचालन में आयोजित इस रचना गोष्ठी की शुरूआत कवि व गायक अरुण पाठक ने अपनी रचना सरस्वती वंदना हे मां सरस्वती बुद्धि विद्या दायिनी, हम पर कृपा बरसाओ मां.. की सुमधुर प्रस्तुति से की। कवयित्री नीलम झा ने मैथिली कविता ई धरा केर शान मिथिला थिक हमर पहचान मिथिला.. सुनाने के बाद हिन्दी कविता खुद को देखो व वक्त कुछ ठहर, अमन कुमार झा ने मैथिली कथा मोल-भाओ के बाद मैथिली कविता इस्स व पुरखाक धरोहर, शैलजा झा ने मैथिली कविता श्री गणेश, परिवार डेबब व हिंदी कविता शेष ही अवशेष है, वरिष्ठ साहित्यकार विजय शंकर मल्लिक ने मैथिली कथा सोमन कुमार सीओ, हिंदी कविता मानो या न मानो व हे नाथ मैथिली में ओम महाभारत महाकाव्य के रचयिता प्रसिद्ध साहित्यकार बुद्धि नाथ झा ने मैथिली कविता हम ताप सभटा घोंटि रहलहुं व कश्मीर से धारा 370 हटने पर भल भेल सुनाकर सबकी प्रशंसा पायी। अध्यक्षीय वक्तव्य में शंभु झा ने कहा कि बोकारो के साहित्यिक परिवेश को जीवंत बनाये रखने में साहित्यलोक की भूमिका प्रशंसनीय रही है। यहां नवोदित रचनाकारों को भी जो आदर व सम्मान मिलता है वह अन्य संस्थाओं के लिए भी अनुकरणीय है। पठित रचनाओं पर समीक्षा टिप्पणी देने की परंपरा भी काबिले-तारीफ है।



# ईसाइयों के धर्मगुरु पोप फ्रांसिस की मौत से रांची में शोक की लहर

**रांची/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** दुनिया भर के ईसाइयों के धर्मगुरु पोप फ्रांसिस का आज भारतीय समयानुसार दिन के 11:05 पर रोम अवस्थित अपने आवास पर 88 वर्ष की आयु में देहांत हो गया। वह काफी समय से गुर्दे की बीमारी से जूझ रहे थे और अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था ,मगर कुछ दिन पूर्व ही अस्पताल से उन्हें छुट्टी दी गई थी। और वे कल ही ईस्टर का संदेश देने के लिए लोगों के बीच उपस्थित भी हुए थे। उनके निधन पर राजधानी रांची समेत राज्यभर के ईसाई धर्मावलंबीयों के बीच शोक की लहर है। रांची धर्म प्रांत के आर्च बिशप विंसेंट आईंद और डाल्टनगंज के विशप थयोडोर मस्करेनस ने संत पापा पोप फ्रांसिस के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा है कि वे हम सबों के आध्यात्मिक पिता , मार्गदर्शक और भले चरवाहे थे। रोम अवस्थित वेटिकन रेडियो के पूर्व निदेशक और पोप फ्रांसिस के साथ लंबे समय तक काम करने वाले सत्य भारती रांची के निदेशक फादर जस्टिन कहते हैं कि पोप फ्रांसिस ना सिर्फ वेटिकन के आवाज थे बल्कि वे पूरे मानवता के आवाज थे ।और उनका जाना मानव जाति के लिए अपूरणीय क्षति है। रांची जेसुईट प्रोविंशियल फादर अजीत खेस भी पोप फ्रांसिस के चले जाने को मानव जाति के लिए एक अपूरणीय क्षति कहते हैं वे विश्व शांति के प्रवर्तक थे।

# बीएसएल इंटर-डिपार्टमेंटल क्रिकेट चैम्पियनशिप 2025 का शुभारंभ







**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बीएसएल इंटर-डिपार्टमेंटल क्रिकेट चैम्पियनशिप 2025 का शुभारंभ 21 अप्रैल 2025 को बीएसएल के क्रिकेट स्टेडियम में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक (सीईडी) श्री शालिग्राम सिंह ने प्रतियोगिता का औपचारिक उद्घाटन किया। इस अवसर पर महाप्रबंधक (टीए) श्री ए. के. अविनाश, महाप्रबंधक (एल एंड ए) श्री सी. आर. के. सुधांशु, उप महाप्रबंधक (एल एंड ए) श्री आलोक कुमार सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार की खेल प्रतियोगिताएं न केवल कर्मचारियों के बीच टीम भावना और आपसी सहयोग को सुदृढ़ करती हैं, बल्कि कार्यस्थल पर स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को भी प्रोत्साहित करती हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया और उन्हें शुभकामनाएं दीं। आज के उद्घाटन मैच में जेजीओएम और एसआरयू के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला, जिसमें एसआरयू ने 2 विकेट से शानदार जीत दर्ज की, वहीं दूसरे मुकाबले में आयरन जोन 1 की टीम ने आरईडी को एकतरफा मुकाबले में 10 विकेट से पराजित कर अपने शानदार प्रदर्शन का परिचय दिया। गौरतलब है कि इस प्रतियोगिता में कुल 16 विभागीय टीमें प्रतिभाग कर रही हैं, जिन्हें दो समूहों में विभाजित किया गया है और इसका समापन 26 मई 2025 को होगा।

# पोप के निधन पर खूंटी के फादर ने भी जताया शोक

**खूंटी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रोमन कैथोलिक चर्च के दुनिया के सबसे सर्वोच्च धार्मिक नेतृत्वकर्ता अर्थात पोप फ्रांसिस का रोम के स्थानीय समय सुबह 7.35 बजे 21 अप्रैल को निधन हो गया। पोप फ्रांसिस के निधन से न केवल कैथोलिक समुदाय बल्कि सभी चर्च समुदाय को अपूरणीय क्षति पहुंची है। 88 वर्ष की आयु में उनके निधन पर दुनिया के 1.4 अरब कैथोलिक शोकाकुल हैं।

पोप फ्रांसिस ने जाति धर्म के बंधन से ऊपर उठकर धार्मिक और सामाजिक दायित्वों का निर्वहन किया। साथ ही पोप ने अपने कार्यकाल में कैथोलिक चर्च में कई महत्वपूर्ण कार्य किए। उन्होंने चर्च में सुधार को बढ़ावा दिया। इसके तहत वेटिकन में प्रशासनिक सुधार और भ्रष्टाचार से निपटने की पहल शामिल है। साथ ही गरीब और हाशिए में रह रहे लोगों की सेवा पर जोर दिया। इसके तहत गरीब, प्रवासी, शरणार्थी और अन्य दबे कुचले लोगों की सेवा पर जोर दिया। इन समूहों के प्रति चर्च की प्रतिबद्धता को सशक्त किया। खूंटी डायोसिस के विकर जनरल फादर विशु बी आईंद ने कहा कि पोप फ्रांसिस का इस दुनिया से चले जाना अपूरणीय क्षति है चूंकि पोप फ्रांसिस धर्म और संप्रदाय से ऊपर उठकर पूरी मानव जाति को एकसमान देखते थे। सबको सम्मान के साथ जीवन जीने के अधिकार को उन्होंने बढ़ावा दिया। पोप फ्रांसिस अपने पद की गरिमा अर्थात प्रोटोकॉल से बाहर निकलकर मामूली सुरक्षा गार्ड पुलिस को भी चाय बनाकर देने में संकोच नहीं करते थे। कैथोलिक समुदाय के सर्वोच्च पद पर रहते हुए भी उन्होंने न केवल मानव जीवन को बचाने की बात कही बल्कि पृथ्वी को भी बचाने के लिए वैश्विक स्तर पर पर्यावरण संरक्षण पर बल दिया। कमजोर, दलित, पीड़ित और मुख्यधारा से बाहर जीवन यापन करने वालों के लिए सामाजिक स्तर पर कार्य करने पर जोर दिया। सभी धर्मों को समान भाव से आदर देना और गरीबों, शोषितों, वंचितों के हक के लिए कार्य करने की उनकी प्राथमिकता रही है। उनकी मृत्यु से न केवल चर्च बल्कि अन्य धर्म संप्रदाय के लोग भी शोकाकुल हैं। पोप ने परिवार में प्रेम को बढ़ावा दिया साथ ही विवाह के बाद टूटते परिवार और रिश्तों को जोड़ने के लिए जरूरी नैतिक मूल्यों पर आधारित जीवन जीने को समर्थन किया।

## अल्प मानदेय कर्मियों की लड़ाई लड़ेगा झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झारखण्ड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा महिला धनबाद जिला अध्यक्ष डिंपल चौबे ने सरकार से मांग की है कि अल्प मानदेय में काम कर रहे कर्मचारी नर्क से भी बदतर जीवन जीने को विवश है। चाहे पारा शिक्षक हो, आंगनबाड़ी सेविका, पोषण सखी, संविदा में कार्यरत कर्मी, अनुबंध कर्मचारी इस महंगाई में घर खर्च अपनी दवाई बेटी की विदाई अल्प मानदेय में संभव नहीं हो सकता या तो गठबंधन की सरकार इन्हें समान काम का सामान वेतन उपलब्ध कराए अन्यथा यथा शीघ्र इन्हें आयुष्मान और आवास योजना से जोड़ा जाए। विगत बीस बाईस वर्षों से ये अपनी सेवा अल्प मानदेय में झारखंड को दे रहे है।सरकार को इन कर्मियों के प्रति उचित ओर ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है।

# धनबाद केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न




**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनबाद केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन धनबाद का शपथ ग्रहण समारोह धनबाद क्लब में संपन्न हुई ।जिसमें मुख्य अतिथि झारखंड केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के महासचिव सुभाष चंद्र मंडल उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। तत्पश्चात सभी कार्यकारिणी और 15 जोन हेड और को हेड एवं सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को मुख्य अतिथि सुभाष चंद्र मंडल द्वारा शपथ ग्रहण करवाया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि बाजारों में दवा पर 20से 25%तक की छूट मिलने वाली दवाओं पर संदेह होता है। ऑनलाइन फामेसी की दवाओं पर मिलने वाली छूट दवाओं की गुणवत्ता पर संदेह होता है। जिसे ग्राहकों को समझना होगा अध्यक्ष ललित अग्रवाल ने जिले के सभी दवा व्यापारियों से अपील की है कि जो भी दुकान डिस्काउंट का बोर्ड और डिस्काउंट दे रहे है उसे अविलंब समाप्त करे क्योंकि ये फामेसी अधिनियम 1948 के प्रावधानों के तहत बनाए गए फामेसी प्रैक्टिस रेगुलेशन 2015 के अध्याय 7 और 8 के अनुसार यह कृत्य अनैतिक और अवैध है। धनबाद जिला में 15 जोन बनाए गए है। जिसमें गोमो, बाघमारा, कतरास, केंदुआ,भूली, बैंक मोड़ ,हीरापुर, गोविंदपुर,निरसा, चिरकुंडा, झरिया, पाथरडीह, सिंदरी, खड़खड़ी, बलियापुर। कोषाध्यक्ष विकास अग्रवाल बताया कि मेंबरशिप अभियान चलाया जा रहा हैं। जिसमें संगठन द्वारा सदस्यों को एक आई कार्ड और एक सर्टिफिकेट दिया जाएगा।जिले के सदस्यों के लिए लगभग 15 हॉस्पिटल एवं जांच घर से एम ओ यू किया गया है। जिसमें सदस्यों और उनके परिवार को विशेष सुविधा दी जाएगी। छः संगठन प्रभारी बनाए गए जिसमें कंपनी अफेयर प्रकाश गोयल,रिटेल और व्होलसेल को ऑर्डिनेशन प्रभारी सुनील पोद्दार ऑफिस बिल्डिंग प्रभारी देवेन तिवारी, लीगल प्रभारी अनंत कृष्णा, मीडिया प्रभारी चंद्रशेखर गुप्ता, ड्रग डिपार्टमेंट प्रभारी राजेश सिंह बनाए गए। संरक्षक सुरेंद्र ठक्कर, लव कामरा, संतोष जालान, रमेश डोकानिया, अरुण बंसल, प्रताप मल्लिक, उपाध्यक्ष देवेन तिवारी ,सचिव धीरज दास, कोषाध्यक्ष विकास अग्रवाल, संगठन सचिव नीलेंद्र सिंह, संजय श्रीवास्तव,संयुक्त सचिव आदित्य अग्रवाल, एडिशनल संयुक्त सचिव इसके अलावा एक दर्जन से ज्यादा कार्यकारणी सदस्य बनाए गए हैं।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145665 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com